हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com | धनबाद, गुरुवार 24 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 119, मूल्य : 3 रूपए | धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### अगस्त के आखिर में होगा उपराष्ट्रपति चुनाव, निर्वाचन आयोग ने शुरू की तैयारियां

नई दिल्ली(ईएमएस)। देश को नया उपराष्ट्रपति अगस्त महीने के आखिर तक मिल सकता है। चुनाव का शेड्यूल अगले 72 घंटे में जारी हो सकता है। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जब सारी तैयारियां पूरी हो जाएंगी, फिर चुनाव की आधिकारिक घोषणा करेंगे। चुनाव आयोग को संविधान के आर्टिकल 324 के तहत उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। अगले ही दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। चुनाव आयोग ने 3 मुख्य तैयारियां शुरू कर दी है। इलेक्टोरल कॉलेज (मतदाता समूह) की तैयारी, जिसमें राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति। पिछले सभी उपराष्ट्रपति चुनावों पर पृष्ठभूमि सामग्री तैयार करना और उसे साझा करना।

### जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई गवई

नई दिल्ली(ईएमएस)। जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं। दरअसल, 19 जुलाई जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ संवैधानिक मुद्दे हैं। कृपया जल्द से जल्द बेंच गठित करें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करेंगे। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने 21 जुलाई को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए।

### आज से झारखंड में तेज बारिश के आसार, 19 जिलों के लिए अलर्ट जारी

रांची : झारखंड में बुधवार से कमजोर मानसून सक्रिय होगा और अगले चार दिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान राज्य के लगभग सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। 24 और 25 को राज्य के कोल्हान और संताल परगना के छह जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में 27 जुलाई तक सभी हिस्सों में बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान कहीं-कहीं तेज हवा चलने के साथ वज्रपात गिरने की चेतावनी भी दी गई है। मौसम विभाग ने 24 और 25 को पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा तथा संताल के जामताड़ा, दुमका, देवघर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, रांची, सिमडेगा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, धनबाद, गिरिडीह, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ खूंटी में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून कमजोर रहा। कोलेबिरा में 38 मिमी बारिश हुई। वहीं, मैथन में 28 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा कई जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। झारखंड में इस मानसून सीजन के दौरान अब तक 644.5 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य वर्षापात 414.9 मिमी से 55 फीसदी अधिक है। वहीं, रांची में इस अवधि में 864.4 मिमी बारिश हो चुकी है। यह इस अवधि के सामान्य वर्षापात से 428.1 मिमी से 102 प्रतिशत अधिक है।

### राज्यपाल संतोष गंगवार पहुंचे मेडिका कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की ली जानकारी



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को मेडिका अस्पताल रांची पहुंचे. वहां उन्होंने इलाजरत पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्म भूषण कड़िया मुंडा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. राज्यपाल ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से मुंडा के उपचार की प्रगति और स्वास्थ्य की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की. राज्यपाल ने कहा कि कड़िया मुंडा जी सादगी और जनसेवा के प्रतीक हैं. मैं ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं.

### झारखंड के 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल को मिली केंद्र की सैद्धांतिक मंजूरी




रांची : झारखंड की स्वास्थ्य सेवा को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने संबंधी कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई. इस दौरान सासंद अन्नपूरणा देवी भी मौजूद थी. बैठक में लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थित रहीं. चर्चा का केंद्र बिंदु झारखंड के धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिलों के जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर रहा. यह प्रस्ताव पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत रखा गया है. जिससे निर्माण, संचालन एवं प्रबंधन में निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके. स्वास्थ्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य में मेडिकल कॉलेजों की भारी कमी के कारण न केवल विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है, बल्कि आम नागरिकों को भी गुणवत्तापूर्ण तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त नहीं हो पातीं. उन्होंने इन प्रस्तावित कॉलेजों के लिए केंद्र सरकार से त्वरित वित्तीय स्वीकृति एवं नीति-स्तरीय समर्थन की मांग की.

# धनबाद में अवैध खनन के दौरान चाल धंसी 10 से ज्यादा के फंसे होने की आंशका

## विधायक जयराम महतो ने 15 मजदूरों की मौत की सूचना दी

धनबाद,(ईएमएस)। झारखंड में धनबाद जिले के बाघमारा इलाके में दुःखद घटना हुई। अवैध खनन के दौरान एक चाल धंस गई। आशंका है कि 10 से ज्यादा लोग अंदर फंसे हुए हैं। हादसा केसरगढ़ इलाके में हुआ, जो बीसीसीएल ब्लॉक दो के तहत आता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अवैध खनन चल रहा था, तभी यह हादसा हुआ। प्रशासनिक अधिकारी अभी तक फंसे हुए लोगों की संख्या की पुष्टि नहीं कर सके हैं। जबकि एक मजदूर के शव को कोयला चोर निकाल कर ले जाने में सफल रहे हैं। वहीं चाल धंसने की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि अवैध खनन करने वाले सिंडिकेट ने फंसे हुए मजदूरों के परिवारों को घटनास्थल से दूर रखने की कोशिश की। इससे ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ गया है। विधायक जयराम महतो ने कहा कि अवैध खनन की चाल धंसने से 15 मजदूरों की मौत की खबर है। जबकि अंदर 30 लोगों के दबे होने की आशंका जाहिर की



जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध मुहाने को जल्दबाजी में बंद किया गया है, लाश को छिपाया जा रहा है। जिला प्रशासन बंद किए गए मुहाने को खोलकर लाश को निकाले और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। विधायक सरयू राय ने भी घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि बाघमारा के जमुनिया नामक स्थान पर अवैध खनन की चाल धंसने से 9 मजदूरों की मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार चुनचुन नामक खनन माफिया प्रभावशाली संरक्षण में अवैध खनन करा रहा था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। साथ ही मलबा हटाकर राहत और बचाव का काम शुरू किया गया है। अभी तक किसी के शव के मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राहत बचाव कार्य के दौरान एक शव निकलने की खबर सामने आ रही है। यह केवल अफवाह है या सत्य इसकी सटीक जानकारी किसी के पास नहीं है।

### चाल धंसने की घटना पर आजसू पार्टी हमलावर

आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के केसरगढ़ा क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल धंसने की घटना में राज्य सरकार और पुलिस–प्रशासन कोयला माफिया आगे नतमस्तक दिखे। आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के घटना स्थल पर पहुंचने और फिर बाघमारा थाना में धरना पर बैठ जाने पर दुर्घटना के 24 घंटे बाद बचाव कार्य शुरू हो पाया, नहीं तो पुलिस–प्रशासन मामला दबाने की फिराक में था। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।श्री प्रभाकर ने कहा कि पुलिस–प्रशासन कोयला माफिया के दबाव में चाल धंसने की घटना से ही इनकार करता रहा। लेकिन आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बाघमारा थाना में जाकर यह कहते हुए बैठ गए कि जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं होगा तब तक वह थाना से नहीं उठेंगे। तब जाकर दुर्घटना के 24 घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ।श्री प्रभाकर ने कहा सांसद श्री चौधरी जब घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे तो प्रशासन की उपस्थिति में कोयला माफिया के गुर्गों द्वारा उनकी भी घेराबंदी और विरोध का प्रयास किया गया जिसे आजसू कार्यकर्ताओं ने विफल कर दिया।श्री प्रभाकर ने कहा कि राज्य में पुलिस–प्रशासन के संरक्षण में रात के अंधेरे में अवैध कोयला खनन का कारोबार चरम पर है और अवैध खनन में लगातार लोगों की जान जा रही है।

## मुख्यमंत्री हेमंत पहुंचे क्यूरेस्टा अस्पताल, हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा का हालचाल जाना

रांची(ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचकर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने डॉक्टर्स से उन्हें दी जा रही चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मरांग बुरु से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचकर इलाजरत पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री विमल लकड़ा जी से मुलाकात की तथा उपस्थित डॉक्टर्स से उन्हें प्रदान की जा रही चिकित्सा



सुविधा के बारे में जानकारी ली।मरांग बुरु से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि झारखंड में जल्द ही न्यूरो रिहैबिलिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी, ताकि न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में न जाना पड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि हम सभी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दिशोम गुरु जल्द हमारे बीच स्वस्थ लौटेंगे। डॉ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विमल लकड़ा की हालत में लगातार सुधार हो रहा है और अगले तीन से चार दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है।

## भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में आठ स्थानों की लगाई छलांग

### 59 देशों में वीजा मुक्त यात्रा संभव

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत की पासपोर्ट रैंकिंग आठ स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत को 59 के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग में इसकी पुष्टि हुई है। सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जहाँ उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीज़ा-मुक्त पहुँच प्रदान की गई है। जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दर्शाती है जहाँ पासपोर्ट बिना पूर्व वीज़ा के प्रवेश की अनुमति देता है। एशियाई पड़ोसी देश जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जहाँ प्रत्येक को 190 गंतव्यों तक वीज़ा-मुक्त पहुँच प्राप्त है। नई रैंकिंग के अनुसार भारत की वीजा-मुक्त पहुंच में केवल दो नए स्थान जुड़े हैं। इसके बावजूद, सुधार का श्रेय राजनयिक पहुंच और द्विपक्षीय समझौतों में वृद्धि को दिया जाना चाहिए। नई पासपोर्ट रैंकिंग में सऊदी अरब को भी लाभ हुआ है।

## पीएम मोदी ब्रिटेन दौरे पर रवाना

**प्रधानमंत्री स्टार्मर और किंग चार्ल्स से मिलेंगे, भारत-ब्रिटेन के बीच होगाफ्री ट्रेड एग्रीमेंट**

नई दिल्ली/लंदन(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दोपहर ब्रिटेन के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए हैं। यह उनकी चौथी ब्रिटेन यात्रा है। यहां वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के न्योते पर जा रहे हैं। इसके बाद वे 2 दिन के लिए मालदीव के दौरे पर जाएंगे। कीर स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली ब्रिटेन यात्रा है। पीएम की मुलाकात ब्रिटिश सम्राट किंग चार्ल्स से भी होगी। लंदन में पीएम मोदी और स्टार्मर के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी। इसमें दोनों के बीच भारत-यूके फ्री ट्रेड



एग्रीमेंट(एफटीए), रक्षा, टेक्नोलॉजी और जलवायु जैसे मुद्दों पर बातचीत होगी। एफटीए को लेकर दोनों देशों के बीच 3 साल से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जो अब जाकर पूरी हुई है। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच तीन साल तक चली बातचीत के बाद फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन किया जा सकता है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, एग्रीमेंट के मसौदे की लीगल प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भारत और यूके के बीच होने वाले इसे एफटीए को भारतीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। अब इसे ब्रिटिश संसद से अप्रूवल मिलना बाकी है। इसमें 6 महीने से 1 साल तक का वक्त लग सकता है। पीएम मोदी के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी ब्रिटेन यात्रा पर हैं।

## झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को राज्यपाल ने दिलाई शपथ

रांची। झारखंड हाईकोर्ट को नया मुख्य न्यायाधीश मिल गया है। बुधवार को जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने चीफ जस्टिस पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो,हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष , काउंसिल



के अध्यक्ष सदस्य एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाईकोर्ट के कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

**एशियन डेवलपमेंट बैंक ने भारत की विकास दर घटाई, भारत बना रहेगा फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी**

# 2025-26 में 6.5 प्रतिशत ग्रोथ रेट रहने का अनुमान

## भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढऩे वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा

नई दिल्ली(ईएमएस)। एशियन डेवलपमेंट बैंक ने साल 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5प्रतिशतकर दी है। यह जानकारी 23 जुलाई एशियन डेवलपमेंट बैंक की ताजा एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट में दी गई है। इसके बावजूद एशियन डेवलपमेंट बैंक ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढऩे वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।अमेरिकी टैरिफ और नीतिगत अनिश्चितता के कारण निर्यात और निवेश पर असर पडऩे से यह अनुमान कम किया गया है। हालांकि, एशियन डेवलपमेंट बैंक का मानना है कि मजबूत घरेलू खपत, बेहतर मानसून, सर्विस और कृषि क्षेत्र की मजबूती भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रही है।

### 2027 के लिए भी घटाया ग्रोथ का अनुमान

इसके अलावा, एशियन डेवलपमेंट बैंक ने वित्तीय वर्ष 2027 के लिए भी विकास अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर 6.7 प्रतिशत किया। फिर भी, भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, क्योंकि ग्रामीण मांग में सुधार और सेवा क्षेत्र की तेजी इसे सपोर्ट कर रही है। एशियन डेवलपमेंट बैंक ने कहा, भारत की आर्थिक गतिविधियां मजबूत हैंऔर ग्रामीण मांग में तेजी से घरेलू खपत बढ़ेगी।

### कृषि और सर्विस सेक्टर देंगे जीडीपी को रफ्तार

एशियन डेवलपमेंट बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वित्तीय वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था को




कृषि और सेवा क्षेत्र से बड़ा सपोर्ट मिलेगा। इस साल मानसून 6 प्रतिशत बेहतर रहने की उम्मीद है, जिससे फसल उत्पादन पिछले साल से 4 प्रतिशत ज्यादा बढ़ सकता है । इससे ग्रामीण आय बढ़ेगी, जो खपत को बढ़ावा देगी। इसके अलावा, कम कच्चे तेल की कीमतें भी वित्तीय वर्ष 26 और वित्तीय वर्ष 27 में आर्थिक गतिविधियों को सपोर्ट करेंगी। सरकार की नीतियां, जैसे टैक्स में राहत और सार्वजनिक निवेश में वृद्धि, भी विकास को बढ़ावा दे रही हैं।

### आरबीआई ने भी घटाया विकास दर का अनुमान

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 26 के लिए विकास अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत किया है। हालांकि, आरबीआई ने हाल ही में रेपो रेट को 50 बेसिस पॉइंट्स घटाकर 5.5 प्रतिशत किया, जो फरवरी 2025 से शुरू हुए 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती का हिस्सा है। इसके साथ ही, कैश रिजर्व रेशियो को 100 बेसिस पॉइंट्स घटाकर 3 प्रतिशत किया गया, जिससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपए की नकदी आई। एशियन डेवलपमेंट बैंक का कहना है कि ये कदम निवेश को बढ़ावा देंगे, खासकर अगर नीतिगत अनिश्चितता कम हो। इसके अलावा, केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति मजबूत है। आरबीआई से मिले अप्रत्याशित डिविडेंड और टैक्स राजस्व में वृद्धि से सरकार अपने राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत तक लाने के लक्ष्य पर है। एशियन डेवलपमेंट बैंक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 27 में निवेश बढऩे से विकास दर 6.7 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।

### अमेरिकी टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी टैरिफ भारत के निर्यात को प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक विकास दर 2025 में 2.3 प्रतिशत तक गिरने की आशंका है, जो 2008 के बाद सबसे कम है। विश्व बैंक ने भी भारत के वित्तीय वर्ष 26 के लिए विकास अनुमान को 6.3 प्रतिशत रखा है, जबकि आईएमएफ ने इसे 6.2 प्रतिशत अनुमानित किया है। इसके बावजूद, भारत की स्थिति मजबूत है। वित्त मंत्रालय ने कहा, यह संशोधन मामूली है, और भारत अगले दो साल तक सबसे तेजी से बढऩे वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग सम्प्रेक्षण गृह में जूट क्राफ्ट मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ

हजारीबाग(ईएमएस)।सम्प्रेक्षण गृह, हजारीबाग में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त, हजारीबाग की अनुमति से आवासित बच्चों के लिए जूट क्राफ्ट मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।प्रशिक्षण का उद्देश्य सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को स्वावलंबी बनाना एवं हस्तकला के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चे जूट से विविध प्रकार के उपयोगी उत्पाद जैसे बैग, सजावटी वस्तुएं एवं दैनिक उपयोग की सामग्रियाँ बनाना सीखेंगे, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार या स्वयं का उद्यम स्थापित करने में सहायता मिलेगी।यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे न केवल उन्हें एक नया कौशल प्राप्त होगा बल्कि उनके आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### मानसून को देखते हुए बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

हजारीबाग(ईएमएस)।मानसून के दौरान करंट लगने की कई घटना प्रकाश में आती है।इसे देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हजारीबाग में किया। जिसमें यह बताया गया कि मानसून के दौरान क्या सावधानी बरतने की जरूरत है। अगर किसी व्यक्ति को करंट लग जाए तो उसे कैसे बचाएं। इसकी जानकारी दी गई।उप महाप्रबंधक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि बिजली एक ऐसी चीज है जो हर एक व्यक्ति को आज के समय में मिल रही है। बिजली का काम करते समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।क्योंकि जरा सा चूक गंभीर चोट या जानलेवा साबित हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण सावधानी बरता जाए तो जीवन सुरक्षित रह सकता है। इन्होंने कहा कि कभी भी बिजली का काम स्वयं ना करें।जब भी जरूरत पड़े तो वैसे व्यक्ति जो बिजली के काम में निपुण है उनसे मदद ले।बरसात के समय बिजली का पोल या वैसा तार जिसे बिजली प्रवाहित हो रही है छुए नहीं।किसी व्यक्ति को करंट लग जाए तो सबसे पहले घर में प्राथमिक उपचार दें और यथासंभव चिकित्सक से मिले।इन्होंने इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात बताया कि बिजली का स्विच या कोई भी उपकरण का उपयोग करें तो वह दाहिने हाथ से।

### खनन तस्कर हथियारबंद दस्ते के दम पर कर रहे कारोबार : सरयू राय

धनबाद(ईएमएस)।बाघमारा थाना क्षेत्र में बीसीसीएल की ब्लाक दो परियोजना में मंगलवार की रात कोयले के अवैध खनन के दौरान चाल धंसने की घटना को लेकर विधायक सरयू राय ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि बाघमारा समेत पूरे धनबाद के कोयला क्षेत्र में अवैध खनन होना आम बात है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो तस्कर हैं, वे हथियारबंद दस्ते के बल पर अवैध कोयला खनन करा रहे हैं। इसके लिए बीसीसीएल, सीआइएसएफ, राज्य सरकार और प्रशासन सीधे तौर पर जिम्मेवार है। लोगों की जिंदगी से हो रहे खिलावाड़ पर रोक लगनी चाहिए।गौरतलब है कि मंगलवार की देर शाम सी पैच में अवैध खनन के दौरान कोयले का पिलर काटा जा रहा था। करीब 20 मजदूर कोयला तस्करों ने इसमें लगाए थे। ये मजदूर गिरिडीह के ताराटांड़ समेत आसपास के गांवों से लाए गए थे। पिलर के पीछे पानी का जमाव था। पिलर काटने के दौरान पानी के तेज बहाव से पिलर व आसपास का भाग धंस गया। चाल गिरने से इसकी चपेट में कई मजदूर आ गए। कुछ भाग निकले। घटना के बाद कोयला तस्करों के सिंडिकेट ने घटनास्थल पर तीन मशीनें लगाकर भराई शुरू कर दी।

### तेतुलिया लैंड स्कैम : पुनीत अग्रवाल की बेल पर अब शनिवार को सुनवाई

रांची(ईएमएस)।बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपी राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई।बुधवार की सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से डायरी पेश नहीं की जा सकी।जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए शनिवार की तिथि निर्धारित की है।वहीं इसी केस के दो अन्य आरोपियों वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर भी शनिवार को सुनवाई होगी, क्योंकि इस मामले में भी एजेंसी ने अब तक केस डायरी पेश नहीं की है। पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने पिछले सोमवार को गिरफ्तार किया था।पुनीत, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के उस वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ चालीस लाख रुपए उक्त जमीन के एवज में भुगतान किया था।आरोपों के मुताबिक, बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया। इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अफसरों की मिली भगत है।यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया। सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है। इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है।

### राखा कॉपर कर्मचारियों और आश्रितों ने एचसीएल प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के राखा कॉपर परियोजना कार्यालय में भाजपा नेता मनोज प्रताप सिंह की अगुवाई में बुधवार को भूतपूर्व कर्मचारियों और उनके आश्रितों ने एकजुट होकर कंपनी प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र में पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार में प्राथमिकता देने, बकाया एरियर का शीघ्र भुगतान करने और लंबे समय से लंबित अन्य मुद्दों के समाधान की मांग खी गई है।

प्रतिनिधिमंडल ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एचआर हेड कमलेश कुमार और साकेत कुमार को मांग पत्र सौंपा।इस प्रतिनिधिमंडल में समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, स्वासपुर के प्रधान अरविंद भगत, महासचिव मनोज प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष लिटा राम मुर्मू, विशाल मुर्मू, विश्वनाथ शर्मा, अजीत पात्रो, गुरुचरण उपाध्याय, तापस मदीना सहित अन्य लोग शामिल थे।मांग पत्र में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु शामिल थे इनमें वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों की वेतन पुनरीक्षण राशि एरियर के साथ भुगतान करने की व्यवस्था करे।पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी में प्राथमिकता।कंपनी द्वारा पूर्व कर्मचारियों को आवंटित क्वार्टर जिसमें वे या उनके आश्रित पिछले 24 वर्षों से रह रहे हैं उन्हें बनाए रखें।

### वन महोत्सव के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री ने किया पौधरोपण

गोड्डा(ईएमएस)।गोड्डा वन प्रमंडल की ओर से महागामा अनुमंडल क्षेत्र के मेहरमा के घोरीकित्ता में 76 वां वन महोत्सव सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास सह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह द्वारा पोधा रोपण कर किया गया।दौरान ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह व डीएफओ पवन बाघ के स्थानीय पंचायत जन प्रतिधि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विभाग की ओर से दो सौ पेड़ ग्रामीणों को देकर अपने घरों में लगाने की अपील किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेंजर संजय कुमार ने किया तथा लोगों से पर्यावरण के बचाव को लेकर पोधा रोपण पर बल दिया।ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर व्यक्ति अपने परिवार के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए वे हर वर्ष पेड़ लगाती है और उस पेड़ की देखरेख भी स्वयं करती है। उन्होंने कहा कि अगर देश में कभी थर्ड वार होगा तो वह पानी के लिए होगा। ग्रामीण विकास मंत्री ने लोगों से अपील किया की पर्यावरण को बचाने पानी का जल स्तर बरकार रखने के लिए पेड़ लगाएं नहीं तो अभी दस से बीस रुपए लीटर पानी खरीदते हैं । पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगे तो ऐसा भी समय आएगा जब सौ रुपए में भी एक लीटर पानी खरीदना पड़ेगा। गांव घर में लोग पानी के महत्व को नहीं समझते हैं, वजह दस लीटर जरूरत की जगह सौ लीटर पानी बर्बाद करते हैं।

# ड्रग स्टोर और थोक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने को औषधि निरीक्षक ने बताया सही



पलामू(ईएमएस)। पलामू जिले में एक ड्रग स्टोर एवं दवा की 5 थोक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति रद्द एवं निलंबित किये जाने की कार्रवाई को औषधि निरीक्षक ने नियमानुकूल बताया है। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए नौडीहा बाजार के मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने एवं 5 थोक विक्रेता संस्थानों को स्पष्टीकरण पूछते हुए औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित किए जाने की बातें कही है। औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के निलंबन से आक्रोशित दवा दुकानदारों द्वारा असंवैधानिक रूप से कार्यालय में हंगामा एवं निलंबन का विरोध किए जाने से संबंधित दिनांक 17 जुलाई 2025 को समाचार पत्रों में छपी खबर पर उपायुक्त समीरा एस. द्वारा संज्ञान लिए जाने एवं इसकी गंभीरता को देखते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) द्वारा औषधि निरीक्षक को समाचार एवं उससे संबंधित पत्र भेजे जाने पर औषधि निरीक्षक ने जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड के उप सचिव के पत्र के आलोक में मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर नौडीहा बाजार में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। इसमें पाया गया कि संस्थान को प्रपत्र 20 ए एवं 21 ए में अनुज्ञप्ति प्राप्त है। इस प्रपत्र में जो लाइसेंस निर्गत की जाती है, इन संस्थानों में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट नियुक्त नहीं रहते हैं, जिनके कारण फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में एससीएच, सी, सीवन, एच, एचवन, जी, एक्स की औषधियों का क्रय-विक्रय नहीं की जा सकती है। परंतु निरीक्षण के समय पाया गया कि संस्थान द्वारा वैसी औषधियों का भी क्रय कर संचयन किया गया है, जिसके लिए वे प्राधिकृत नहीं थे, क्योंकि ऐसी औषधियों का क्रय-विक्रय एवं संचयन हेतु उन्हें वैध अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं था। निरीक्षण के समय नियमानुकूल विहित प्रपत्र-16 में वैसी औषधियों एवं उसके क्रय-विपत्र संबंधित विपत्रों को भी जब्त किया गया, जिसके लिए वह स्टोर प्राधिकृत नहीं थे। इस आलोक में ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति को रद्द की गई है। औषधि निरीक्षक ने कहा है कि बिना वैधानिक औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त 5 थोक विक्रेताओं द्वारा औषधियों की आपूर्ति की गई थी, जो औषधि एवं अंगराग अधिनियम का उल्लंघन है। साथ ही दंडनीय भी है। इन संस्थानों से स्पष्टीकरण पूछते हुए इन संस्थाओं की औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। सभी पांच थोक विक्रेताओं को 60 दिनों के लिए अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। जिन संस्थाओं को निलंबित किया गया है, उनमें सभी डालटनगंज के हैं। इन संस्थानों में अमित मेडिकल एजेंसी, श्री भवानी फार्मा, मेसर्स अन्विका डिस्ट्रीब्यूटर, मेसर्स सिद्धार्थ मेडिकल एजेंसी एवं मेसर्स सुमित्रा मेडिकल एजेंसी शामिल हैं।विदित हो कि पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन द्वारा आंदोलन करते हुए औषधि निरीक्षक का कार्यालय में ज्ञापन देकर संस्थानों के निलंबन के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि फेडरेशन द्वारा इस प्रकार का धरना प्रदर्शन संस्थान के औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन के कारण की गई है, जो न्यायसंगत नहीं है।औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई औषधि एवं अंगराग अधिनियम एवं नियमावली के तहत प्रदत शक्तियों के नियमानुकूल की गई है। निलंबन के विरूद्ध संस्थान द्वारा अपीलीय प्राधिकारी स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के यहां अपील दायर किया जा सकता है।

## डीसी ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का औचक निरीक्षण करने का दिया निर्देश




पलामू (ईएमएस)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली।इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के कोई भी अल्ट्रासाउंड करता पाया जाता है तो उस अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करते हुए संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही।बैठक में उपायुक्त के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत किया गया और बताया गया कि टीम द्वारा सभी आवश्यक जांच पूर्ण कर लिया गया है।इस पर उपायुक्त द्वारा नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी।इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड, प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड एवं राज डायग्नोस्टिक सेंटर छतरपुर द्वारा पुराने अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तित कर नये मशीन का इंस्टालेशन रिपोर्ट पर चर्चा किया गया।इसपर उपायुक्त ने सभी पुराने मशीनों को सील करने के पश्चात ही नये मशीन का लाइसेंस निर्गत करने पर बल दिया।इसी तरह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक अदद नये अल्ट्रासाउंड मशीन के अधिष्ठापन एवं राजमती चिकित्सा केंद्र,घाड़ा पट्टी के नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन को भी स्वीकृति प्रदान की गयी।बैठक में एक डॉक्टर द्वारा दो से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्यरत रहने की भी चर्चा की गयी,उपायुक्त द्वारा ऐसों डॉक्टरों के विरुद्ध शोकॉज करने के निर्देश दिये।बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से कहा कि अभी केंद्रों पर लिंग भ्रूण जांच अपराध है से संबंधित सूचना लगा रहे,यह सुनिश्चित करने की बात कही।इसके अलावे सभी केंद्रों पर बेटी-बचाओ,बेटी पढ़ाओ संबंधी जागरूकता पोस्टर लगवाने पर भी बल दिया।कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है।

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग प्रशिण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल,हेल्थ डीपीएम प्रदीप कुमार,सदस्य इंदुलेखा भगत,नीलम होरो समेत जिला सलाहकार समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में वृक्षारोपण व सम्मान समारोह का आयोजन

रांची। सदर अस्पताल परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय बंगला भाषी समन्वय परिषद की ओर से वृक्षारोपण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।इस अवसर पर सदर अस्पताल के डॉ. बिमलेश सिंह को पुनः उपाधीक्षक पद पर नियुक्त किए जाने तथा उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए परिषद की ओर से पौधा और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। परिषद के इस जेस्चर को सभी ने सराहा। समारोह में उपस्थित परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष अभिजीत गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में परिषद द्वारा सदर अस्पताल के सौंदर्यीकरण से जुड़ी योजनाएं चलाई जाएंगी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर वातावरण मिल सके।सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. बिमलेश सिंह ने परिषद का आभार जताया।

e-Proccurement Cell
ENERGY DEPARTMENT
GOVT.OF JHARKHAND
Electrical Executive Engineer Electric Works Division, Dhanbad

e- Procurement cell
Short E-Tender Reference No- Energy/EWD/Dhanbad/05/2025-26

| Sl. No | Name of work | Estimated Cost (Rs) | Tender Fee (BID Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Completion Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Comprehensive annual maintenance with operation & running of two nos. of lift manually in 28 court Building, civil court Dhanbad. | 10,47,161.00 | 2500.00 | 21000.00 | 01 year |
| 2 | Date of Publication of tender on website | 29.07.2025 | | | |
| 3 | Online bid submission period | From 30.07.2025 at 10:30 am to 04.08.2025 at 2:00 pm | | | |
| 4 | Technical Bid Opening Date | 05.08.2025 at 3:00 pm | | | |
| 5 | Name and address of the office inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dhanbad | | | |
| 6 | Contact no. of Procurement officer | 0326-2311382 | | | |
| 7 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651-2490069 | | | |

Note- Only online tender will be accepted.
Any change in B.O.Q can be see on website http://jharkhandtenders.gov.in
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Dhanbad

PR.NO.358006 Energy(25-26):D

## डीएसपीएमयू रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर छात्र संघों ने किया जोरदार प्रदर्शन

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में बुधवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश के खिलाफ किया गया, जिसमें परिसर में किसी भी प्रकार के आंदोलन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।प्रदर्शन में आजसू,एनएसयूआई और जेसीडी सहित कई प्रमुख छात्र संघों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी संगठनों ने एकजुट होकर आदेश को छात्र विरोधी करार दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तुगलकी फरमान नहीं चलेगा, छात्रों की आवाज़ नहीं दबेगी जैसे नारों से परिसर गूंज उठा।छात्र नेताओं का कहना है कि यह आदेश छात्रों की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले कुछ असामाजिक तत्व परिसर में घुसकर शिक्षकों के साथ बदसलूकी कर गए। लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।इसके उलट, छात्र संघों के शांतिपूर्ण आंदोलनों पर पाबंदी लगाई जा रही है।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि यह आदेश तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो सभी छात्र संगठन मिलकर विश्वविद्यालय में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन करेंगे।

## आरोपी आईएएसअमित प्रकाश की बेल पर कोर्ट ने मांगी केस डायरी

रांची(ईएमएस)।शराब घोटाला से जुड़े केस के आरोपी और जेल में बंद आईएएस अधिकारी अमित प्रकाश की जमानत याचिका पर रांची एसीबी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एसीबी को केस डायरी जमा करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई के लिए दो अगस्त की तिथि निर्धारित की है।बता दें कि झारखंड शराब घोटाला के मामले में आइएएस अमित प्रकाश को एसीबी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह
dfogiridih00@gmail.com

अल्पकालीन सूचना

कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) ,झारखण्ड,रॉची के राज्यादेश सं0 10 दिनांक 04.07.2025 के आलोक में राज्य योजनातालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनाअंतर्गत नए आर0एफ0एफ0 अधिशठापन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 मेंलक्ष्य आवंटित है जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क0 सं0 | अवयव | भौतिक लक्ष्य (सं0 में) | वित्तीय लक्ष्य(लाख में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नए आर0एफ0एफ0 अधिष्ठापन | 08 | 6.88 | |

उक्त योजनान्तर्गतन दियो में अथवा नदी एवं जलाशय के सन्धि स्थल पर अथवानदियों के उपर निर्मित जलाशयों के आसपास अथवा नदियों से सटे ऐसे स्थल भी पाये गए हैंजहॉनदीमें पानी की धारा अत्यंत कम होने के बादभी उन सिलोंपर पानी की गहराई 3–4 फीट होती है। ऐसे स्थल आर0एफ0एफ0 अधिशठापन कर मत्स्य पालन हेतु सर्वथा उपयुक्त हैं। ऐसे क्षेत्रों में विशेष प्रकार के अपेक्षित संसाधन यथा जाल,बांस,पाईप इत्यादिकी सहायता से घेराबंदी कर के कैप्टिविटी में मछलियॉपाली जाऍगी।उक्त योजना हेतु जिले में योग्य स्थल का चयन कर स्थानीय परिश्रमी लाभुकों का समूह तैयार कराया जायेगा जो उक्त सिलि पर मत्स्य पालन का कार्य करेंगे। योग्य स्थल पर आर0एफ0एफ0 अधिशठापन हेतु इच्छुक समूह से निम्न बिन्दुओंके आधार पर सिलि चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है–

1.चयनित स्थल पर नदी की चौड़ाई।
2.बरसात में नदी की अधिकतम जल स्तर की उचॉई।
3.नदी के उपरी भाग से पानी का सामान्य प्रवाह(मध्यम,उच्च,अति उच्च)
4.नदी के उपरीभाग में नदी की चौड़ाई जहॉ जाल लगाया जा सके।
5.इस प्रकार की कैप्टिविटी से उत्पन्न संभावित जलक्षेत्र।

इच्छुक आवेदक ग्राम सभा के माध्यमसे योजना का प्रस्तावसूचीबद्ध करातेहुए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 18.08.2025 के समय 5.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय,पूरानीजेलकैम्पस, गिरिडीहमेंसमर्पितकरसकतेहैं।
नोट–आवेदन प्रपत्र जिलामत्स्य कार्यालय,पूरानी जेल कैम्पस, गिरिडीह से किसी भी कार्या दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गिरिडीह

PR 357963 (Fish)25-26*D

# उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचे लोग, सुनाई समस्या

## जनता दरबार में 45 से अधिक आवेदनों का हुआ निपटारा




पलामू(ईएमएस)।उपायुक्त समीरा एस. बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस जनता दरबार में पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के 45 से अधिक लोग पहुंचे। अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा और उससे संबंधित आवेदन देकर समस्या निराकरण का अनुरोध किया। उपायुक्त ने आवेदकों द्वारा सुनाई गई एवं दिए गए आवेदन पत्र की गंभीरता को देखते हुए उसे संबंधित पदाधिकारी को स्थानांतरित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जनता दरबार में पति के मृत्यु के उपरांत पत्नी ने खुद को काम दिलाने की मांग की। डाल्टनगंज मुस्लिम नगर की गुलशन प्रवीण ने उपायुक्त को आवेदन देकर काम दिलाने की मांग की। इसपर उपायुक्त ने नियोजन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया है। वहीं भूमि पर जबरन मिट्टी एवं चिप्स डालकर सड़क निर्माण करने को लेकर आवेदक ने अपनी पीड़ा बताई और इससे संबंधित आवेदन दिया। मेदिनीनगर की पूनम गिरी ने मईया सम्मान योजना की राशि भुगतान करने की मांग की है। चैनपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या कोल्हुआ निवासी गोपाल राम ने रास्ता बंद एवं रोकने के संबंध में अपनी पीड़ा बताते हुए रास्ता खोलने की मांग की है। वहीं सतबरवा के बकोरिया निवासी रामसेवक प्रसाद ने भूदान में मिली जमीन की ऑनलाइन रसीद निर्गत करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि भूदान यज्ञ कमेटी से उन्हें भूमि प्राप्त है, इसका नया पुराना खाता से ऑफलाइन रसीद कटते आ रहा है, लेकिन ऑनलाइन रसीद नहीं कट रहा है।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह

आवश्यक सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रॉची के राज्यादेश सं0 10 दिनांक 04.07.2025 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत निजी क्षेत्र के तालाबों के मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अर्थात् अधिकतम 1875 / – रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश / विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह से संबद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिका क्रय किया जायेगा। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। उक्त योजना हेतु लक्ष्य प्राप्त है जो निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) | | वित्तीय लक्ष्य (लाख में) | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तालाबों के मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिका के क्रय में सहायता | 101 | 789 | 101 | 789 | |
| | | 80 | 35 | 1.500 | 0.6563 | |

अहर्त्ता / अनुलग्नक :–
1. तालाब की सूची एवं नाम (पूर्ण विवरणी के साथ)
2. तालाब का क्षेत्रफल
3. तालाब का GPS फोटोग्राफ
4. मत्स्य पालन प्रशिक्षण प्रमाण पत्र
5. लाभुकों का चयन जिला स्तरीय सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जायेगा।
6. लाभुकों को अपना अंशदान (50 प्रतिशत) लगाने की लिखित सहमति संलग्न करना होगा।

उक्त हेतु सुयोग्य लाभुक / लाभुक समिति से विहित प्रपत्र में दिनांक 25.08.2025 समय 5:00 बजे अप0 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह में आवेदन आमंत्रित की जाती है।
*योजना से संबंधित विशेष जानकारी कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गिरिडीह

PR 357972 (Fish)25-26*D

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रेमिका के घर के बाहर फंदे से झूलता मिला प्रेमी का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस



गिरिडीह। देवरी थाना क्षेत्र के पुरनाबथान गांव के तुरिया टोला में प्रेमिका के घर के बाहर खिड़की से फंदे में लटके प्रेमी का शव मिलने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। मृतक 30 वर्षीय युवक साहिल अंसारी मनकडीहा गांव के रहने वाले मकबूल अंसारी का बेटा था। बताया जा रहा है कि जिस घर के खिड़की के बाहरी हिस्से मे युवक साहिल का शव उसके ही टी-शर्ट से झूलता मिला है वो घर उसकी प्रेमिका का है। हालांकि इस बाबत अधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है।इधर शव मिलने के बाद काफी संख्या मे लोगो की भीड़ जमा हो गई। वहीं मृतक का पिता मकबूल भी मौके पर पहुंचा और बेटे का शव को देखकर रो पड़ा। इस बीच घटना की जानकारी मिलने के बाद देवरी थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। मृतक के पिता मकबूल ने अशोक तुरी पर बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके बेटे का प्रेम संबध अशोक तुरी की बेटी के साथ था, इसी कारण साहिल की हत्या की गई है। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### बंदरकुप्पी और खुटवादढाब में संचालित अवैध आरा मील में वन विभाग का छापा

**दो आरा मशीन सहित लाखों की लकड़ी की गई ज़ब्त**



गिरिडीह। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बंदरकुप्पी और खुटवादढाब स्थित तीन आरा मिलो में वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी के आदेश पर रेंजर एस. के रवि की अगुआई में छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान दो अवैध आरा मशीन समेत लाखो की लकड़ी जप्त की गई। आरा मिलो में सखुआ, शिशम. अकसिया, गम्हार समेत विभिन्न किस्म की लकड़ी मौजूद थे, जिसे जप्त कर लिया गया है। इस संबध में रेंजर एस.के. रवि ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि इन इलाकों में अवैध तरिके से आरा मिल चलाया जा रहा है, जिसके बाद वन प्रमण्डल पदाधिकारी के आदेश मिलने के बाद छापामारी कि गई। इस छापामारी अभियान में मुख्य रूप से फारेस्टर शगार विश्वकर्मा, रोहित पनेरी, सूरज चौधरी, अशोक यादव, रूबी कुमारी, नंदकिशोर समेत कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट सलेक्शन ट्रायल रांची में 27 को

दुमका:झारखंड बालक एवं बालिका अंडर 14, 17 एवं 19 टीम के गठन हेतु झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा एक दिवसीय सलेक्शन ट्रायल कैंप रांची के धुर्वा गोलचक्कर मैदान पर रविवार 27 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए दुमका जिला टेनिस बाल क्रिकेट संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने बताया कि अंतिम रुप से चयनित झारखंड की बालक एवं बालिका टीम आगामी 18 से 20 अगस्त तक करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में प्रस्तावित अंडर 14 नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप, 17 से 20 सितंबर तक उत्तर प्रदेश के आगरा में प्रस्तावित अंडर 19 चैंपियनशिप तथा 14 से 17 अक्टूबर तक राजस्थान के दौसा में आयोजित होने वाली अंडर 17 चैंपियनशिप अर्थात मिनी सब जूनियर, जूनियर एवं सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप में भाग लेगी। बमबम ने बताया कि उक्त चयन शिविर में प्रतिभागिता के इच्छुक टेनिस बॉल क्रिकेटर अपने जिला सचिव की अनुशंसा से भाग ले सकते हैं।

### भारतीय मजदूर संघ पूरे भारत में सबसे मजबूत संगठन हैः ममता कुमारी

दुमकाः भारतीय मजदूर संघ का 70 वाँ स्थापना दिवस अग्रसेन भवन में जिला अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ममता कुमारी सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के तेल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ममता कुमारी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ पूरे भारत में सबसे मजबूत संगठन है इसके करोड़ों सदस्य हैं मजदूर हितों का ध्यान रखना उद्देश्य है दत्तोपंत ठेंगड़ी, बाल गंगाधर तिलक एवं बाबा साहेब अंबेडकर के बातों को ध्यान दिलाते हुए कहा कि शिक्षा संघर्ष और संगठित होने की जरूरत है शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। सरकार की बहुत सी योजनाएं हैं आप भारतीय मजदूर संघ से जुड़कर उन योजनाओं का लाभ अवश्य लें। जिला अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता ने कहा कि हम सभी को दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है अपने हक और अधिकार को लेने के लिए संगठित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आप संगठित हो मैं वचन देता हूं आपका शोषण नहीं करने दूंगा। जिला मंत्री गंगाधर शर्मा ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर अपने अधिकार से वंचित हैं भारतीय मजदूर संघ उन्हें अधिकार और सम्मान दिलाने के कार्य करेगा। सभा को जिला उपाध्यक्ष धनंजय यादव, जिला सह मंत्री पम्मी देवी, गायत्री जयसवाल राजू पुजहर,रूबी देवी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में एस.के.एम यूनिवर्सिटी के व्याख्याता अंजुला मुर्मू, मनीष कुमार, टीनू कुमारी, दुर्योधन यादव, प्रदीप मंडल, कौशल मंडल, मुकेश शर्मा, पिंटू मिस्त्री, इम्तियाज आलम एवं सैकड़ो महिला पुरुष सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री गंगाधर शर्मा ने किया।

### शोकसभा आयोजित कर राजद नेता लक्ष्मण पासवान को दिया श्रद्धांजलि

दुमका। राष्ट्रीय जनता दल के नेता लक्ष्मण पासवान के आकस्मिक निधन पर राजद जिला अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में बुधवार को इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उपस्थित सभी राजद कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रधांजलि अर्पित किया। उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।उनके जीवनी पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि वे समाजिक न्याय के मजबूत स्तम्भ थे। उनका जन्म 26 जनवरी 1943 में चंदपुर भंगा, बमनखी ब्लॉक, जिला पूर्णिया बिहार में हुआ था।स्नातक की उपाधि तिलका मांझी विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी। छात्र जीवन में ही राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखते हुए 1967 में बिहार विधान सभा का चुनाव बमनखी विधान सभा से लड़े और दूसरे स्थान पर रहे थे। 1975 में बिहार प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए और विभिन्न पदों पर कार्य किए। उनकी पहली पोस्टिंग प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ दुमका के पद पर हुई थी उसके बाद अंचलाधिकारी आदि विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए 2001 में गया, बिहार से अपर समाहर्ता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

# जिला उपायुक्त ने सभी विभागों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान सबकी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



गिरिडीह : स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान में सभी गिरिडीहवासी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। जिससे गिरिडीह जिला पूरे राज्य में अव्वल है। गिरिडीह जिला 25,527 सिटीजन फीडबैक के साथ पूरे राज्य में नंबर एक पोजिशन पर है। इस अवसर पर जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान में सभी के सकारात्मक भागीदारी निभाएं। साथ ही उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए इसे आगे बढ़ाएं। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभाग को जो भी दायित्व सौंपा गया है, उसका शत-प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं और प्रगति सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सकारात्मक भागीदारी और प्रयास से ही गिरिडीह जिला पूरे राज्य में अव्वल आया है। उन्होंने इस पोजीशन को बरकरार रखने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अभियान का उद्देश्य ग्राम स्तर पर स्वच्छता के स्तर को बढ़ाना है, साथ ही स्वच्छता में सभी लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करना है। जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण हेतु प्रखण्ड स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर सभी पंचायती राज सदस्य को इसकी जानकारी देंगे। साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मी को एसबीएमएसएसजी-2025 एपीपी को गुगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करना कर सिटीजन फीडबैक पर अपनी प्रतिक्रिया देने हेतु निदेशित करेंगे। सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामों के स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में शौचालय की उपलब्धता, हाथ धोने की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपशिष्ट निपटान की व्यवस्था की उपलब्धता एवं अपशिष्ट संग्रह की नियमितता का ध्यान रखेंगे। परिसर को कचरा मुक्त एवं परिसर में एवं उसके आसपास कोई स्थिर पानी न दिखें एवं ग्रे वाटर प्रबर्धन के लिए प्रभावी व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगें। वर्षा ऋतु को देखते हुए जल जनित बिमारियों से बचाव हेतु ग्राम स्तर पर स्वास्थय सहिया को ब्लीचिंग का छिड़काव हेतु निदेशित करेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में शौचालय की उपलब्धता एवं हाथ धोने की उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे। सभी विद्यालयों का कचरा मुक्त एवं परिसर में या आरापारा कोई स्थिर पानी जमा ना हो उसका ध्यान रखेंगे। सभी विद्यालयों में ठोस एवं प्लास्टिक कचरा का निपटान हेतु कुड़ेदान का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यालयों में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण जगरूकता हेतु रैली निकलवाना सुनिश्चित करेंगे।इसके अलावा उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2 के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि सभी जलसहियों को ग्राम स्तर पर निर्मित शौचालय, नाडेप एवं सोकपिट की उपयोगिता एवं ग्रामों में सभी घरों में हाथ धोने की सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को ज्यादा से ज्यादा सिटिजन फीडबैक करने हेतु निदेशित करेंगे। सभी कनीय अभियंता एवं प्रखण्ड वॉस कॉडिनेटर को निर्मित संरचनाओं का कार्यक्षमता सुनिश्चित करेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शौचालय की उपलब्धता एवं हाथ धोने की सुविधा सुनिश्चित करायेंगे। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबर्धन हेतु अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेशित करेंगे। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी/आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को सिटीजन फीडबैक से अपनी प्रतिक्रिया दिलवाना सुनिश्चित करायेंगे। उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया जैसे ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अन्य सभी माध्यमों से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी जिलेवासियों को सिटिजन फीडबैक हेतु जागरूक करेंगे। सभी स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन की दीदीयों के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण संबंधित सभी जिलेवासियों का जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन के दीदीयों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को सिटिजन फीडबैक दिलाना सुनिश्चित करायेंगे। आगे उपायुक्त ने सभी संबंधित विभाग/प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मी को एसबीएमएसएसजी-2025 एपीपीको गुगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करनाकर सिटीजन फीडबैक पर अपनी प्रतिक्रिया देने हेतु निदेशित करेंगे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के मार्गदर्शिका के आलोक में जिले के 5000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों में से चार ग्रामों को उम्मीदवार ग्राम के रूप में चयनित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा साक्षरता बढ़ाना, सौर ऊर्जा आधारित पेयजल, कृषि, स्ट्रीट लाइट आदि के माध्यम से आधारभूत ढांचे का विकास करना है। चयनित गांवों में सौर आधारित विकास कार्यों की योजना बनाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को बिजली बिल में बचत के साथ-साथ पर्यावरणीय संरक्षण का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी दी गई कि प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर ग्राम नामित किया जाएगा, जहां केंद्र सरकार द्वारा प्रति ग्राम 1.00 लाख की केंद्रीय सहायता दी जाएगी।बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों, मुखिया एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे योजना की जानकारी लाभुक ग्रामीणों तक पहुंचाएं और उन्हें योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करें।

## राजस्व संबंधी बैठक में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता पर विशेष बल : अनुमंडल पदाधिकारी

गिरिडीह : राजस्व संबंधी बैठक में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता लाने हेतु आज अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अनिमेष रंजन ने खोरीमहुआ अनुमंडल अंतर्गत आने वाले सभी अंचलों के अंचलाधिकारियों, राजस्व निरीक्षक एवं उप निरीक्षक और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुमंडल क्षेत्र में राजस्व प्रशासन की वर्तमान स्थिति की समग्र समीक्षा करना एवं उसमें सुधार हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करना था। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनिमेष रंजन ने ऑनलाइन म्यूटेशन, सीमांकन, भू-सर्वेक्षण, वंशावली सत्यापन, अवैध अतिक्रमण तथा भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन जैसे विषयों की समीक्षा की तथा स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता को राजस्व सेवाएँ पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ सुलभ कराना प्रत्येक राजस्व कर्मी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, टालमटोल अथवा अनावश्यक विलंब को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं दोषी कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष निर्देश इस प्रकार दिये गये

बिचौलियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि बिचौलियावाद पर अंकुश लगाया जा सके। दाखिल-खारिज से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। सीमांकन से संबंधित विवादों में स्थल निरीक्षण कर समयबद्ध निष्पादन करें। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की अद्यतन सूची तैयार कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की जाए। आम जनता को राजस्व सेवाएँ पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ सुलभ करायें अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे निष्पक्षता, उत्तरदायित्व एवं तत्परता के साथ कार्य करते हुए राजस्व सेवाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने हेतु प्रतिबद्ध रहें। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने-अपने अंचल की राजस्व संबंधित स्थितियों से अवगत कराया तथा व्यवस्थाओं को अधिक सक्षम एवं जवाबदेह बनाने हेतु पूर्ण सहयोग एवं समर्पण के साथ कार्य करने की सहमति जताई।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार



गिरिडीह : आज नई दिल्ली में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी एवं लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा जी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा जी से शिष्टाचार भेंट की।बैठक के दौरान झारखंड राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से राज्य के छह ज़िलों धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में स्थित जिला अस्पतालों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर गंभीर विमर्श हुआ।मंत्री सुदिव्य कुमार ने इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र स्वीकृति एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, जिससे झारखंड में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो सके और राज्य के नागरिकों को सुलभ एवं उन्नत चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा जी ने प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया एक्स पर पोस्ट कर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, "मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूएगा और राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।"

## सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोतर वाणिज्य विभाग के तीन छात्रों ने फिर हासिल की यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। विभाग के तीन छात्रों ने इस वर्ष आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। विशेष बात यह है कि पिछले वर्ष भी वाणिज्य विभाग के तीन छात्रों ने यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जो विभाग की निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को दर्शाता है। इस बार की सफलता में सबसे खास नाम है अनु टुडू, जो वर्तमान में पीजी सेमेस्टर-1 की छात्रा हैं। अनु ने अपने शैक्षणिक सफर की शुरुआत में ही यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता हासिल कर एक मिसाल कायम की है। इतनी प्रारंभिक अवस्था में इस कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करना एक प्रेरणास्पद उपलब्धि है, जिसकी पूरे विश्वविद्यालय में सराहना की जा रही है। दूसरी छात्रा हैं नेहा प्रवीण, जो पीजी सेमेस्टर-4 में अध्ययनरत हैं। नेहा ने पहले भी यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन उस समय वे केवल पीएच.डी. पात्रता के लिए योग्य हुई थीं। इस बार उन्होंने परीक्षा में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए सहायक प्राध्यापक की पात्रता भी प्राप्त कर ली है। यह उपलब्धि उनके सतत परिश्रम और प्रतिबद्धता का परिचायक है। तीसरे छात्र उज्ज्वल मुर्मू, जो सत्र 2022-24 के विद्यार्थी हैं, ने भी इस बार यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इन तीनों छात्रों की सफलता के साथ, अब वे सभी सहायक प्राध्यापक की भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पूरी तरह से पात्र हो गए हैं।विभाग के शिक्षक डॉ. बिनोद मुर्मू ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ये छात्र शुरू से ही मेहनती और लक्ष्य-निष्ठ थे, इसलिए उनकी सफलता अपेक्षित थी। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विभाग के सामूहिक प्रयासों का भी प्रतिफल है।विभागाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि वाणिज्य विभाग के छात्रों की लगातार यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना विश्वविद्यालय और विभाग – दोनों के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि विभाग में केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि यूजीसी नेट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी छात्रों को नियमित रूप से मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के शिक्षक छात्रों को यूजीसी नेट परीक्षा की संरचना, पाठ्यक्रम, रणनीति और तैयारी की विधियों पर निरंतर सहयोग करते हैं। विभाग में आयोजित विशेष काउंसलिंग सत्र और अध्ययन सामग्री छात्रों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने सफल छात्रों को आगे जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) प्राप्त करने की सलाह दी और कहा कि यह उपलब्धि न केवल शोध के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बल्कि शोध और शिक्षण के क्षेत्र में और आगे बढ़ने का रास्ता भी खोलेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभाग छात्रों को आगे भी हरसंभव सहायता प्रदान करता रहेगा।

**JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No: JRDA/CIVIL/25-26/03/497**

**Date: 21.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Drilling of 03 nos. deep bore well along with supply and installation of 7.5 hp pump motor set at Belgaria Dhanbad |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 9,97,468.00 |
| 3. | EMD | Rs. 19,950.00 |
| 4. | Tender Document Cost | Rs. 1250.00 |
| 5. | Time of Completion | 45 days |
| 6. | Date/Time from which bid is available for online bidding | 23.07.2025 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for on-line submission of bids | 06.08.2025 at 5:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid Opening | 08.08.2025 at 11:30 AM |
| 9. | Name and Address of Officer inviting tender | Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad Hatia More,Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com |

**Note : 1.** Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

**Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad**

PR.NO.358016 Urban Development(25-26):D

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न-यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश



दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोड टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त दुमका द्वारा जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। निदेश दिया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर शक्ति से कार्रवाई सुनिश्चित करें।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी को लंबित हिट एंड रन मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी दुमका को सभी थाना में ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।दुमका जिला में सभी सड़कों का नियमानुसार निरीक्षण कर सभी संबंधित एजेंसियों को सड़क दुरुस्त करने का दिया गया निर्देश।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निदेश दिया कि शहर को अतिक्रमण से मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई करें।कहा कि अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को चिन्हित करने का भी कार्य करें।बैठक में उपस्थित थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर नियमित रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जांच करते हुए नियमानुसार जुर्माना करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जांच के दौरान हेलमेट ना पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक की भी जांच करते हुए तथा नियमानुसार कारवाई करें एवं ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु प्रतिवेदन जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जानकारी दी गयी कि विगत तीन माह में 3024 वाहनों का जांच किया गया जिसमें 151 वाहनों से कुल दंड राशि के रूप में - 4214075.00 रुपए वसूल किया गया।बैठक में संबंधित पदाधिकारी एवं जिला सड़क जिला सड़क सुरक्षा कार्यालय के दीपक कुमार ,मनोज, कुमार अमित कुमार,सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मनोज कुमार घोष, रमन कुमार वर्मा, मुस्ताक अली, नीलकंठ झा उपस्थित थे।

**B.I.T. SINDRI P.O.-SINDRI INSTITUTE**
**DIST; DHANBAD (JHARKHAND) PIN: 828123**

**e-tender Notice - BIT/4/2025-26/Turnitin**

**Reference Number: BIT/4/2025-26/Turnitin**

**Dated :- 22-07-2025**

**Tender ID: 2025_DHTE_103408_1**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name & address of office Inviting tender | Director, B.I.T., Sindri, P.O. Sindri Institute, Sindri, Dhanbad, Jharkhand -828123 |
| 2 | Name or work | Supply and Installation of Turnitin Feedback Studio with AI Detection in BIT Sindri, Dhanbad, Jharkhand. |
| 3 | Document download start date | 25-07-2025 |
| 4 | Document download end date | 13-08-2025 |
| 5 | Bid submission end date | 13-08-2025 |
| 6 | Bid opening date | 14-08-2025 |

Bidders must bid through e-tenders portal.
Further details can be seen on website:- https://jharkhandtenders.gov.in

PR 358002 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(25-26)D

Sd/-
Director, B.I.T., Sindri

# सदन किसी के बाप की नहीं, राजद विधायक के विवादित बयान पर बिहार सदन में हंगामा



पटना, (ईएमएस)। बिहार विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन भी जबरदस्त हंगामा देखने को मिला है। सदन के अंदर पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसी तकरार की स्थिति बनी कि विधानसभाध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही को स्थगित किया। दरअसल बुधवार को कार्यवाही शुरू होने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार में मतदाता पुनरीक्षण पर अपनी बात रख रहे थे। तभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी को जवाब दिया। लेकिन सीएम नीतीश को बोलने के दौरान अचानक विपक्ष के विधायक हंगामा करने लगे।तभी अचानक राष्ट्रीय जनता दल के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि यह सदन किसी के बाप का नहीं है। भाई वीरेंद्र के यह बात उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के टोकने पर कही थी। विधायक वीरेंद्र की इस बात पर सत्ताधारी दल के विधायक भी गुस्सा हो गए। सत्ताधारी दल के करीब सभी विधायक अपनी जगह पर से खड़े हो गए और विधानसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ।सदन में मौजूद बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि अपनी बातों के लिए राजद विधायक माफी मांगें। लेकिन इसके बाद विपक्षी विधायक और भी हंगामा करने लगे। सभाध्यक्ष यादव ने भी भाई वीरेंद्र को खेद प्रकट करने को कहा था। लेकिन विपक्ष इस पर तैयार नहीं हुआ और वहां जबरदस्त हंगामा होता रहा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष यादव ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विधायक वीरेंद्र सदन से बाहर आए तब उन्होंने मीडिया से चर्चा की। भाई वीरेंद्र ने कहा कि उन्होंने सदन के अंदर सिर्फ इतना कहा कि सदन किसी की बपौती नहीं है। यह भाषा असंसदीय नहीं है। मैं इसके लिए माफी नहीं मांगूंगा। इतना ही नहीं राजद विधायक ने आरोप भी लगाया कि डिप्टी सीएम सिन्हा और सदन में बैठे सत्ता पक्ष के कुछ अन्य विधायकों ने उन्हें गंदी गालियां दीं।सदन के अंदर कुछ वक्त के लिए काफी हंगामे और शोर-शराबे की स्थिति बन गई। विधानसभा अध्यक्ष सत्ता और विपक्ष दोनों ही पक्षों के विधायकों को कड़ी फटकार लगाते दिखे। हालांकि, उनके कई बार कहने के बावजूद भी वीरेंद्र ने अपनी भाषा के लिए माफी नहीं मांगी। इस दौरान सत्ता पक्ष के विधायक भी मांगने की मांग करते रहे। सदन से बाहर आने के बाद कई विधायकों ने भाई वीरेंद्र की भाषा को असंसदीय और असम्मानजनक बताते हुए मांफी मांगने की मांग की है।

# एसआईआर को लेकर बिहार विधानसभा में हंगामा नीतीश और तेजस्वी के बीच तीखी नोक-झोंक

### उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा, आप बिहार की जनता को बरगला रहे



पटना, (ईएमएस)। बिहार विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी नोक-झोंक देखने में मिली। तेजस्वी विधानसभा में एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने मोदी सरकार और चुनाव आयोग की घेराबंदी की। इसी बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी को टोकते हुए उनके आरोपों का जवाब दिया। बिहार विधानसभा में तेजस्वी ने कहा कि संविधान में 18 साल से ऊपर के नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम एसआईआर के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया का हम विरोध करते हैं। पारदर्शिता होनी चाहिए और ईमानदारी से निष्पक्ष होकर चुनाव आयोग को काम करना चाहिए था, लेकिन आयोग की ओर से नहीं हो रहा है।बाहरी वोटर के विषय पर तेजस्वी ने कहा, आयोग ने दावा किया कि कुछ बाहरी लोग भी मतदाता सूची में शामिल हैं, इसकी जानकारी उन्हें सूत्रों से मिली। शर्म की बात है कि एसआईआर ड्राइव चल रहा है और चुनाव आयोग ने बाहरी वोटर्स पर सामने आकर जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और मंगलवार को चुनाव आयोग ने 780 पेज का हलफनामा दिया। उसमें कहीं भी बाहरी लोगों का जिक्र नहीं है। भाजपा के 52986 पंजीकृत बीएलए ने विदेशी नागरिकों के मामले चुनाव आयोग के सामने नहीं उठाए। तेजस्वी को सदन में जवाब देकर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा, आप बिहार की जनता को बरगला रहे हैं। जनता को भ्रमित करने का खेल बंद करें। आप सूत्र के आधार पर क्या-क्या शब्द बोलकर बिहार को लज्जित करते हैं।इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश ने सदन में खड़े होकर तेजस्वी के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के कार्यकाल का याद कराया। नीतीश ने कहा, जब आपकी उम्र कम थी, तब आपके पिताजी (लालू प्रसाद यादव) मुख्यमंत्री थे। तुम्हारी माता भी मुख्यमंत्री रहीं। उस समय क्या स्थिति थी?नीतीश कुमार ने दावा किया कि महिलाओं और मुसलमानों के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने कुछ नहीं किया। विधानसभा में नीतिश ने कहा, हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण किया। हमने महिलाओं के लिए काम किए। आप लोगों (आरजेडी) ने मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हुआ 15 परीक्षा केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा

मधुबनी, (ईएमएस)। केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती के तृतीय चरण का लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए मधुबनी सदर अनुमंडल क्षेत्र के 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। परीक्षार्थियों को 9.30 से 10.30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पंहुचने का समय निर्धारित था। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के फ्रिस्किंग के लिए महिला एवं पुरुष वीक्षक की तैनाती की गयी थी। महिला वीक्षकों में बाल विकास पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार के एलेक्ट्रोनिक गजट ले जाने की अनुमति नहीं था। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाया गया था। परीक्षार्थियों को बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फोटोग्राफी के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही थी। परीक्षा केंद्रों पर सदर एसडीपीओ चंदन कुमार झा ने परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए निरीक्षण किया। सिपाही भर्ती परीक्षा में सदर अनुमंडल के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6751 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने था। सभी परीक्षा केंद्रों को मिलाकर कुल 5768 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 983 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। सदर एसडीओ चंदन कुमार झा ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। किसी भी परीक्षा केंद्र से कदाचार की शिकायत नहीं मिला है।

### दस्तावेज के अभाव में मतदाता को मतदाता सूची से वंचित करना उचित नहीं : राजद

मधुबनी, (ईएमएस)। मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजद प्रदेश द्वारा भेजे गए कमिटी ने जिला में पहुंचकर राष्ट्रीय जनता दल जिला इकाई का बैठक मधुबनी के परिषदन के सभागार में किया। राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव के अध्यक्षता एवं जिला कमिटी के संयोजक सह पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम,प्रदेश महासचिव सुरेंद्र यादव, ब्रजभूषण मंडल, भोला साह के उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने चुनाव आयोग का आलोचना करते हुए कहा कि आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की सलाह के बावजूद बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को शामिल नहीं किया। गहन पुनरीक्षण के लिए पटना से आये सदस्यों ने बैठक के बाद पत्रकारों से प्रेस वार्ता करते कहा कि बिहार में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) फॉर्म बांटने के काम में गड़बड़ियां कर रहे हैं। कई लोगों को फॉर्म जमा करने की रसीद तक नहीं दी गई है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है।चुनाव आयोग पुनरीक्षण में जो दस्तावेज मांगा रहा है, वह अधिकतर लोगों के लिए देना असंभव है। दस्तावेज के अभाव में किसी को वोट से वंचित करना वैध नहीं है। आयोग ने अव्यावहारिक लक्ष्य तय कर लिया है। लोगों से उनके नागरिक होने का सबूत मांगा जा रहा है। जिसके कारण बड़ी संख्या में आयोग के द्वारा दबे, कुचले, वंचित समाज से आने वाले दलित और पिछड़ी जाति के लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सदस्य सुरेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि 2003 से अब तक बिहार में ज्यादातर समय भाजपा-जेडीयू गठबंधन (एनडीए) की सरकार रही है। क्या इस दौरान फर्जी वोटर जोड़े गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अब जब उन्हें हार का डर है, तो वे मतदाताओं को सूची से बाहर करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में उपाध्यक्ष रामकुमार यादव, महिला जिलाध्यक्ष रेणु यादव, इंजीत राय, उमेश राम, टोला साह तुरहा, ब्रजमोहन मंडल, ललिता कुमारी, राज कुमार यादव, पूर्व प्रमुख ईश्वर गुरमैता सहित कई राजद के सदस्य उपस्थित थे।

### चंदन हत्याकांड में हुए कई खुलासेः मर्डर में 9 लोग थे शामिल और शेरू ने दी थी सुपारी

पटना,(ईएमएस)। अस्पताल के भीतर घुसकर सजायाफ्ता कैदी चंदन मिश्रा की हत्या के आरोपित तौसीफ उर्फ बादशाह ने गुनाह कबूल कर लिया है। तीन दिनों की रिमांड के पहले दिन मंगलवार को उसने पुलिस को इस घटना में शामिल सभी अपराधियों के बारे में जानकारी भी दी। बताया जाता है कि इस हत्याकांड में नौ लोगों की संलिप्तता है। सभी की पहचान कर ली गई है और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वारदात को अंजाम देने के बाद बलवंत ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद शेरू सिंह को खबर दी थी।पुलिस के सामने तौसीफ की आवाज नहीं निकल रही थी। काफी पूछताछ करने के बाद उसने घटना से जुड़ी जानकारी देनी शुरू की। सूत्र बताते हैं कि उसने यह भी बताया कि हरेक शूटरों को पांच-पांच लाख रुपये देने की बात कही गई थी। सुपारी शेरू ने दी थी। बाकी के शूटरों को बलवंत अपने साथ लेकर आया था। इसके बाद निशु के घर पर खूनी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची गई।वहीं, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि तौसीफ की निशानदेही पर पुलिस की कई टीमें छापेमारी करने में जुटी हुई हैं। बकील एसएसपी प्रथमदृष्टया गैंगवार में ही हत्या होने की बात सामने आई है। पुलिस टीम मंगलवार की सुबह को ही तौसीफ को बेऊर जेल से लेकर निकली। इसके बाद उसे गुप्त स्थान पर ले जाकर पूछताछ शुरू की गई। तौसीफ के गिरोह को लेकर भी पुलिस ने पूछताछ की। उसने बताया कि पारस अस्पताल में वह अपने मौसेरे भाई निशु का इलाज कराने के दौरान रहा था।इसी दौरान उसे अस्पताल के बारे में सारी जानकारियां मिलीं। वहां के कर्मियों से भी उसकी जान-पहचान हो गई। यही कारण था कि तौसीफ को किसी ने नहीं रोका। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान और इस खूनी वारदात से जुड़े और भी राज सामने आ सकते हैं।शूटर बलवंत को चंदन मिश्रा हत्याकांड में रिमांड पर लिया जाएगा। बाद में पुलिस बलवंत और तौसीफ को आमने सामने बिठाकर उनसे घटना के संबंध में पूछताछ करेगी। इधर इस केस में गिरफ्तार अभिषेक की निशानदेही पर मंगलवार शाम उस बाइक को बरामद कर लिया गया जिस पर सवार होकर शूटर पारस अस्पताल आए थे।

# चुनाव आयोग को व्यावहारिक ज्ञान नहीं : गिरधारी यादव






पटना : बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सियासत तेज हो गई है। जदयू सांसद गिरधारी यादव ने इस प्रक्रिया पर तीखा हमला बोलते हुए चुनाव आयोग की मंशा और तैयारी पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को न तो बिहार का इतिहास पता है और न ही भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी। दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान गिरधारी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को कोई व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। यह लोग बिहार का इतिहास और भूगोल नहीं जानते। मुझे खुद जरूरी दस्तावेज जुटाने में 10 दिन लग गए। मेरा बेटा अमेरिका में रहता है, वह दस्तखत कैसे भेजेगा? एक महीने में सब कैसे होगा? सांसद गिरधारी यादव ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया आम लोगों की जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर थोप दी गई है। उनका कहना है कि ऐसे गंभीर कार्य के लिए कम से कम छह महीने का समय दिया जाना चाहिए था। गिरधारी यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है, चाहे उनकी पार्टी कुछ भी कहे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मैं सच नहीं बोल सकता, तो फिर मैं सांसद क्यों बना? यह सच्चाई है और इसे छिपाया नहीं जा सकता। चुनाव आयोग की यह जल्दबाजी लोकतंत्र के लिए घातक है। जदयू सांसद की बात को सही बताते हुए कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने भी सर प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा कौन-सा तरीका या फॉर्मूला है जिससे आयोग इतनी बड़ी प्रक्रिया को सिर्फ एक महीने में पूरा कर पा रहा है। उन्होंने इसे संदेहास्पद करार देते हुए कहा कि लगता है कि यह सब आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग और मुस्लिमों के मतदाता सूची से नाम हटाने की सोची-समझी साजिश है। इमरान मसूद ने कहा कि कुछ ताकतें इस देश को उस दिशा में ले जाना चाहती हैं, जहां 10% लोग शासक हों और 90% लोग गुलाम बना दिए जाएं। लेकिन हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए अंतिम दम तक लड़ेंगे। बुधवार को संसद के दोनों सदनों में भी बिहार में चल रहे SIR अभियान को लेकर विपक्ष ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। सत्र शुरू होते ही विपक्षी सांसदों के शोरगुल के कारण राज्यसभा की कार्यवाही मात्र एक मिनट में स्थगित कर दी गई, जबकि लोकसभा कुछ मिनटों तक चली, लेकिन वहां भी विपक्षी नारेबाजी जारी रही। संसद भवन के बाहर भी विपक्षी दलों ने सर प्रक्रिया के विरोध में प्रदर्शन किया। इसी हंगामे के बीच केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में 'राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025' भी पेश किया।

### नेपाल बॉर्डर के पास एसएसबी व ग्रामीणों के बीच झड़प, एक एसएसबी जवान घायल

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी जिले के जयनगर अनुमंडल के बासोपट्टी थाना क्षेत्र के नेपाल बॉर्डर के नजदीक बुधवार को सीमा सुरक्षा बल व ग्रामीणों में झड़प में एसएसबी का एक जवान घायल हो गया। ग्रामीणों ने एसएसबी के जवान से रायफल छीनने का प्रयास किया। आत्म रक्षा में एसएसबी के जॉन ने फायरिंग किया। इस संबंध में एसपी योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बुधवार को सुबह 10 बजे नेपाल बॉर्डर के पास एसएसबी चेकपोस्ट पर 4 व्यक्ति चेकपोस्ट की सड़क से ना होकर बगल की कच्ची रास्ता से आने का प्रयास कर रहे थे। एसएसबी के 2 जवान वहां तैनात थे। जब एसएसबी के जवानों ने उन लोगो को रोका तो चारो व्यक्ति एसएसबी के जवान के साथ झगड़ा करने लगे। एसएसबी के जवान ने आत्मरक्षा में एक राउंड हवाई फायरिंग किया। इसी क्रम में एक जवान को सिर में चोट लगी है वहीं दूसरे जवान को दाहिने हाथ में चोट लगी है। उपद्रव करने वाले एक व्यक्ति को कमर के पास गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर किया है। स्थिति सामान्य है। विधि व्यस्था की कोई समस्या नहीं है।

# एएसआई ने खुद को मारी गोली पुलिस लाइन में दी गई श्रद्धांजलि



नालंदा : नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम उस समय अफरातफरी मच गई जब डायल 112 सेवा में तैनात एएसआई (जमादार) रामपुकार यादव ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए पहले कल्याण बिगहा अस्पताल और फिर पटना के पारस अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एएसआई रामपुकार यादव का पार्थिव शरीर बुधवार को नालंदा पुलिस लाइन लाया गया, जहां उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी गई। लाइन डीएसपी श्याम किशोर रंजन के नेतृत्व में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हरनौत और बेना थाने के थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। श्रद्धांजलि के बाद शव को उनके गया जिले के परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोदीपुर गांव स्थित पैतृक निवास भेज दिया गया। मामले में एएसआई की पत्नी सुनीता देवी ने बयान दिया है कि उनके पति पिस्तौल की सफाई कर रहे थे, उसी दौरान गोली चल गई। पत्नी ने इसे एक दुर्घटनावश घटना बताया और कहा कि इलाज के दौरान उनकी मौत हुई। रामपुकार यादव पर ड्यूटी के दौरान पटना के एक व्यवसायी से 15 लाख रुपये लेने का गंभीर आरोप भी लगा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को ही हरनौत थाने में इस संबंध में एक लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर जांच जारी थी। इसी बीच शाम को उन्होंने खुद को गोली मार ली। रामपुकार यादव वर्ष 2024 से नालंदा जिले में तैनात थे और उनकी ड्यूटी ईआरएसएस वाहन (डायल 112 सेवा) पर थी। पुलिस इस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है, जिसमें आत्महत्या के पीछे के कारणों और आरोपों की सत्यता को परखा जा रहा है। हरनौत थाना पुलिस ने बताया है कि लिखित शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। रामपुकार यादव की मृत्यु के कारणों को लेकर अभी तक कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीवान में फर्जी सिपाही गिरफ्तार



सीवान : सीवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक फर्जी सिपाही बनकर पुलिस लाइन पहुंच गया और दूसरे के नाम पर ड्यूटी ज्वाइन करने की कोशिश की। हालांकि वह अधिकारियों की सतर्कता के चलते मौके पर ही पकड़ लिया गया। मामले ने पुलिस विभाग की सुरक्षा और सत्यापन प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह घटना सोमवार की बताई जा रही है जब सीवान पुलिस लाइन में पीटी परेड आयोजित की गई थी। इस परेड में कुल 256 सिपाहियों को पदभार ग्रहण करना था, लेकिन गिनती के दौरान एक व्यक्ति अतिरिक्त पाया गया। जब अधिकारियों ने दोबारा सत्यापन कराया तो मामला संदिग्ध निकला और फर्जी तरीके से शामिल हुए सिपाही की तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, युवक सिपाही की पूरी वर्दी पहनकर अन्य चयनित सिपाहियों की कतार में खड़ा हो गया था और किसी अन्य अभ्यर्थी के नाम पर जॉइनिंग लेटर लेकर ड्यूटी जॉइन करने पहुंचा था। प्रारंभिक तौर पर किसी को उस पर शक नहीं हुआ, लेकिन जब सभी सिपाहियों की दोबारा गिनती की गई तो कुल संख्या 257 निकली, जबकि दस्तावेजों में केवल 256 सिपाहियों की उपस्थिति होनी थी।गणना में असमानता के बाद जब अधिकारियों ने उससे पूछताछ की तो वह उत्तर देने में घबरा गया और आखिरकार उसकी असलियत सामने आ गई। मामले को गंभीर मानते हुए उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया और मुफस्सिल थाने ले जाया गया। फर्जी सिपाही की पहचान छपरा जिले के गढ़खा थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव निवासी नीरज कुमार पिता जगत नारायण के रूप में की गई है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक दास ने इस मामले की पुष्टि कर बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में यह भी जांच की जा रही है कि नीरज कुमार को किसने और कैसे प्रशिक्षित किया और वह जॉइनिंग लेटर तक कैसे पहुंचा।

# सरकारी स्कूल में मिली नागमणि! शिक्षिका ले गई घर तो गांव में मचा हड़कंप



मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय संकुल बिशनपुर कल्याण से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। स्थिति उस समय अजीबोगरीब हो गई जब स्कूल परिसर में नागमणि मिलने की खबर आग की तरह गांव में फैल गई। इसके बाद न सिर्फ ग्रामीणों में कौतूहल बढ़ गया, बल्कि स्कूल परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला उस वक्त शुरू हुआ जब स्कूल की एक छात्रा को एक रहस्यमयी पत्थर मिला। छात्रा का कहना था कि यह पत्थर उसे सांप ने दिया है। छात्रा ने वह पत्थर अपनी शिक्षिका संजू कुमारी को सौंप दिया, जिन्होंने इसे अपने पास रख लिया और चुपचाप अपने घर ले गई। इस घटना के तीन दिन बाद जब यह बात बच्चों के परिजनों और गांव के अन्य लोगों को पता चली, तो पूरे इलाके में नागमणि मिलने की अफवाह फैल गई। नतीजन बड़ी संख्या में ग्रामीण, बच्चे और उनके परिजन स्कूल में जुट गए। सभी 'नागमणि' रूपी पत्थर को देखने की जिद करने लगे।गांव वालों का कहना था कि अगर वाकई यह नागमणि है, तो उसे सार्वजनिक किया जाए, न कि किसी के घर में छिपा कर रखा जाए। भीड़ बढ़ती देख स्कूल प्रशासन ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम स्कूल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। स्कूल के उप-प्रधानाचार्य रविरंजन कुमार ने बताया कि उन्हें शिक्षिका संजू कुमारी के पास पत्थर होने की जानकारी मिली थी। पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि पिछले कुछ दिनों से स्कूल में एक विषैला सांप दिखाई दे रहा था और उसी दौरान छात्रा ने पत्थर लाकर शिक्षिका को दिया था। बच्चों ने यह भी कहा था कि यह पत्थर उसे सांप ने दिया है।हालांकि शिक्षिका ने इसकी सूचना न स्कूल प्रशासन को दी और न ही किसी और को बताया। बल्कि उसने पत्थर को चुपचाप अपने घर ले जाकर रख लिया। जब यह बात ग्रामीणों तक पहुंची, तो उन्होंने शिक्षिका पर सवाल उठाते हुए पत्थर को लौटाने की मांग की। गौरतलब है कि नागमणि जैसी कोई चीज वास्तविकता में नहीं होती है। पुलिस ने शिक्षिका और स्कूल प्रशासन से पूछताछ की है और पत्थर को लेकर जांच जारी है। प्राथमिक विद्यालय के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी को कोई वस्तु स्कूल परिसर में मिलती है, तो उसकी सूचना तत्काल रूप से प्राचार्य या जिम्मेदार अधिकारी को दी जानी चाहिए। ऐसे मामलों में किसी भी शिक्षकीय लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### कांवड़ यात्रा में करंट, 2 की मौत

अलवर(ईएमएस)। अलवर में कांवड़ यात्रा में करंट फैलने से 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 30 से ज्यादा कांवड़िये झुलसे हैं। इनमें से 3 की हालत गंभीर है। घटना लक्ष्मणगढ़ के बिचगांवा में बुधवार सुबह 7.30 बजे हुई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें श्रद्धालु डांस करते नजर आ रहे हैं। फिर अचानक कई लोग जमीन पर गिर जाते हैं। जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा में चल रहा डीजे ट्रक हाईटेंशन लाइन से टच हो गया था। इसके बाद जमीन पर करंट फैल गया। हादसे में झुलसे तीन लोगों की हालत गंभीर हैं। घटना से गुस्साए लोगों ने प्रशासन के साथ सहमति से पहले 5 घंटे तक लक्ष्मणगढ़-मुंडावर रोड जाम रखा।

### बेंगलुरु में बस स्टैंड पर विस्फोटक बरामद

#### टॉयलेट के बाहर जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर मिले

बेंगलुरु(ईएमएस)। कर्नाटक के बेंगलुरु के कलासीपाल्यम बस स्टैंड पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं। वेस्ट बेंगलुरु के डीसीपी एस गिरीश ने बताया कि बस स्टैंड के टॉयलेट के बाहर एक प्लास्टिक बैग में छह जिलेटिन की छड़ें और कुछ डेटोनेटर (दोनों अलग-अलग) मिले। मौके पर पुलिस और आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) पहुंच गए। घटना के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पिछले साल, 1 मार्च को बेंगलुरु में फेमस रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट हुआ था। इसमें 10 लोग घायल हुए थे। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि मास्क लगाए हुए एक व्यक्ति कैफे के पास बस से उतरा और कैफे में घुसा। वह एक बैग लेकर आया था। कैफे में उसने इडली ऑर्डर की, काउंटर पर पेमेंट करके टोकन लिया। इसके बाद बैग को डस्टबिन के पास रखकर चला गया। एक घंटे बाद इसी बैग में टाइमर के जरिए धमाका हुआ था।

### सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट की गाइडलाइंस को मंजूरी दी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न मामलों में दुरुपयोग रोकने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की गाइडलाइंस को मंजूरी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (पत्नी के साथ क्रूरता) के दुरुपयोग को रोकने के लिए फैमिली वेलफेयर कमेटी (एफडब्ल्यूसी) के गठन संबंधी जारी दिशा-निर्देशों को मंजूरी दे दी। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी.मसीह की पीठ ने आदेश दिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा 13 जून 2022 को क्रिमिनल रिवीजन नंबर 1126 ऑफ 2022 में दिए गए फैसले के पैरा 32 से 38 तक जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, वे प्रभाव में रहने और संबंधित अधिकारियों द्वारा लागू किए जाए। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि धारा 498ए के मामलों में तुरंत गिरफ्तारी न हो, बल्कि पहले उन्हें फैमिली वेलफेयर कमेटियों के पास भेजा जाए, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच और सुलह-सफाई का मौका मिल सके। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2 साल पुराने दिशा-निर्देशों को अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब कोई महिला अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराए, तब पुलिस दो महीने तक पति या उसके रिश्तेदारों को गिरफ्तार न करे। दरअसल, कोर्ट ने यह फैसला एक महिला आईपीएस से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी को अलग हुए पति और उसके रिश्तेदारों से उत्पीड़न के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित करके माफी मांगनी होगी।

### भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता

नई दिल्ली। दिग्गज निवेश कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। साथ ही, 2035 तक अर्थव्यवस्था का आकार 10.6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगा है। रिपोर्ट में बताया गया कि यह अनुमान इस संभावना पर आधारित है कि 2030 और 2035 के बीच तीन से पांच राज्य (महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक) की अर्थव्यवस्था करीब 1 ट्रिलियन डॉलर की होगी और ये शीर्ष 20 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने वाले है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में रैंकिंग में अच्छा सुधार दिखाने वाले राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश हैं। निवेश कंपनी के मुताबिक, दुनिया की कुल जीडीपी वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी आने वाले दशक में करीब 20 प्रतिशत रहेगी। इसतरह कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आय वृद्धि के लिए देश काफी अहम बाजार है। अर्थशास्त्रियों ने कहा, इस परिणाम को सुनिश्चित करने के लिए, अन्य चीजों के अलावा, भारत के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। राज्य न केवल राजकोषीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि उपयुक्त नीतियां बनाकर और प्रोत्साहन देकर व्यावसायिक परिस्थितियों को आसान बनाते हैं। साथ ही, निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा भी करते हैं। उनके पास अलग-अलग जनादेशों वाले स्वतंत्र राजनीतिक चक्र होते हैं जो विकास को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं और उन्हें उत्पादन के कारकों को नियंत्रित करने के लिए कानून द्वारा सशक्त बनाया जाता है।

# क्रोएशिया में भारत की बढ़ती धाकः चीन को चुनौती देने लगी भारतीय कंपनियां

## पीएम मोदी की जून में हुई यात्रा के बाद बदला मौहाल

नई दिल्ली (ईएएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति अब भारतीय कंपनियों के लिए नए मौके खोल रही है, खासकर क्रोएशिया जैसे यूरोपीय देश में, जहां पारंपरिक रूप से चीन का प्रभुत्व रहा है, लेकिन अब भारतीय कंपनियां भी अपनी छाप छोड़ने में जुटी हैं।

दरअसल इस साल जून में पीएम मोदी क्रोएशिया का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने, इस दौरे के बाद भारतीय कंपनियों को बाल्कन क्षेत्र में बड़े मौके मिले। एक महीने के भीतर ही बदलाव दिखने लगे हैं, जहां भारतीय कंपनियों ने क्रोएशिया में बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए बोलियां लगाना शुरू किया है, जिससे चीन को कड़ी टक्कर मिलने लगी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी की क्रोएशिया यात्रा के बाद से भारत की बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को वहां के बड़े प्रोजेक्ट्स में भागीदारी का मौका मिल रहा है। उदाहरण के लिए, शापूरजी पालोनजी ग्रुप की अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने क्रोएशिया के एक बड़े रेलवे प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम बोली (620 मिलियन यूरो) लगाई है। एक सप्ताह के भीतर, अफकॉन्स ने क्रोएशिया में तीन बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए बोलियां लगाकर हलचल पैदा कर दी है।

इसतरह अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के नेतृत्व में एक और कंपनी भी वहां रेलवे प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखा रही है। ये भारतीय कंपनियां प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बोली लगा रही हैं और उन्हें पीएम मोदी की यात्रा से बने




अनुकूल माहौल का भरपूर लाभ मिल रहा है। यह काम आसान नहीं है, क्योंकि चीन अभी भी व्यापक रूप से वहां पैर जमाए हुए है। भारतीय कंपनियों को चीन की सरकारी कंपनियों, जैसे चाइना रोड एंड ब्रिज कॉर्पोरेशन (सीआरबीसी), से मुकाबला करना पड़ रहा है, जो पहले से ही बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के माध्यम से बाल्कन इलाके में मौजूद है। चीन की यह कंपनी दक्षिणी क्रोएशिया में दो हाईवे प्रोजेक्ट्स के लिए बोली लगा रही है, जबकि अफकॉन्स ने क्रमशः 240.5 मिलियन यूरो और 214.4 मिलियन यूरो की बोलियां लगाई हैं। चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के माध्यम से बाल्कन क्षेत्र में सड़कों, बंदरगाहों और रेलवे में भारी निवेश किया है। लेकिन, अब भारतीय कंपनियों से नई चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। चीनी कंपनियां कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की सरकार के नेतृत्व में फाइनेंस और प्रोजेक्ट्स पर अमल करती हैं, जबकि भारतीय कंपनियां निजी क्षेत्र में बोली लगाकर काम करती हैं। इससे क्रोएशिया जैसे देशों को अधिक पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा मिल रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी पर भी चर्चा हुई थी। भारत और क्रोएशिया इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) के माध्यम से आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह धीरे-धीरे चीन के बीआरआई को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हो रहा है। क्रोएशिया की सामरिक स्थिति, जिसका समुद्र तट इस सेंट्रल यूरोप का प्रवेश द्वार बनाता है, भारत के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने समुद्री सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जाहिर की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी और उनके क्रोएशियाई समकक्ष आंद्रेज प्लेंकोविच ने लोकतांत्रिक मूल्यों को साझा किया और द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया।

### यूपी एसटीएफ की कार्रवाई, आलीशान कोठी में छापा पड़ा तो खुला बड़ा राज

# गाजियाबाद में चल रहा था फर्जी दूतावास

## 44 लाख कैश और वीआईपी नंबर प्लेट की लग्जरी गाड़ियां बरामद

गाजियाबाद(ईएमएस)। यूपी के गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने छापा मारकर हर्षवर्धन जैन को अरेस्ट किया है। उसके पास से वीआईपी नंबर वाली लग्जरी 4 गाड़ियां जब्त की गई हैं। इसके साथ ही अलग-अलग देशों और कंपनियों की 34 मोहरें भी मिली हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय की मोहर लगे कूटरचित दस्तावेज और 44.70 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए। एसटीएफ ने बताया कि हर्षवर्धन केबी 35 कविनगर में किराए का मकान लेकर अवैध रूप से 'वेस्ट आर्कटिक दूतावास' चला रहा था। वह खुद को वेस्ट आर्कटिक, सबोरगा, पुलावाविया, लोडोनिया देशों का कॉन्सुल एंबेसडर बताता है। हालांकि, इन नामों के कोई देश नहीं हैं। डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी गाड़ियों से चलता था। लोगों को प्रभावित करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और



कई अन्य बड़े लोगों के साथ अपनी मॉर्फ की हुई फोटो का इस्तेमाल करता था। उसका मुख्य काम कंपनियों और प्राइवेट व्यक्तियों को बाहर के देशों में काम दिलाने के नाम पर दलाली करना और शेल कंपनियों के जरिए हवाला रैकेट चलाना था। हर्षवर्धन के पास से दो फर्जी प्रेस कार्ड, दो फर्जी पैन कार्ड, माइक्रोनेशन देशों के 12 डिप्लोमेटिक पासपोर्ट, कई देशों की विदेशी मुद्रा, विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज और 18 डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट भी बरामद की गई हैं।

#### हवाला रैकेट और शेल कंपनियों से कनेक्शन

एसटीएफ के अनुसार, आरोपी हर्षवर्धन का मुख्य काम विदेश में नौकरी के नाम पर दलाली, फर्जी दस्तावेज बनवाना और शेल कंपनियों के माध्यम से हवाला ट्रांजेक्शन करना है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह पहले भी विवादों में रह चुका है। साल 2011 में अवैध सैटेलाइट फोन रखने के मामले में उसके खिलाफ थाना कविनगर में मामला दर्ज हुआ था। इसके अलावा उसका नाम कुख्यात चंद्रास्वामी और इंटरनेशनल आर्म्स डीलर अदनान खगोशी से संपर्कों में भी जुड़ा है। एसटीएफ की कार्रवाई के बाद कविनगर थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसका नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है और अब तक कितने लोगों को वह अपने जाल में फंसा चुका है। पुलिस और जांच एजेंसियां अब इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई हैं।

### अल कायदा मॉड्यूल का भंडाफोड़

# दिल्ली-नोएडा और गुजरात से 4 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद(ईएमएस)। गुजरात एटीएस ने एक बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा करते हुए अल कायदा इन इंडियन सबकॉंटिनेंट से जुड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में कुल चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है।

गुजरात एटीएस अधिकारियों के मुताबिक, पकड़े गए चार आतंकियों में दो को गुजरात से, एक दिल्ली से और एक नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। यह सभी आतंकवादी अल कायदा के अल कायदा से जुड़े बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान सैफुल्लाह कुरैशी, मोहम्मद फर्दीन, और मोहम्मद फैक और जीशान अली के रूप में हुई है।

गुजरात एटीएस का कहना है कि इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे और जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था।

#### बड़े आतंकी हमले की फिराक में थे

गुजरात एटीएस द्वारा पकड़े गए चारों आतंकियों को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

एटीएस के मुताबिक, सभी आरोपियों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है और ये भारत में बड़े पैमाने पर आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। एटीएस डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि फिलहाल मामले की गहराई से जांच की जा रही है और बहुत जल्द एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे ऑपरेशन से जुड़ी विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## एयर इंडिया की फ्लाइट्स में लगातार तकनीकी खामियां

### कोझिकोड-दोहा विमान उड़ान के बाद लौटा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। बीते कुछ दिनों में एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों में लगातार तकनीकी खराबियों के मामले सामने आए हैं। बुधवार सुबह कोझिकोड से दोहा जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-375 को टेकऑफ के कुछ ही देर बाद तकनीकी खामी के चलते वापस लौटना पड़ा। यह विमान बोइंग-737 था, जिसे सुरक्षा कारणों से बीच आसमान से ही कोझिकोड एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। इस संबंध में एयरलाइन प्रवक्ता का बयान भी सामने आया है, जिसके अनुसार प्रवक्ता ने कहा, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई और इंतजार के दौरान रिफ्रेशमेंट्स उपलब्ध कराए गए। इस दौरान हुई असुविधा के लिए हम खेद प्रकट करते हैं लेकिन हमारे लिए सेफ्टी सर्वोपरि है।


## जिला परिषद, धनबाद।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–13/2025-26/DE/ZPDH/DHANBAD**

| क्र | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | B.O.Q. मूल्य | अग्रधन राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाघमारा | पाथरगड़िया पंचायत अन्तर्गत मंझलाडीह में 25′–25′ का चदरा शेड का निर्माण एवं पेवर ब्लॉक का अधिष्ठापन | 2,36,700 | 500 | B.O.Q. का 2% | 2 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक **25-07-2025**
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक **01-08-2025** को **5 P.M.** बजे तक
3. निविदा खोलने कि तिथि एवं समय : दिनांक **03-08-2025** को **3:00 P.M.** बजे।
4. केवल ई–निविदा **(E-Tender)** ही स्वीकार की जायेगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : जिला अभियंता, जिला परिशद, धनबाद
6. ई–निविदा प्रकोश्ट का दूरभाश संख्या– **9431396945**
7. जिला परिशद, धनबाद के अन्तर्गत समुचित श्रेणी से निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।
8. परिमाण विपत्र विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। यदि खाता बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. योजनाओं की विवरणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, धनबाद।

PR 358010 Rural Development(25-26)D


# संसद का मानसून सत्र : विपक्षी सांसदों ने पहलगाम आतंकी हमला को लेकर किया प्रदर्शन

## लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा, दोनों सदनों में 16-16 घंटे होगी बहस

नई दिल्ली(ईएमएस)। लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को भी जबरदस्त हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं विपक्ष की मांग पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी।



बुधवार को लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले बिहार में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) वापस लेने की मांग को लेकर विपक्ष के लोकसभा में भारी हंगामे के कारण बुधवार को प्रश्न काल और शून्य काल नहीं हो सका। सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गई। दोपहर 12 बजे कार्यवाही पुनः शुरू होने पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने एसआईआर वापस लेने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कई विपक्षी सदस्य इसी मांग से संबंधित नारे लिखी हुई तख्तियां लिये हुए थे। विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच भी आकर शोरशराबा कर रहे थे। अध्यक्ष ने सख्त लहजे में कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आने वाले सदस्यों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि हर विषय पर नियम प्रक्रिया के तहत सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि संसद हमारी गौरवशाली लोकतंत्र की संस्था है। संसद और संसद परिसर में सदस्यों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए। देश की जनता ने उन्हें मुद्दों और नीतियों पर चर्चा करने के लिए यहां चुनकर भेजा है। उन्होंने कहा कि सदस्य सडक़ों का आचरण संसद में कर रहे है। देश सदस्यों का आचरण देख रहा है। अध्यक्ष के आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं रुका तो सदन की कार्यवाही बारह बजे तक स्थगित कर दी गई।

#### ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे को लेकर सरकार पर निशाना साधा। संसद में मानसून सत्र में भाग लेने के बाद राहुल ने पूछा कि ट्रम्प के दावों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप क्यों हैं। राहुल ने कहा कि ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने सीजफायर करवाया। वह कौन हैं? यह उनका काम नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री पूरी तरह से चुप हैं। उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया। उन्हें सिर्फ विदेश यात्रा करने का समय मिल रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की थी। इस सच को कोई नहीं बदल सकता। इसलिए, प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे। कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है? वह कह नहीं सकते, लेकिन यह सच पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम ने हमारी विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है। आप उंगलियों पर गिन भी नहीं सकते कि कितने देशों ने हमारा समर्थन किया है। किसी ने भी हमारा समर्थन नहीं किया है। यह सिर्फ सीजफायर की बात नहीं है। रक्षा, रक्षा निर्माण और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े कई बड़े मुद्दे हैं, जिन पर हम सदन में चर्चा करना चाहते हैं।

#### वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में नहीं होगी चर्चा

मॉनसून सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और सत्यापन के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर रखा है। इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदन नहीं चल पा रहे हैं। विपक्ष बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण को वापस लेने की मांग कर रहा है, संसद में चर्चा चाह रहा है। अब खबर है कि संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं होगी। सरकार के टॉप सूत्रों का कहना है कि सरकार चुनाव आयोग की ओर से जवाब नहीं दे सकती। सरकार चुनाव आयोग की ओर से कैसे बोल सकती है। सरकार के शीर्ष सूत्रों ने स्पष्ट कहा कि संसद में एसआईआर पर कोई चर्चा नहीं होगी। बिहार में वोटर लिस्ट का एसआईआर चुनाव आयोग की ओर से कराया जा रहा है, सरकार की ओर से नहीं। गौरतलब है कि बिहार में चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण और सत्यापन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एसआईआर के लिए अब दो दिन का समय बाकी रह गया है। चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक इस अभियान के तहत अब तक सूबे के 98।01 प्रतिशत वोटर कवर किए जा चुके हैं। बिहार की वोटर लिस्ट में 20 लाख नाम ऐसे पाए गए हैं, जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है। वहीं, आठ लाख ऐसे मतदाताओं को भी चिह्नित किया गया है, जिनका पता अब बदल चुका है। कुल मिलाकर 50 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जाने की जानकारी चुनाव आयोग की ओर से दी जा चुकी है।


## जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह

dfogiridih00@gmail.com

**अल्पकालीन सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, रॉंची के राज्यादेश सं0 10 दिनांक 04.07.2025 के आलोक में राज्य योजना तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत केज कल्चर विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण में चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन हेतु लक्ष्य आवंटित है जिसकी विवरणी निम्नवतहै–

| क0 सं0 | अवयव | भौतिक लक्ष्य (सं0 में) | वित्तीय लक्ष्य(लाख में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केजबैटरी अधिष्ठापन | 02 | 6.444 | |
| 2 | केजबैटरी हेतु इन पुट | – | 4.00 | |
| 3 | सामान्य नाव | 01 | 0.30 | |
| 4 | लाईफ जैकेट | 02 | 0.0363 | |

उक्त योजनान्तर्गत वैसे परित्यक्त खदान जिनमें मछली पालन की संभावना है, उनमें केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन करने तथा स्थानीय ग्रामीणों/विस्थापितों की आय में बढ़ोतरी हेतु निम्न शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित की जाती है–

1. प्रस्तावित परित्यक्त पत्थर खदानमें जल का सतह अत्यधिक निचले हिस्से तक न हो,
2. खदान का क्षेत्रफल तुलनात्मक रूप से ज्यादा हो।
3. पहुँच पथ हो तथा आबादी के नजदीक हो।
4. मत्स्य जीवी सहयोग समिति गठित हो अथवा स्थानीय लाभुक अपना अंशदान लगाने के इच्छुक हो।
5. आवेदक खदान के विस्थापित अथवा आस–पास के निवासी हो।
6. मछली पालन करते हों एवं प्रशिक्षण प्राप्त हों।

इच्छुक आवेदक ग्राम सभा के माध्यम से योजना का प्रस्ताव सूची बद्ध कराते हुए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक18.08.2025 के समय 5.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, पूरानी जेल कैम्पस, गिरिडीह में समर्पित कर सकते हैं।

नोट–आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, पूरानी जेल कैम्पस, गिरिडीह से किसी भी कार्यादिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गिरिडीह।

PR.NO.357959 Fish(25-26):D

# संपादकीय
## कोयलांचल संवाद

### मस्जिद पर सपा सांसदों का जाना आस्था बनाम राजनीतिक टकराव

भारत जैसे बहुधार्मिक और संवेदनशील लोकतंत्र में धर्म और राजनीति का टकराव कोई नया विषय नहीं है, जब यह टकराव इबादतगाहों को लेकर होने लगे, तो सवाल गंभीर हो जाते हैं। विगत दिवस संसद भवन के पास स्थित एक मस्जिद में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और उनके सांसद मस्जिद में बैठकर आपस में कुछ चर्चा कर रहे थे। सपा के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी इस मस्जिद के इमाम भी हैं। लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई थी। इमाम साहब सपा के सांसदों के साथ मस्जिद पहुंचकर मस्जिद के बैठक कक्ष में आपस में चर्चा कर रहे थे। इसका एक फोटो वायरल हुआ उसके बाद हंगामा मच गया। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रदर्शन करने की बात कही है। मंदिर-मस्जिद के बीच टकराव की यह ताजा मिसाल है। बीजेपी ने इस बैठक को धार्मिक स्थल के राजनीतिक उपयोग का मामला बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने दावा किया है, मस्जिद को सपा का पार्टी दफ्तर बना दिया गया है। दूसरी ओर, अखिलेश यादव ने यह कहकर पलटवार किया, बीजेपी लोगों को धर्म के नाम पर बांटने का प्रयास कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा, धार्मिक स्थल जोड़ने का होता है। यह विवाद केवल एक फोटो को लेकर शुरू हो गया है। भारत में इस बात का संकेत है। जहां राजनीति, धर्म और सामाजिक संवेदनाएं टकरा रही हैं। यह सत्य है, किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक मंच के रूप में होना ना तो उचित है, ना ही संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप है। धार्मिक स्थलों पर सभी नागरिकों की श्रद्धा होती है। धार्मिक स्थलों को कभी भी किसी दल विशेष की बैठकों या रणनीति का अड्डा नहीं बनाया जा सकता है। विचारणीय प्रश्न है, क्या वाकई सपा के सांसद बैठक के लिए एकत्रित हुए थे, क्या यह राजनीतिक बैठक थी। या महज एक संयोग था। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी इसी मस्जिद के इमाम हैं। सपा के सभी सांसद सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए संसद पहुंचे थे। दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित हो गई थी। ऐसे में सपा के सांसदों का अपने ही एक सांसद के धार्मिक स्थल के कार्यालय में जाकर बैठना क्या कोई राजनीतिक गतिविधि थी। मामला तब जटिल हो गया, जब सपा के शीर्ष नेता के साथ एक धार्मिक स्थल पर सपा के कई सांसद एक साथ नजर आये। ऐसी स्थिति में विपक्ष के राजनीतिक दल की शंका स्वाभाविक है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की आपत्ति और मुस्लिम समाज के भीतर से उठती नाराजगी इसी बात का प्रमाण है। धार्मिक भावनाओं को लेकर लोग संवेदनशील होते हैं। भाजपा की आपत्ति पर सपा का यह कहना कि क्या अब मस्जिद या मंदिर जाने के लिए बीजेपी से अनुमति लेनी होगी? राजनीति में यह शैली बड़ी आम हो गई है। इस पूरे विवाद से एक बात स्पष्ट है, धर्म और राजनीति के बीच सभी राजनीतिक दलों को एक मर्यादा रखनी होगी। जब नेता धार्मिक स्थलों पर जाएं, तो वह श्रद्धा के भाव से हों, ना कि सियासी रणनीति के तहत। भारत में चुनाव के समय सभी राजनीतिक दलों के नेता धार्मिक स्थलों पर जाकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। जिसके कारण धार्मिक आस्था भी विवाद का विषय बन जाता है। एक फोटो को किस तरह से विवाद का विषय बनाया जा सकता है। इसका यह एक उदाहरण है। सपा नेता और उनके सांसदों का कहना है उनके एक सांसद जो इस मस्जिद के इमाम हैं उनके अनुरोध पर लोग कुछ देर के लिए वहां पर चले गए थे क्योंकि दोनों सदन की कार्यवाही स्थगित हो गई थी। नदवी के अनुरोध पर सभी लोग वहां पर अनौपचारिक रूप से बैठे हुए थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी वहां पर उपस्थित थे, जिसको राजनीतिक बैठक का रंग दे दिया गया। जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों से हिंदू और मुसलमानों के बीच धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू हुई है, उसको देखते हुए लगातार ऐसे मौकों की तलाश होती है। जैसे ही कोई मौका मिलता है बिना जाने और बिना सोचे-समझे इस तरह के विवाद खड़े कर दिए जाते हैं जो धार्मिक ध्रुवीकरण को बढ़ाने का काम करते हैं। संसद परिसर के बाहर बनी यह मस्जिद, वक्फ बोर्ड को लेकर भाजपा के निशाने में रही है। इस एक फोटो ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। इस मस्जिद में सपा की बैठक को लेकर भाजपा ने निशाना साधा है। यह एक संयोग है, या राजनीति करने का नया प्रयोग है। इसे आसानी से समझा जा सकता है। संसद सत्र चलेगा या नहीं इसको लेकर सांसदों को भी पता नहीं था। कहा जाता है कि सपा के एक सांसद जो इस मस्जिद के इमाम हैं, उन्हें इस मौके पर लगा कि इसी बहाने सबको वहां ले जाकर चाय-नाश्ता कर सकते हैं। उनके अनुरोध पर सपा के सांसद उनके साथ चले गए। एक फोटो के कारण यह एक धार्मिक विवाद का विषय बन गया। वर्तमान में जिस तरह की राजनीति देखने को मिल रही है, उसमें जो विवाद खड़ा किया गया है। एक दशक में राजनीति का जो स्तर है। उस स्तर को देखते हुए, इस आरोप को लेकर कोई आश्चर्य नहीं है। आम जनता भी अब इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप पर गंभीर नजर नहीं आती है। आम जनता भी रोज-रोज की इस लड़ाई को देखते हुए यह समझने लगी है, उन्हें धार्मिक आधार पर उकसाकर राजनीतिक दल अपने-अपने हितों को साधते हैं। यही एक कारण है, जब पहलगाम की घटना हुई थी। उसके बाद लोगों ने उस घटना के विरोध में हिंदू और मुसलमानों दोनों ने मिलकर जो प्रतिक्रिया दी, उसने राजनीतिक दलों को भी आश्चर्यचकित कर दिया।

### पर्यावरण संरक्षण भावना से जुड़ा भारत का हरियाली अमावस्या पर्व

**श्रीराम माहेश्वरी**

**हरियाली अमावस्या पर्व 24 जुलाई पर विशेष**

हरियाली अमावस्या पर्व पर्यावरण संरक्षण की भावना से जुड़ा है। भारतीय संस्कृति में हरियाली अमावस्या पर्व का विशेष महत्व है। श्रावण मास में हरियाली अमावस्या के दिन भक्तगण पीपल वृक्ष की पूजा करते हैं। पीपल की पूजा के साथ भगवान श्री शिव जी का अभिषेक पूजा और माता पार्वती की पूजा करते हैं । इस दिन वृक्षारोपण करने वृक्षों का संरक्षण करने का श्रद्धालु संकल्प लेते हैं।हरियाली अमावस्या व्रत के दिन श्रद्धालु कथा का वाचन करते और सुनते हैं। मान्यता है कि शिव पार्वती जी कथा सुनने से संकटों का निवारण होता है और मनोकामना पूर्ण होती है । इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और सुहाग का सामान आपस में वितरित करती हैं। सुबह शाम पीपल पेड़ के नीचे दीपक जलाती हैं। भारत के अनेक राज्यों में यह पर्व बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है।हरियाली अमावस्या व्रत कथा- एक समय की बात है। एक राजा महल में पुत्रवधू सहित परिवार के साथ सुखपूर्वक रहता था। उसकी पुत्रवधू ने एक दिन रसोई में मिठाई देखी तो वह सारी मिठाई खा गई। जब उससे पूछा गया कि मिठाई कहां गई तो उसने कहा सारी मिठाई चूहे खा गए। पुत्रवधू की बात सुनकर चूहे ने क्रोध किया और इस गलत आरोप का उसने बदला लेने का सोचा । कुछ दिन बाद महल में मेहमान आए। इस दिन चूहे ने बहू की साड़ी चुराई और उसे अतिथि के कमरे में जाकर रख दी। सुबह सेवकों ने साड़ी को अतिथि के कमरे में देखा तो बहू के चरित्र पर बातें करने लगे। यह बात राजा ने सुनी तो उसने अपनी पुत्रवधू के चरित्र पर संदेह करते हुए उसे महल से निकाल दिया। महल से निकलकर बहू एक झोपड़ी में रहने लगी और नियमित रूप से पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाने लगी । साथ ही वह पूजा करके गुड़धानी का भोग लगाकर लोगों में प्रसाद वितरित करने लगी।एक दिन राजा उस पीपल के पेड़ के पास से गुजरे। उन्होंने देखा कि पेड़ के पास रोशनी जगमगा रही है। इस पर राजा को आश्चर्य हुआ। उन्होंने अपने सैनिकों से इस रोशनी का रहस्य पता लगाने के लिए कहा। सैनिक पेड़ के पास गए। वहां उन्होंने देखा कि दीपक आपस में बात कर रहे थे। एक दीपक बोला मैं राजा के महल से हूं । महल से निकाले जाने के बाद राजा की पुत्रवधू रोज मेरी पूजा करती है और मुझे प्रज्वलित करती है। अन्य दीपक ने पूछा कि राजा की बहू को महल से क्यों निकाला गया । उसने बताया की एक दिन बहू ने मिठाई खाकर चूहे का झूठा नाम लगा दिया था। इससे नाराज चूहे ने राजा की बहू से बदला लेने के लिए उसकी साड़ी चुराकर अतिथि के कमरे में रख दी थी। यह देखकर राजा ने उसे महल से निकाल दिया। सैनिकों ने राजा को पूरी कहानी सुनाई । यह सुनकर राजा ने अपनी गलती मानी और अपनी पुत्रवधू को महल में वापस बुला लिया । इस प्रकार पीपल की पेड़ की नियमित पूजा करने का फल राजा की बहू को मिला और वह अपना सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगी। कथा से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए निराधार अफवाह पर विश्वास कर जल्दी निर्णय नहीं लेना चाहिए। पेड़ों और जीव जंतुओं का संरक्षण करना चाहिए।

# भगवान राम सर्व शक्तिमान हैं

**संजय गोस्वामी**



भगवान राम सर्व शक्तिमान हैं। धरती के एक योद्धा के रूप मे देखा जाए तो स्वयम् भगवान कृष्ण विभूति योग में बोलते हैं, शस्त्र धारियों में मैं राम हूँ इससे स्पष्ट हो जाता है कि भगवान राम के पास जितने अस्त्र शस्त्र थे। उतने अस्त्र शस्त्र किसी भी योद्धा के पास नहीं थे।इसकी वजह है कि एक सर्वश्रेष्ठ योद्धा के पास जो अस्त्र शस्त्र हो सकते हैं, वो उन्हे ब्रह्मर्षि वशिष्ठ से शिक्षा में प्राप्त हुआ। परंतु ब्रह्मर्षि विश्वामित्र ने जो अस्त्र शस्त्र का निर्माण अपने तपस्या के बाद किया, उन्हें भी उन्होंने भगवान राम को दिया था। विश्वामित्र के अस्त्र शस्त्र किसी भी योद्धा के लिए दुर्लभ हैं। भगवान परशुराम भी भगवान राम को सर्व श्रेष्ठ ठहराकर विष्णु धनुष देकर जाते हैं।भगवान राम के चरण (पैर) को हिंदू धर् में बहुत शक्तिशाली और पवित्र माना जाता है। उनके चरण, विशेष रूप से उनके चरण चिन्ह, भक्तों के लिए श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक, हैभृकुटि विला सृष्टि लय होई। सपनेहुँ संकट परहिं को सोई।।अर्थात श्रीराम के भौंह उठाने भर से सृष्टि में प्रलय हो सकती है, उनके ऊपर सपने में भी संकट नहीं आ सकता। (अरण्य कांड) शिव जी पार्वती जी से कहते हैं-उमा काल मर जाकीं ईछा। सो प्रभु जन कर प्रीति परीछा॥हे उमा ! जिसकी इच्छा मात्र से काल भी मर जाता है, वही प्रभु सेवक की प्रीति की परीक्षा ले रहे हैं (लंका कांड)लव निमेष महुँ भुवन निकाया। रचहि जासु अनुशासित माया।।अर्थात- पलक झपकते ही श्रीराम की आज्ञा से माया अनेकों ब्रहमांड की रचना करने में सक्षम है। (बाल कांड)खर दूषन त्रिसरा अरु बालि। बधे सकल अतुलित बलशाली।।पापिहु जाकर नाम सुमिरहिं। अति अपार भवसागर तरहिं।।इस तरह हम देखते हैं कि श्रीराम पूर्ण परमात्मा हैं, उनके सामर्थ्य का पता लगाना मनुष्यों के वश का नहीं है।श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज ने भगवान श्रीराम के चरणों के 5 चिह्नों ध्वज, वज्र, अंकुश, कमल और ऊर्ध्व रेखा का वर्णन किया है। वैसे अन्य पवित्र ग्रंथों को मिलाकर देखा जाए तो 48 शुभ चिह्नों की बात की गई है। दक्षिण चरण में 24 और वाम चरण में 24 शुभ चिह्न होते हैं। विशेष बात यह भी है कि जो चिह्न श्रीराम के दक्षिण चरण में हैं वे देवी सीता के वाम चरण में हैं और जो चिह्न राम जी के वाम चरण में हैं वे सीता जी के दक्षिण चरण में हैं।भगवान श्रीराम के दक्षिण चरणों के शुभ चिह्नों में ध्वजा भी है। इसका रंग लाल बताया गया है। इसे विचित्र वर्ण का कहा जाता है। इसके ध्यान से विजय तथा कीर्ति की प्राप्ति होती है। शुभ चिह्नों में चरण में वज्र का निशान भी होता है, इसका रंग बिजली जैसा होता है। इसे इंद्र का वज्र माना जाता है। जो लोग इसका ध्यान करते हैं, उनके पापों का क्षय होता है तथा बल की प्राप्ति होती है। अंकुश का रंग श्याम है। जो व्यक्ति इसका ध्यान करता है, उसे दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। संसार के विकारों का नाश होता है और मन पर नियंत्रण संभव हो जाता है। चरणों के शुभ अंकों में शामिल कमल का रं गुलाबी होता है। इस चिह्न को विष्णु-कमल कहा जाता है। इसका ध्यान करने वालों के यश में वृद्धि होती है तथा उनका मन प्रसन्न रहता है। इसी तरह शुभ चिह्नों में ऊर्ध्व रेखा होती है, जिसका रं गुलाबी है। इसका संबंध सनत, सनंदन, सनतकुमार और सनातन से हैं। जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें महायोग की सिद्धि होती है और वे भवसागर से पार हो जाते हैं। इन चिन्हों का ध्यान और चिंतन इसलिए लाभदायक होता है, क्योंकि ये भगवान श्रीराम के चरणों में मौजूद हैं। इसी प्रकार स्वस्ति का चिह्न होता है। इसका रंग पीला है। यह मंगलकारी एवं कल्याणकारी होता है। इस चिह्न का ध्यान करने वालों को सदैव मंगल एवं कल्याण की प्राप्ति होती है।इसी तरह भगवान श्रीराम के दक्षिण चरण में अष्टकोण होता है, जिससे अष्ट सिद्धियां सुलभ हो जाती हैं। श्रीलक्ष्मीजी का चिह्न भी है जिनका ध्यान करने से ऐश्वर्य तथा समृद्धि की प्राप्ति होती है। हल, मूसल, सर्प (शेष), शर (बाण), अम्बर (वस्त्र), रथ, यव, कल्पवृक्ष, मुकुट, चक्र, सिंहासन, यमदंड, चामर, छत्र, नर (पुरुष), जयमाला आदि चिह्न भी मंगलकारी हैं। इन चिह्नों का ध्यान करने से श्रीराम के भक्तों का कल्याण होता है।इसी प्रकार भगवान श्रीराम के वाम चरण के शुभ चिह्नों में सरयू है, जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें भगवान श्रीराम की भक्ति की प्राप्ति होती है तथा कष्ट दूर होते हैं। अन्य चिह्नों में गोपद है, इसका रंग सफेद और लाल है। यह कामधेनु का प्रतीक है। जो लोग इस चिह्न का ध्यान करते हैं, वे पुण्य, भगवद् भक्ति तथा मुक्ति के अधिकारी होते हैं। प्रभु चरण का अन्य चिह्न पृथ्वी है, इसका रंग पीला और लाल है। जो लोग इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उनके मन में क्षमाभाव बढ़ता है। कलश का निशान भी भगवान के चरणों में है। यह अमृत स्वरूप है। इसका ध्यान करने वालों को भक्ति तथा अमरता प्राप्त होती है। इसी तरह पताका, जम्बू फल, अर्धचंद्र, शंख, षट्कोण, त्रिकोण, गदा, जीवात्मा, बिंदु, शक्ति, सुधा कुंड, त्रिवली, मीन, पूर्ण चन्द्र, वीणा, वंशी (वेणु), धनुष, तूणीर, हंस और चंद्रिका प्रभु श्रीराम के चरणों में उपस्थित हैं। इन चिह्नों को भगवान के चरणारविन्द भी कहा जाता है, क्योंकि ये सभी चिह्न मंगलकारी हैं।भगवान श्रीराम के चरणों में ये शुभ चिह्न समस्त विभूतियों, ऐश्वर्यों तथा भक्ति-मुक्ति के अक्षय कोष हैं। जो लोग भगवान श्रीराम के चरण-कमल चिह्नों का ध्यान एवं चिंतन करते हैं, उनका जीवन धन्य, पुण्यायी, सफल तथा सार्थक हो जाता है। भगवान के चरणारविन्द की महिमा निराली है। ये चरण चिह्न संत-महात्माओं तथा भक्तों के लिए सदैव सहायक और रक्षक हैं। सनातन धर् में ध्यान और स्मरण का काफी महत्व है और यही गुण भगवान के प्रति प्रेम, आस्था और भक्ति को व्यक्त करते हैं। भगवान श्रीराम के स्मरण के साथ ही यदि उनके चरण चिह्नों का भी ध्यान कर लिया जाए तो कोई संदेह नहीं कि उनकी कृपा प्राप्त हो जाती है और सभी काम आसान हो जाते हैं।

भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और धर्म के आधार स्तंभ माने जाते हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन में धर्म, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा का पालन किया। श्रीराम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जिससे हम जीवन में आदर्श व्यवहार, संयम, और सत्य की राह पर चलने की सीख ले सकते हैं। श्रीराम का जीवन परिचयश्रीराम त्रेतायुग में अयोध्या के राजा दशरथ और माता कौशल्या के पुत्र थे। वे विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म पृथ्वी से अधर्म और असत्य को समाप्त करने के लिए हुआ था। रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने उनके जीवन का विस्तार से वर्णन किया है। राम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई, और आदर्श राजा का उदाहरण है। श्रीराम के जीवन से मिलने वाली सीखश्रीराम के जीवन से हमें कई महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिलती हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन किया और धर्म के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। जब पिता दशरथ ने उन्हें 14 वर्षों के लिए वनवास जाने का आदेश दिया, तब उन्होंने बिना किसी प्रश्न के आज्ञा का पालन किया। इससे हमें सिखने को मिलता है कि माता-पिता की आज्ञा का पालन करना हमारे कर्तव्य में शामिल है।वनवास के दौरान उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी भी धैर्य नहीं खोया। माता सीता के हरण के बाद भी उन्होंने क्रोध में आकर अनुचित मार्ग नहीं अपनाया, बल्कि धैर्य और रणनीति से कार्य किया। इससे हमें धैर्य और संयम का मूल्य समझने को मिलता है। मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदे श्रीराम ने जीवन भर धर्म और सत्य का पालन किया। उन्होंने रावण का वध करके यह सिद्ध किया कि अन्याय और अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य और धर्म की हमेशा विजय होती है। उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद विभीषण को राजा बनाया, जिससे हमें सिखने को मिलता है कि जीतने के बाद भी अहंकार से दूर रहना चाहिए. अन्य धर्म में इब्राहिम के ही तीन संतान से तीन धर्म हुआ जो यहूदी, इस्लाम, और क्रिस्चन कौम है जबकी सिख धर्म एक पवित्र हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए ही बना जब मुगलों के शासन में हिन्दू होकर भी उसका साथ दें रहें थे इसलिए खालसा धर्म की स्थापना स्वयं श्री गुरुगोविन्द सिंह जी ने की जिन्हे सिख भगवान राम का अवतार मानते हैं जो पटना के कंगन घाट पर आज भी देखने क़्रो मिलेगा अब सवाल यह है कि अन्य धर्मों की तुलना में हिन्दू धर्म का स्थान क़्रो इसी बात से समझ सकते हैं कि राजा दसरथ के 4पुत्र राम, लकक्षमन, भरत, शत्रुधन में सभी ने अपने बड़े भाई क़्रो ही सबसे बड़ा धर्माधिकारी माना यानि सबों में भगवान राम क़्रो सबसे श्रेष्ठ माना और किसी ने भी अपने भाई राम के प्रति अपना दिल से भाई माना, यदि ऐसा ना होता तो लखन भाई राम के साथ 14वर्ष तक जंगल क्यों जाते और भरत उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या में राज्य कैसे करते यही एकता और भगवान श्री राम के महान कार्य हमें एक साथ बाँध कर रखता है.अन्य धर्म में दया की भावना कितनी प्रबल है मुझे नहीं मालूम लेकिन अन्य सबों धर्मों में ऐ बात स्पष्ट रूप से है एक दिन ईश्वर आपके कर्मों का एक एक हिसाब लेगा लेकिन हिन्दू धर्म में भगवान श्री राम क़्रो दया का सागर कहा गया है यानि भगवान राम के चरणों में आप कितना भी क्रूर क्यों ना हो उनके चरण स्पर्श मात्र से आपके अंदर इतनी सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी जो आपके नकारात्मक ऊर्जा क़्रो नस्ट कर आपका उद्धार कर देगा अन्य धर्मों की भी सराहना करता हूँ लेकिन इजराइल में येरुसिलम क़्रो लेकर यहूदी, इस्लाम औऱ क्रिस्चन क़्रो लेकर जो विवाद है उसे अभी तक विद्वसंक होता जा रहा है यहूदी एक ऐसा कौम है जो मूसा क़्रो भगवान मानते हैं लेकिन उसमें कभी धर्मान्तरण नहीं होता और,यहूदी क्रिस्चन और इस्लाम क़्रो लेकर जो आपस में खुनी संघर्ष हुआ है उतना हिन्दू धर्म में कभी नहीं हुआ हिटलर ने यहूदी क़्रो सेकेनंड( 2 )वर्ल्ड वार में ब्रिटेन का साथ देने पर जर्मनी से 60 लाख लोगों क़्रो मरवा दिया क्योंकि वह ब्रिटेन से युद्ध लड़ रहा था इसी तरह तुर्की ने अपने आस पास के परोसी देश में लाखों क्रिस्चन का धर्म परिवर्तन कराया और लाखों क़्रो मरवा दिया इजराइल क़्रो ही देखें फिलिस्तीन क़्रो किस कदर मार रहा है और इस्लाम में भी शिया और सुन्नी का गजब ही लड़ाई होता है अपने वर्चस्व क़्रो लेकर इसलिए अरब में एक देश शिया क़्रो राज नहीं करने देता और सुन्नी क़्रो ही असली इस्लाम मानता है जो कर्बला की जंग से मालूम होगा अतः जिसमें इंसानियत ना हो उसमें धर्मों में आपस में क्यों लड़ते हैं जबकी भारत हिन्दू बाहुल्य होने के बाद सभी धर्मों का सम्मान करता है जो भगवान राम ने हम सभी क़्रो सिखाया है भगवान श्री राम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि थाईलैंड के राजा उनका वंसज मानते हैं कोरिया मे उनके ग्रन्थ मे भगवान राम का रिश्ता माता सीता से जोड़कर अयोध्या मे भारी संख्या मे आते है सिख गुरुगोविन्द सिंह का अवतार मानते हैं अब यहाँ तक नेपाल के राजा जो कॉमनिस्ट ओली शर्मा है जो भगवान क़्रो मानते नहीं उन्होंने कहा की भगवान राम नेपाल में पैदा हुए हैं.यह मैं नहीं खुद स्वामी विवेकानंद ने कहा है जब हमारे धर्म ग्रन्थ गीता क़्रो शिकागो में सबसे निचे रखा गया तो उन्होंने ही कहा हिन्दू धर्म सबसे निचे इसलिए है कि सभी धर्मों का बेस यानी जड़ है आधार है जिसमें अन्य धर्मों क़्रो आधार दिया है।

# अंग्रेजी सेना से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे अमर शहीद कुंवर चैन सिंह

**अमर शहीद कुंवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर विशेष**

देश में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पहली सशस्त्र क्रांति 1858 में प्रारंभ हुई और देश भर में अंग्रेजो के खिलाफ क्रांति की मशाल जलाई गयी तथा अनेक वीर सपूतों ने अंग्रेजी सेना से लड़ाई करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस क्रांति का नायक शहीद मंगल पाण्डे को माना जाता है। मेरठ क्रांति के 33 साल पहले ही इस क्रांति की शुरूआत हो चुकी थी। मालवा अंचल में अनेक वीरों ने अंग्रेजी सेना से बगावत कर युद्ध लड़ा और अपने प्राणों का बलिदान किया। स्वतंत्रता के इतिहास में सीहोर जिले की अन्य घटनाओं के साथ ही अमर शहीद कुंवर चैन सिंह की शहादत भी स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। सीहोर स्थित कुंवर चैन सिंह की छतरी पर गॉड ऑफ ऑनर की परम्परा मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 से शुरू की।सन् 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी और भोपाल के तत्कालीन नवाब के बीच हुए समझौते के बाद कंपनी ने सीहोर में एक हजार सैनिकों की छावनी बनाई। कंपनी द्वारा नियुक्त पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को इस फौजी टुकड़ी की कमान सौंपी गई। समझौते के तहत मैडॉक को भोपाल सहित नरसिंहगढ़, खिलचीपुर और राजगढ़ रियासत से संबंधित राजनीतिक अधिकार दिए गए। इस फैसले को नरसिंहगढ़ रियासत के युवराज अमर शहीद कुंवर चैन सिंह ने गुलामी की निशानी मानते हुए स्वीकार नहीं किया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर दिया। उन्होंने अंग्रेजो के वफादार दीवान आनंदराम बख्शी और मंत्री रूपराम बोहरा को मार दिया। इन दोनों की हत्या के अभियोग से बचने के लिए अंग्रेजो ने कुछ शर्तें रखी जिसे कुंवर चैन सिंह ने ठुकरा दिया।



अमर शहीद कुंवर चैन सिंह 24 जुलाई 1824 की दोपहर अपने घोड़े पर बैठकर कैम्प से बाहर जाने लगे तब अंग्रेजों के कर्मचारियों ने उन्हें यह कहते हुए रोका दिया कि आपको कैम्प से बाहर जाने की इजाजत नहीं है। इससे कुंवर चैन सिंह का स्वाभिमान आहत हुआ। उन्हें ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी कतई स्वीकार नहीं थी। वे मेडॉक और जॉनसन के आदेश की अवहेलना कर कैम्प से बाहर चले गये। मना करने के बाद भी कुंवर चैन सिंह के बाहर चले जाने से युद्ध की आशंका के चलते मेडॉक ने सेना को बुलाने का प्रबंध किया और यह सेना डाबरी की छावनी, सीहोर की छावनी, भोपाल तथा होशंगाबाद से बुलाई थी। लगभग 5 से 6 हजार सैनिक सीहोर पहुंच चुके थे।

अंग्रेजी सेना ने 24 जुलाई 1824 की रात्रि में कुंवर चैन सिंह के कैम्प को घेर लिया और अंग्रेजी फौज द्वारा आक्रमण कर दिया गया। कुंवर चैन सिंह अपने विश्वस्त साथी हिम्मत खां और बहादुर खां सहित 43 सैनिकों के साथ अंग्रेजी फौज का वीरता पूर्वक सामना करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह का आगाज किया।

# संविधान के अनुरूप नहीं है मतदाता सूची का "विशेष गहन पुनरीक्षण"

**कुमार कृष्णन**

बिहार में हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की पोल खुल चुकी है। इसके नाम पर लोग बेदखल किए जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के सुझाव के बावजूद चुनाव आयोग के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है। संभवतः कान, आंख, नाक किसी सत्ता प्रतिष्ठान के पास गिरवी है। आज हमने इस संदर्भ में अपनी बात रखने की कोशिश की। लोकतंत्र में मतदाता अगर बेदखल होता है तो इसका कोई मतलब नहीं है।अब यह मांग उठ रही है कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को संशोधित नहीं, रद्द किया जाए। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" के सवाल पर आयोजित जन सुनवाई में यह मांग रखी गयी। जन सुनवाई का आयोजन भारत जोड़ो अभियान, जन जागरण शक्ति संगठन, जन आंदोलनों का राष्ट्रीय गठजोड़ , समर चैरिटेबल ट्रस्ट, स्वराज अभियान और कोसी नवनिर्माण मंच ने किया था।

इसमें यह बात कही गयी कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेज़ ग्रामीण बिहारवासियों के लिए जमा कर पाना असंभव है। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया संविधान की प्रस्तावना में दिए गए राजनीतिक न्याय और समानता के वादे के खिलाफ है।अनुचित दबाव में सिर्फ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए चुनाव आयोग की अपनी ही प्रक्रियाओं का कई बार उल्लंघन हुआ है। इससे मतदाता सूची की गुणवत्ता अधिक बिगड़ेगी और चुनाव आयोग के उद्देश्य को नुकसान पहुँचेगा। पटना के बीआईए हॉल में मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" पर आयोजित जन सुनवाई में बिहार के 14 ज़िलों से लोगों आए हुए थे। कटिहार से आईं फूल कुमारी देवी ने बताया, "मैं मज़दूर हूं। बीएलओ ने मुझसे आधार और वोटर कार्ड की फोटोकॉपी मांगी। मैंने 4 किलोमीटर चलकर पासपोर्ट फोटो खिंचवाई। मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने अपने राशन का चावल बेच दिया। दस्तावेज़ जुटाने में मेरे दो दिन की मज़दूरी चली गई। मेरे पास चावल नहीं था, दो दिन भूखी रही।"राज्य भर से आए प्रतिभागियों ने बताया कि गणना फॉर्म बीएलओ के बजाय कई बार वार्ड पार्षद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता या सफाईकर्मी द्वारा बांटे गए। कई मतदाताओं को फॉर्म भरने का तरीका ही नहीं बताया गया। कई परिवारों में कुछ लोगों को फॉर्म मिला, कुछ को नहीं। पटना शहर में बिना फोटो वाला अनधिकृत फॉर्म बांटा गया। कई विवाहित महिलाओं को अपने मायके से दस्तावेज़ लाने में कठिनाई हुई। बीएलओ ने जिन दस्तावेजों को लिया (जैसे आधार और वोटर कार्ड), वे चुनाव आयोग की अधिकृत सूची में नहीं हैं। जन सुनवाई में आये सिर्फ 5 से कम लोगों को अपने फॉर्म पर रिसीविंग मिली। वे सभी जागरूक थे और दबाव डालने के बाद ही रिसीविंग मिली। कई मामलों में लोगों को पता ही नहीं था कि उनका फॉर्म बीएलओ ने पहले ही जमा कर दिया, बिना उनके हस्ताक्षर लिए। एक मामले में, जिसने इस पर सोशल मीडिया पर बात की, उसके करीबी लोगों को धमकियाँ मिलीं। ग़ैर-पढ़े-लिखे मतदाताओं को फॉर्म भरवाने के लिए लगभग 100 देने पड़े। कई बीएलओ बैंक पासबुक की कॉपी भी ली, जबकि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" में इसकी ज़रूरत नहीं बताई गई थी। कोई मानक प्रक्रिया नहीं थीः एक ही परिवार में पति की फोटो ली गई, पत्नी की नहीं। यह खेती का समय है। बिहार के सबसे ग़रीब लोग इस समय पंजाब में खेतों में काम कर रहे हैं। वे अधिकतर अनपढ़ हैं और उनके पास फॉर्म ऑनलाइन भरने की सुविधा नहीं है। कोसी नदी के बाढ़ प्रभावित गांवों में दस्तावेज़ बार-बार बाढ़ में बह जाते हैं, खासकर ग़रीब और दलित वर्ग के लोग इसका शिकार हैं। बीएलओ पर भारी दबाव है—जो नियमों का पालन कर रहे हैं उन्हें धीमा कहकर डांटा जा रहा है और वेतन रोकने की धमकी दी जा रही है। बीएलओ और आंगनवाड़ी सेविकाओं की इस प्रक्रिया में अत्यधिक व्यस्तता से शिक्षा और पोषण की जनकल्याणकारी योजनाओं को नुकसान हो रहा है।जन सुनवाई की पैनल में वजाहत हबीबुल्ला (पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त), न्यायमूर्ति अंजना प्रकाश (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय), प्रोफेसर दिवाकर (पूर्व निदेशक, ए. एन. सिन्हा संस्थान), जाँ द्रेज (अर्थशास्त्री), श्री भंवर मेघवंशी (सामाजिक कार्यकर्ता) और प्रोफेसर नंदिनी सुंदर (समाजशास्त्री) शामिल थे।न्यायमूर्ति अंजना प्रकाश ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेज़ ग्रामीण बिहारवासियों के लिए जमा कर पाना असंभव है। पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त वजाहत हबीबुल्लाह ने बताया, "प्रशासन का दुरुपयोग हो रहा है, यह लोगों की मदद नहीं बल्कि उन्हें परेशान कर रहा है। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया न संविधान के अनुसार है, न आरटीआई कानून के अनुरूप है।" सामाजिक कार्यकर्ता भंवर मेघवंशी ने कहा कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" की प्रक्रिया संविधान की प्रस्तावना, जिसमें राजनीतिक न्याय और समानता का वादा है, के खिलाफ है।अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़ ने कहा, "मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को संशोधित नहीं बल्कि रद्द किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग की अपनी प्रक्रियाओं का कई बार उल्लंघन हुआ है। इससे मतदाता सूची की गुणवत्ता गिरेगी और उद्देश्य विफल होगा।" समाजशास्त्री प्रो. नंदिनी सुंदर ने बताया, "मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होने उम्मीद जतायी कि हमारी आवाज़ सुनी जाएगी और हम आगे लड़ाई जारी रखेंगे।" एएन सिन्हा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. दिवाकर ने बताया कि आज हमारा लोकतंत्र न जनता का है, न जनता के लिए है, न जनता द्वारा है।

हमें इसे वापस लाने के लिए संघर्ष करना होगा।जन सुनवाई में शाहिद कमाल , ऋषि आनंद , कामायनी स्वामी , महेंद्र यादव, ज़हीब , उमेश शर्मा आशीष रंजन , तन्मय ने भी हिस्सा लिया। गया के परमेश्वर यादव, सहरसा के गोविंद पासवान, सहरसा की सुमित्रा देवी, पटना की राखी देवी, कहिटार के इशाक, अररिया की मुन्नी देवी समेत 25 लोगों ने अपनी बातें रखीं। मौके पर भारत जोड़ो अभियान के संयोजक योगेंद्र यादव, महासचिव अजीत झा ने भी अपनी बातें रखीं। जनसुनवाई में आयीं प्रमुख समस्याएं -जिन 11 दस्तावेजों को आयोग ने देने को कहा है, वह अधिकतर लोगों के पास है ही नहीं -आधार कार्ड लेकर फॉर्म जमा कराया जा रहा है, जबकि आयोग ने इसे मान्य नहीं बताया है -लोग वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर रहे हैं तो बताया जा रहा है कि फॉर्म पहले से जमा है -खेती के समय श्रमिक मजदूरी को छोड़ कागज बनाने में लगे हुए हैं, घूस भी देनी पड़ रही है -नेपाली की लड़की बिहार में ब्याही गयी, 20 वर्षों से वोटर हैं, अब माता-पिता की मतदाता सूची मांगी जा रही -किसी भी आवेदक को पावति नहीं दी जा रही है, बाद में आवेदन का सबूत मांगेगा को लोगों के पास नहीं होगा।वहीं मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" को लेकर बिहार विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज हंगामादार रहा। मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" पर चर्चा को लेकर पूरा विपक्ष अड़ा रहा। मतदाता पुनरीक्षण में लोगों का नाम मतदाता सूची से काटने का आरोप लगाया। बैनर-पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया है।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि विधानसभा में वोटर लिस्ट के मुद्दे पर हर हाल में चर्चा कराई जाए, नहीं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आज से सत्र शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि महागठबंधन के प्रतिनिधियों ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर स्पष्ट रूप से कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम कटने की साजिश पर चर्चा कराना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विधानसभा में इस विषय को नजरअंदाज किया गया तो इसका राजनीतिक और लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा।पुर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि मतदाता सूची के "विशेष गहन पुनरीक्षण" देश का मुद्दा है। बिहार केवल झांकी है, असम और बंगाल बाकी है। वहीं बिहार में आज विधानसभा के सत्र के दौरान विपक्ष के वाक ऑउट करने पर पप्पू यादव ने नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि हमें आश्चर्य हो रहा है कि विपक्ष ने बिहार में वॉकआउट किया है। आप क्यों वॉकआउट कर रहे हैं? सीना तान कर खड़े रहिए ।

# भगवान राम सर्व शक्तिमान हैं




भगवान राम सर्व शक्तिमान हैं। धरती के एक योद्धा के रूप मे देखा जाए तो स्वयम् भगवान कृष्ण विभूति योग में बोलते हैं, शस्त्र धारियों में मैं राम हूँ इससे स्पष्ट हो जाता है कि भगवान राम के पास जितने अस्त्र शस्त्र थे। उतने अस्त्र शस्त्र किसी भी योद्धा के पास नहीं थे।इसकी वजह है कि एक सर्वश्रेष्ठ योद्धा के पास जो अस्त्र शस्त्र हो सकते हैं, वो उन्हे ब्रह्मर्षि वशिष्ठ से शिक्षा में प्राप्त हुआ। परंतु ब्रह्मर्षि विश्वामित्र ने जो अस्त्र शस्त्र का निर्माण अपने तपस्या के बाद किया, उन्हें भी उन्होंने भगवान राम को दिया था। विश्वामित्र के अस्त्र शस्त्र किसी भी योद्धा के लिए दुर्लभ हैं। भगवान परशुराम भी भगवान राम को सर्व श्रेष्ठ ठहराकर विष्णु धनुष देकर जाते हैं।भगवान राम के चरण (पैर) को हिंदू धर् में बहुत शक्तिशाली और पवित्र माना जाता है। उनके चरण, विशेष रूप से उनके चरण चिन्ह, भक्तों के लिए श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक, हैभृकुटि विला सृष्टि लय होई। सपनेहुँ संकट परहिं को सोई।।अर्थात श्रीराम के भौंह उठाने भर से सृष्टि में प्रलय हो सकती है, उनके ऊपर सपने में भी संकट नहीं आ सकता। (अरण्य कांड)शिव जी पार्वती जी से कहते हैं-उमा काल मर जाकीं ईछा। सो प्रभु जन कर प्रीति परीछा॥हे उमा! जिसकी इच्छा मात्र से काल भी मर जाता है, वही प्रभु सेवक की प्रीति की परीक्षा ले रहे हैं (लंका कांड)लव निमेष महुँ भुवन निकाया। रचहि जासु अनुशासित माया।।अर्थात- पलक झपकते ही श्रीराम की आज्ञा से माया अनेकों ब्रहमांड की रचना करने में सक्षम है। (बाल कांड)खर दूषन त्रिसरा अरु बालि। बधे सकल अतुलित बलशाली।।पापिहु जाकर नाम सुमिरहिं। अति अपार भवसागर तरहिं।।इस तरह हम देखते हैं कि श्रीराम पूर्ण परमात्मा हैं, उनके सामर्थ्य का पता लगाना मनुष्यों के वश का नहीं है।श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज ने भगवान श्रीराम के चरणों के 5 चिह्नों ध्वज, वज्र, अंकुश, कमल और ऊर्ध्व रेखा का वर्णन किया है। वैसे अन्य पवित्र ग्रंथों को मिलाकर देखा जाए तो 48 शुभ चिह्नों की बात की गई है। दक्षिण चरण में 24 और वाम चरण में 24 शुभ चिह्न होते हैं। विशेष बात यह भी है कि जो चिह्न श्रीराम के दक्षिण चरण में हैं वे देवी सीता के वाम चरण में हैं और जो चिह्न राम जी के वाम चरण में हैं वे सीता जी के दक्षिण चरण में हैं।भगवान श्रीराम के दक्षिण चरणों के शुभ चिह्नों में ध्वजा भी है। इसका रंग लाल बताया गया है। इसे विचित्र वर्ण का कहा जाता है। इसके ध्यान से विजय तथा कीर्ति की प्राप्ति होती है। शुभ चिह्नों में चरण में वज्र का निशान भी होता है, इसका रंग बिजली जैसा होता है। इसे इंद्र का वज्र माना जाता है।

जो लोग इसका ध्यान करते हैं, उनके पापों का क्षय होता है तथा बल की प्राप्ति होती है। अंकुश का रंग श्याम है। जो व्यक्ति इसका ध्यान करता है, उसे दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। संसार के विकारों का नाश होता है और मन पर नियंत्रण संभव हो जाता है। चरणों के शुभ अंकों में शामिल कमल का रं गुलाबी होता है। इस चिह्न को विष्णु-कमल कहा जाता है। इसका ध्यान करने वालों के यश में वृद्धि होती है तथा उनका मन प्रसन्न रहता है। इसी तरह शुभ चिह्नों में ऊर्ध्व रेखा होती है, जिसका रं गुलाबी है। इसका संबंध सनत, सनंदन, सनतकुमार और सनातन से हैं। जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें महायोग की सिद्धि होती है और वे भवसागर से पार हो जाते हैं। इन चिन्हों का ध्यान और चिंतन इसलिए लाभदायक होता है, क्योंकि ये भगवान श्रीराम के चरणों में मौजूद हैं। इसी प्रकार स्वस्ति का चिह्न होता है। इसका रंग पीला है। यह मंगलकारी एवं कल्याणकारी होता है। इस चिह्न का ध्यान करने वालों को सदैव मंगल एवं कल्याण की प्राप्ति होती है।इसी तरह भगवान श्रीराम के दक्षिण चरण में अष्टकोण होता है, जिससे अष्ट सिद्धियां सुलभ हो जाती हैं। श्रीलक्ष्मीजी का चिह्न भी है जिनका ध्यान करने से ऐश्वर्य तथा समृद्धि की प्राप्ति होती है। हल, मूसल, सर्प (शेष), शर (बाण), अम्बर (वस्त्र), रथ, यव, कल्पवृक्ष, मुकुट, चक्र, सिंहासन, यमदंड, चामर, छत्र, नर (पुरुष), जयमाला आदि चिह्न भी मंगलकारी हैं। इन चिह्नों का ध्यान करने से श्रीराम के भक्तों का कल्याण होता है।इसी प्रकार भगवान श्रीराम के वाम चरण के शुभ चिह्नों में सरयू है, जो व्यक्ति इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उन्हें भगवान श्रीराम की भक्ति की प्राप्ति होती है तथा कष्ट दूर होते हैं। अन्य चिह्नों में गोपद है, इसका रंग सफेद और लाल है। यह कामधेनु का प्रतीक है। जो लोग इस चिह्न का ध्यान करते हैं, वे पुण्य, भगवद् भक्ति तथा मुक्ति के अधिकारी होते हैं। प्रभु चरण का अन्य चिह्न पृथ्वी है, इसका रंग पीला और लाल है। जो लोग इस चिह्न का ध्यान करते हैं, उनके मन में क्षमाभाव बढ़ता है। कलश का निशान भी भगवान के चरणों में है। यह अमृत स्वरूप है। इसका ध्यान करने वालों को भक्ति तथा अमरता प्राप्त होती है। इसी तरह पताका, जम्बू फल, अर्धचंद्र, शंख, षट्कोण, त्रिकोण, गदा, जीवात्मा, बिंदु, शक्ति, सुधा कुंड, त्रिवली, मीन, पूर्ण चन्द्र, वीणा, वंशी (वेणु), धनुष, तूणीर, हंस और चंद्रिका प्रभु श्रीराम के चरणों में उपस्थित हैं। इन चिह्नों को भगवान के चरणारविन्द भी कहा जाता है, क्योंकि ये सभी चिह्न मंगलकारी हैं।भगवान श्रीराम के चरणों में ये शुभ चिह्न समस्त विभूतियों, ऐश्वर्यों तथा भक्ति-मुक्ति के अक्षय कोष हैं। जो लोग भगवान श्रीराम के चरण-कमल चिह्नों का ध्यान एवं चिंतन करते हैं, उनका जीवन धन्य, पुण्यायी, सफल तथा सार्थक हो जाता है।

भगवान के चरणारविन्द की महिमा निराली है। ये चरण चिह्न संत-महात्माओं तथा भक्तों के लिए सदैव सहायक और रक्षक हैं। सनातन धर् में ध्यान और स्मरण का काफी महत्व है और यही गुण भगवान के प्रति प्रेम, आस्था और भक्ति को व्यक्त करते हैं। भगवान श्रीराम के स्मरण के साथ ही यदि उनके चरण चिह्नों का भी ध्यान कर लिया जाए तो कोई संदेह नहीं कि उनकी कृपा प्राप्त हो जाती है और सभी काम आसान हो जाते हैं।भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और धर्म के आधार स्तंभ माने जाते हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने पूरे जीवन में धर्म, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा का पालन किया। श्रीराम का जीवन केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, जिससे हम जीवन में आदर्श व्यवहार, संयम, और सत्य की राह पर चलने की सीख ले सकते हैं। श्रीराम का जीवन परिचयश्रीराम त्रेतायुग में अयोध्या के राजा दशरथ और माता कौशल्या के पुत्र थे। वे विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म पृथ्वी से अधर्म और असत्य को समाप्त करने के लिए हुआ था। रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने उनके जीवन का विस्तार से वर्णन किया है। राम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई, और आदर्श राजा का उदाहरण है। श्रीराम के जीवन से मिलने वाली सीखश्रीराम के जीवन से हमें कई महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिलती हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन किया और धर्म के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। जब पिता दशरथ ने उन्हें 14 वर्षों के लिए वनवास जाने का आदेश दिया, तब उन्होंने बिना किसी प्रश्न के आज्ञा का पालन किया। इससे हमें सिखने को मिलता है कि माता-पिता की आज्ञा का पालन करना हमारे कर्तव्य में शामिल है।वनवास के दौरान उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी भी धैर्य नहीं खोया। माता सीता के हरण के बाद भी उन्होंने क्रोध में आकर अनुचित मार्ग नहीं अपनाया, बल्कि धैर्य और रणनीति से कार्य किया। इससे हमें धैर्य और संयम का मूल्य समझने को मिलता है। मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदे श्रीराम ने जीवन भर धर्म और सत्य का पालन किया। उन्होंने रावण का वध करके यह सिद्ध किया कि अन्याय और अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य और धर्म की हमेशा विजय होती है। उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद विभीषण को राजा बनाया, जिससे हमें सिखने को मिलता है कि जीतने के बाद भी अहंकार से दूर रहना चाहिए. अन्य धर्म में इब्राहिम के ही तीन संतान से तीन धर्म हुआ जो यहूदी, इस्लाम, और क्रिस्चन कौम है जबकी सिख धर्म एक पवित्र हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए ही बना जब मुगलों के शासन में हिन्दू होकर भी उसका साथ दें रहें थे इसलिए खालसा धर्म की स्थापना स्वयं श्री गुरुगोविन्द सिंह जी ने की जिन्हे सिख भगवान राम का अवतार मानते हैं जो पटना के कंगन घाट पर आज भी देखने क़ो मिलेगा अब सवाल यह है कि अन्य धर्मों की तुलना में हिन्दू धर्म का स्थान क़ो इसी बात से समझ सकते हैं कि राजा दसरथ के 4पुत्र राम, लकक्षमन, भरत, शत्रुधन में सभी ने अपने बड़े भाई क़ो ही सबसे बड़ा धर्माधिकारी माना यानि सबों में भगवान राम क़ो सबसे श्रेष्ठ माना और किसी ने भी अपने भाई राम के प्रति अपना दिल से भाई माना, यदि ऐसा ना होता तो लखन भाई राम के साथ 14वर्ष तक जंगल क्यों जाते और भरत उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या में राज्य कैसे करते यही एकता और भगवान श्री राम के महान कार्य हमें एक साथ बाँध कर रखता है.अन्य धर्म में दया की भावना कितनी प्रबल है मुझे नहीं मालूम लेकिन अन्य सबों धर्मों में ऐ बात स्पष्ट रूप से है एक दिन ईश्वर आपके कर्मों का एक एक हिसाब लेगा लेकिन हिन्दू धर्म में भगवान श्री राम क़ो दया का सागर कहा गया है यानि भगवान राम के चरणों में आप कितना भी क्रूर क्यों ना हो उनके चरण स्पर्श मात्र से आपके अंदर इतनी सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी जो आपके नकारात्मक ऊर्जा क़ो नस्ट कर आपका उद्धार कर देगा अन्य धर्मों की भी सराहना करता हूँ लेकिन इजराइल में येरुसिलम क़ो लेकर यहूदी, इस्लाम औऱ क्रिस्चन क़ो लेकर जो विवाद है उसे अभी तक विद्वसंक होता जा रहा है यहूदी एक ऐसा कौम है जो मूसा क़ो भगवान मानते हैं लेकिन उसमें कभी धर्मान्तरण नहीं होता और,यहूदी क्रिस्चन और इस्लाम क़ो लेकर जो आपस में खुनी संघर्ष हुआ है उतना हिन्दू धर्म में कभी नहीं हुआ हिटलर ने यहूदी क़ो सेकेनंड( 2 )वर्ल्ड वार में ब्रिटेन का साथ देने पर जर्मनी से 60 लाख लोगों क़ो मरवा दिया क्योंकि वह ब्रिटेन से युद्ध लड़ रहा था इसी तरह तुर्की ने अपने आस पास के परोसी देश में लाखों क्रिस्चन का धर्म परिवर्तन कराया और लाखों क़ो मरवा दिया इजराइल क़ो ही देखें फिलिस्तीन क़ो किस कदर मार रहा है और इस्लाम में भी शिया और सुन्नी का गजब ही लड़ाई होता है अपने वर्चस्व क़ो लेकर इसलिए अरब में एक देश शिया क़ो राज नहीं करने देता और सुन्नी क़ो ही असली इस्लाम मानता है जो कर्बला की जंग से मालूम होगा अतः जिसमें इंसानियत ना हो उसमें धर्मों में आपस में क्यों लड़ते हैं जबकी भारत हिन्दू बाहुल्य होने के बाद सभी धर्मों का सम्मान करता है जो भगवान राम ने हम सभी क़ो सिखाया है भगवान श्री राम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि थाईलैंड के राजा उनका वंसज मानते हैं कोरिया मे उनके ग्रन्थ मे भगवान राम का रिश्ता माता सीता से जोड़कर अयोध्या मे भारी संख्या मे आते है सिख गुरुगोविन्द सिंह का अवतार मानते हैं अब यहाँ तक नेपाल के राजा जो कॉमनिस्ट ओली शर्मा है जो भगवान क़ो मानते नहीं उन्होंने कहा की भगवान राम नेपाल में पैदा हुए हैं.

यह मैं नहीं खुद स्वामी विवेकानंद ने कहा है जब हमारे धर्म ग्रन्थ गीता क़ो शिकागो में सबसे निचे रखा गया तो उन्होंने ही कहा हिन्दू धर्म सबसे निचे इसलिए है कि सभी धर्मों का बेस यानी जड़ है आधार है जिसमें अन्य धर्मों क़ो आधार दिया है।




शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, 30, गुरुवासरे, पुर्नवसु नक्षत्रे, शोभन योगे, हलकरणे, सुबह मिथुन की चंद्रमा, दोपहर बाद कर्क की चंद्रमा, हरियाली अमावस्या, मिथुने शुक्र 54/40 सर्वार्थ सिंह योग 30/3 तथापि सुबह पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ, दोपहर बाद उत्तर दिशा की यात्रा उत्तम होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, लेखक-कवि, जज, कुशल व्यापारी होगा।

मेष राशि :- मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, कार्य-व्यवसाय गति उत्तम बनी रहेगी।

वृष राशि :- धन प्राप्ति के योग बनेंगे, नवीन मैत्री व मंत्रणा प्राप्त होगी, समय का ध्यान अवश्य रखें।

मिथुन राशि :- इष्ट-मित्र सहायक रहें, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, रुके कार्य बन जायेंगे।

कर्क राशि :- सामाजिक मान-प्रतिष्ठा, कार्य-कुशलता से संतोष तथा रुके कार्य बन ही जायेंगे।

सिंह राशि :- परिश्रम से समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे तथा व्यवसाय-गति उत्तम रहेगी।

कन्या राशि :- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहे, कार्य-कुशलता से संतोष रहेगा।

तुला राशि :- दैनिक व्यवसाय गति उत्तम तथा व्यवसायिक चिन्ता अवश्य ही बनेगी।

वृश्चिक राशि :- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, असमंजस तथा सफलता न मिले, कार्य अवरोध होगा।

धनु राशि :- स्थिति अनियंत्रित रहे तथा नियंत्रण करना अवश्य होगा, ध्यान अवश्य देवें।

मकर राशि :- मानसिक चिंता एवं स्वाभाव में मानसिक खिन्नता अवश्य ही बन जायेगी, धैर्य रखें।

कुंभ राशि :- कार्य-योजना फलीभूत होगी, विघटनकारी तत्व परेशान अवश्य करेंगे।

मीन राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक होगा तथा कार्य-कुशलता से संतोष अवश्य होगा।

## हनुमान जी की तस्वीर दक्षिण दिशा की ओर लगायें



सनातन धर्म वास्तु और ज्योतिष की मानी जाए तो किसी भी प्रकार की तस्वीर या मूर्ति को घर में रखने से पहले कुछ बातों का जानना बहुत ज़रूरी है।वास्तु और ज्योतिष के साथ-साथ हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में भी देवी-देवताओं की प्रतिमाएं को रखने से चमत्कारी प्रभाव देती हैं। इसलिए शास्त्रों में इनकी प्रतिमाओं और तस्वीरों को रखने के बहुत से महत्वपूर्ण नियम बताए गए हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार घर में देवी-देवताओं की तस्वीरें लगाने से सभी परेशानियां दूर होती हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है।हनुमान जी की तस्वीर का महत्व और उससे जुड़े कुछ वास्तु नियम-शास्त्रों के अनुसार हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी हैं और इसी वजह से उनकी तस्वीर बेडरूम में न रखकर घर के मंदिर में या किसी अन्य पवित्र स्थान पर रखना शुभ रहता है। वास्तु वैज्ञानिकों के अनुसार हनुमान जी का चित्र दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए लगाना चाहिए क्योंकि हनुमान जी ने अपना प्रभाव अत्यधिक इसी दिशा में दिखाया है जैसे लंका दक्षिण में है, सीता माता की खोज दक्षिण से आरंभ हुई, लंका दहन और राम-रावण का युद्ध भी इसी दिशा में हुआ। दक्षिण दिशा में हनुमान जी विशेष बलशाली हैं। इसी प्रकार से उत्तर दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाने पर दक्षिण दिशा से आने वाली हर नकारात्मक शक्ति को हनुमान जी रोक देते हैं। वास्तु अनुसार इससे घर में सुख और समृद्धि का समावेश होता है और दक्षिण दिशा से आने वाली हर बुरी ताकत को हनुमान जी रोक देते हैं। जिस रूप में हनुमान जी अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हों ऐसी तस्वीर को घर में लगाने से किसी भी तरह की बुरी शक्ति प्रवेश असंभव है।

## इन सरल उपायों से करें घर में वास्तुत दोष समाप्ता, ऑफिस में भी आजमाएं




वास्तु-शास्त्र इसके रचयिता भगवान विश्वकर्मा की मानव को अभूतपूर्व देन है। ज्योतिष विज्ञान के अंतर्गत वास्तु का एक महत्वपूर्ण स्थान है। किसी भी भवन का निर्माण करते समय उसे वास्तुनुकूल बनाना आवश्यक है क्योंकि घर में सुख, शांति एवं समृद्धि इसी पर आधारित है। वास्तु दोष होने पर भवन में कई प्रकार की परेशानियां, अस्वस्थता, अकारण दुःख, हानि, चिंता एवं भय आदि बना रहता है। आधुनिक युग में फ्लैट संस्कृति चारों ओर विकसित हो चुकी है। इन फ्लैटों में अगर वास्तु दोष हों तो भी तोड़-फोड़कर अनुकूल बनाना संभव नहीं हो पाता है। कई जगह धनाभाव या अर्थाभाव के कारण भी व्यक्ति वास्तु दोष का निवारण नहीं कर पाता है। लेकिन ऐसे में निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसे में हम घर के सामान या वस्तुओं में फेर-बदलकर वास्तु दोष को एक सीमा तक समाप्त कर सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर आग्नेय कोण (पूर्व-दक्षिण का कोना) में रसोईघर होना चाहिए, किन्तु ऐसा न होने पर अग्नि की पुष्टि नहीं हो पाती है। इसके निवारण के लिए हम घर की इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को जैसे फ्रीज, टी.वी. इत्यादि को इस कोने में रखकर इसे पुष्ट बना सकते हैं। इसी प्रकार घर की पूर्व एवं उत्तर दिशा को खाली रखा जाना चाहिए। अगर ऐसा संभव न हो तो पूर्व या उत्तर दिशा में रखी वस्तुओं के वजन से लगभग डेढ़ गुना वजन नैऋत्य कोण (दक्षिण-पश्चिम)या दक्षिण दिशा में रखा जाना चाहिए क्योंकि नैऋत्य कोण भारी एवं ईशान कोण (पूर्व-उत्तर) हलका होना चाहिए।

इसी प्रकार घर की घड़ियों को हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में लगाया जाना जाना चाहिए, इससे अच्छे समय के आगमन के व्यवधान समाप्त होते हैं। ईशान कोण पवित्र एवं स्वच्छ रखा जाना चाहिए एवं एक घड़ा जल भरकर इस कोने में रखना चाहिए, इसके सत्परिणाम मिलते हैं।

यही नहीं सभी महत्वपूर्ण कागजों को पूर्व या उत्तर दिशा में रखा जाना चाहिए ऐसा न करने से इनसे संबंधित घटनाएं अहितकारी रहती हैं। इस प्रकार घर के शयन कक्ष, पूजा-स्थल, तिजोरी, बाथरूम, बैठक-स्थल, भोजन-कक्ष, मुख्य द्वार एवं खिड़की आदि में परिवर्तन कर वास्तु दोष ठीक कर जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

ऐसा ही आप अपने ऑफिस में भी कर सकते हैं। कई बार देखा गया है कि ऑफिस में आपके बैठने की जगह, फाइल्सक, सिस्टीम, डारेक्शान, विंडो सिटिंग जैसी बेहद छोटी चीजों को आप यथा स्था न रखकर वास्तु दोष समाप्तर कर सकते हैं और तरक्कीट कर सकते हैं।

# विघ्नहर्ता गजानन की पूजा से दूर होते हैं वास्तुदोष

वास्तु दोष से मुक्त सुन्दर व अच्छा घर बनाना या उसमें रहना हर व्यक्ति की इच्छा होती है पर थोड़ा सा भी वास्तु दोष आपको काफी कष्ट दे सकता है लेकिन वास्तु दोष निवारण के महंगे उपायों को अपनाने से पहले विघ्नहर्ता गजानन के आगे मस्तक जरूर टेक लें क्योंकि आपके कई वास्तु दोषों का ईलाज गणपति पूजा से ही हो जाता है। वास्तु पुरुष की प्रार्थना पर ब्रह्मजी ने वास्तुशास्त्र के नियमों की रचना की थी। यह मानव कल्याण के लिए बनाया गया था, इसलिए इनकी अनदेखी करने पर घर के सदस्यों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती है।

अतः वास्तु देवता की संतुष्टि के लिए भगवान गणेश जी को पूजना बेहतर लाभ देगा। इनकी आराधना के बिना वास्तुदेवता को संतुष्ट नहीं किया जा सकता। बिना तोड़-फोड़ अगर वास्तु दोष को दूर करना चाहते हैं तो इन्हें आजमाएं।

गणपति जी का वंदन कर वास्तुदोषों को शांत किए जाने में किसी प्रकार का संदेह नहीं होता है। मान्यता यह है कि नियमित गणेश जी की आराधना से वास्तु दोष उत्पन्न होने की संभावना बहुत कम होती है। इससे घर में खुशहाली आती है और तरक्की होती है।

### मुख्य द्वार पर लगाये प्रतिमा

यदि घर के मुख्य द्वार पर एकदंत की प्रतिमा या चित्र लगाया गया हो तो उसके दूसरी तरफ ठीक उसी जगह पर गणेश जी की प्रतिमा इस प्रकार लगाए कि दोनों गणेशजी की पीठ मिली रहे। इस प्रकार से दूसरी प्रतिमा या चित्र लगाने से वास्तु दोषों का शमन होता है। भवन के जिस भाग में वास्तु दोष हो उस स्थान पर घी मिश्रित सिंदूर से



स्वास्तिक दीवार पर बनाने से वास्तु दोष का प्रभाव कम होता है। घर या कार्यस्थल के किसी भी भाग में वक्रतुण्ड की प्रतिमा अथवा चित्र लगाए जा सकते हैं। किंतु प्रतिमा लगाते समय यह ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि किसी भी स्थिति में इनका मुंह दक्षिण दिशा या नैर्ऋत्य कोण में नहीं हो। इसका विपरीत प्रभाव होता है।

घर में बैठे हुए गणेश जी तथा कार्यस्थल पर खड़े गणपति जी का चित्र लगाना चाहिए, किंतु यह ध्यान रखें कि खड़े गणेश जी के दोनों पैर जमीन का स्पर्श करते हुए हों। इससे कार्य में स्थिरता आने की संभावना रहती है।

भवन के ब्रह्म स्थान अर्थात् केंद्र में, ईशान कोण एवं पूर्व दिशा में सुखकर्ता की मूर्ति अथवा चित्र लगाना शुभ रहता है। किंतु टॉयलेट अथवा ऐसे स्थान पर गणेशजी का चित्र नहीं लगाना चाहिए जहां लोगों को थूकने आदि से रोकना हो। यह गणेशजी के चित्र का अपमान होगा। सुख, शांति, समृद्धि की चाह रखने वालों के लिए घर में सफेद रंग के विनायक की मूर्ति, चित्र लगाना चाहिए।

### सिंदूरी रंग के गणपति की आराधना अनुकूल नहीं

सर्व मंगल की कामना करने वालों के लिए सिंदूरी रंग के गणपति की आराधना अनुकूल रहती है। इससे शीघ्र फल की प्राप्ति होती है। विघ्नहर्ता की मूर्ति अथवा चित्र में उनके बाएं हाथ की ओर सूंड घुमी हुई हो इस बात का ध्यान रखना चाहिए। दाएं हाथ की ओर घुमी हुई सूंड वाले गणेश जी हठी होते हैं तथा उनकी साधना-आराधना कठिन होती है। शास्त्रों में कहा गाया है कि दाएं सूंड वाले गणपति देर से भक्तों पर प्रसन्न होते हैं।

मंगल मूर्ति भगवान को मोदक एवं उनका वाहन मूषक अतिप्रिय है। अतः घर में चित्र लगाते समय ध्यान रखें कि चित्र में मोदक या लड्डू और चूहा अवश्य होना चाहिए। इससे घर में बरकत होती है। इस तरह आप भी बिना तोड़-फोड़ के गणपति पूजन के द्वारा से घर के वास्तुदोष को दूर कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

# ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना-चांदी

नई दिल्ली(ईएमएस)। सोने-चांदी के दाम बुधवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 994 बढ़कर 1,00,502 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 99,508 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,007 बढ़कर 1,15,500 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 पर थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

# सेंसेक्स 540 अंक चढ़कर 82,727 पर बंद

### मेटल-ऑटो सेक्टर में तेजी, रियल्टी 3 प्रतिशत टूटा

मुंबई(ईएमएस)। सेंसेक्स बुधवार को 540 अंक चढ़कर 82,727 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 159 अंक की तेजी रही, ये 25,220 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट रही। टाटा मोटर्स, एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.55 प्रतिशत तक चढ़े। एचयूएल, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर्स गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 में तेजी और 11 में गिरावट है। एनएसई का निफ्टी मेटल, ऑटो, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और फार्मा इंडेक्स चढ़कर बंद हुए। रियल्टी इंडेक्स करीब 3 प्रतिशत नीचे आ गया। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 3.51 प्रतिशत चढ़कर 41,171 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.44 प्रतिशत ऊपर 3,184 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.62 प्रतिशत ऊपर 25,538 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.012 प्रतिशत चढ़कर 3,582 पर बंद हुआ। 22 जुलाई को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.40 प्रतिशत चढ़कर 44,502 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.39 प्रतिशत नीचे 20,892 पर और एसएंडपी 500 0.064 प्रतिशत ऊपर 6,310 पर बंद हुए।

# मिंत्रा पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का केस

नई दिल्ली(ईएमएस)। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म मिंत्रा और उसकी सहयोगी कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। यह मामला करीब 1,654 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा उल्लंघन से जुड़ा है। ईडी को जानकारी मिली थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियां होलसेल कैश एंड कैरी के नाम पर मल्टी ब्रांड रिटेल कारोबार कर रही थीं, जो विदेशी निवेश की नीति के खिलाफ है। सूत्रों का कहना है कि ईडी ने कंपनी के कुछ दस्तावेज और फाइनेंशियल रिकॉर्ड्स की भी छानबीन शुरू कर दी है। यह देखा जा रहा है कि क्या मिंत्रा ने विदेशी फंड्स का इस्तेमाल गलत तरीके से किया या नियमों को दरकिनार किया।

# विरासत की संपूर्ण सुरक्षा के लिए कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च

मुंबई (ईएमएस)। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस ने कोटक सिग्नेचर टर्म प्लान लॉन्च किया है। यह एक विशेष शुद्ध सुरक्षा टर्म इंश्योरेंस है, जिसे उभरते पेशेवरों और उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य परिवारों को मजबूत वित्तीय सुरक्षा देना है, ताकि वे अपनी जीवनशैली बरकरार रखते हुए आत्मविश्वास से अपनी विरासत को आगे बढ़ा सकें। यह प्लान किफायती प्रीमियम पर उच्च लाइफ कवर प्रदान करता है। इसमें नौकरीपेशा लोगों, महिलाओं और ऑनलाइन खरीदारों को विशेष छूट भी मिलती है। इसकी अनूठी विशेषता स्पेशल एग्जिट ऑप्शन है, जो निर्धारित समय पर भुगतान किए गए प्रीमियम की पूरी वापसी का विकल्प देता है। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए, ग्राहक कोटक एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट, कोटक परमानेंट डिसेबिलिटी बेनिफिट और कोटक क्रिटिकल इलनेस प्लस बेनिफिट जैसे राइडर्स जोड़ सकते हैं। कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ महेश बालासुब्रमण्यम ने बताया किकोटक सिग्नेचर टर्म प्लान भारत के बढ़ते समृद्ध पेशेवरों और उद्यमियों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। आजकल महत्वाकांक्षी भारतीय अपने परिवार के भविष्य के लिए निवेश और बचत के ज़रिए विरासत बना रहे हैं, लेकिन अक्सर पर्याप्त सुरक्षा योजना पीछे छूट जाती है।

# हुंडई मोटर इंडिया को 517.34 करोड़ की टैक्स और पेनल्टी का नोटिस भेजा टैक्स विभाग ने

मुंबई,(ईएमएस)। देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया को टैक्स विभाग की ओर से 517.34 करोड़ की टैक्स और पेनल्टी की भारी मांग का नोटिस दिया गया है। यह मामला कंपनी द्वारा कुछ एसयूवी मॉडलों पर कथित रूप से कम जीएसटी कंपनसेशन सेस चुकाने से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि हुंडई ने सितंबर 2017 से मार्च 2020 के बीच कुछ एसयूवी पर तय दर से कम सेस का भुगतान किया। इस आधार पर तमिलनाडु के सीजीएसटी विभाग के कमिश्नर (अपील) ने कंपनी पर 258.67 करोड़ का टैक्स और उतनी ही राशि की पेनल्टी लगाने का आदेश दिया है। हुंडई ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि वे इस आदेश की समीक्षा कर रही है और कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। कंपनी का कहना है कि वह सीबीआईसी द्वारा जारी स्पष्टीकरण और संशोधन को अपने पक्ष में मानती है। साथ ही, कंपनी ने बताया कि फिलहाल इस आदेश का उसके कारोबारी संचालन, वित्तीय स्थिति या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ा है। हुंडई ने संकेत दिया है कि वह इस आदेश को ऊपरी स्तर पर चुनौती देगी, जिससे मामला आगे कानूनी दांवपेच में फंस सकता है और अंतिम निर्णय आने में समय लग सकता है। गौरतलब है कि एसयूवी श्रेणी के वाहनों पर अन्य वाहनों की तुलना में अधिक जीएसटी और सेस लगता है। इसकारण कई बार कंपनियां वाहन की तकनीकी परिभाषा और सेस की दर को लेकर भ्रम में पड़ जाती हैं। यह मामला भी उसी प्रकार की तकनीकी व्याख्या से जुड़ा प्रतीत होता है, जो कंपनियों और टैक्स अधिकारियों के बीच लगातार विवाद का कारण बनता रहा है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 539 , निफ्टी 159 अंक उछला




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 539.83 अंक बढ़कर 82,726.64 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159.00 अंक उछलकर 25,219.90 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में इस तेजी का कारण कारण बैंकिंग और आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणाम भी रहे जिससे बाजार में निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। आज कारोबार के दौरान निफ्टी पर, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी इंडिया, श्रीराम फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों में 2 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गयी।बाजार में आये उछाल का एक कारण अमेरिका और जापान के बीच ट्रेड डील की घोषणा को भी माना जा रहा है। इस डील के तहत जापान के सामानों पर अमेरिका में 15 फीसदी का रेसिप्रोकल टैरिफ लगेगा, जो पहले के घोषित 24 फीसदी टैरिफ दर से कम है। इस डील के बाद दुनिया भर के बाजारों को राहत मिली है। अब निवेशकों की नजरें इस पर टिकी हैं कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर लगी हैं। दुनिया भर के बाजारों की बात करतें तो आज दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांग कांग का हेंग सेंग इंडेक्स सभी हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार भी गत दिवस लाभ के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 198 अंकों की बढ़त के साथ 82,384 के स्तर पर दिखा, जबकि निफ्टी 74 अंक चढ़कर 25,135 के स्तर पर पहुंच गया। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हलचल सीमित रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.06 फीसदी की हल्की बढ़त दर्ज हुई, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.02 फीसदी फिसल गया।

# देश के 1000 आईटीआई होंगे अपग्रेड

### युवाओं को मिलेगा हाईटेक स्किल ट्रेनिंग का मौका




नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर के युवाओं को रोजगार योग्य बनाने और औद्योगिक क्षेत्रों में कुशलता बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी योजना शुरू की है। इसके तहत देश के 1,000 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स (आईटीआई) को अपग्रेड किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार लगभग 60,000 करोड़ का निवेश करेगी। इसका उद्देश्य अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देना है। यह योजना हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगी। इसमें कुछ बड़े आईटीआई को हब बनाया जाएगा, जहां आधुनिक तकनीकों से लैस ट्रेनिंग दी जाएगी। इनसे जुड़े छोटे आईटीआई स्पोक होंगे, जो इन हब से संसाधन और मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इससे पूरे देश में एक समान और गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग सुनिश्चित हो सकेगी। सरकार इस योजना को स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप मंत्रालय के माध्यम से लागू कर रही है। कई बड़ी भारतीय और विदेशी कंपनियां इस योजना में भाग लेने के लिए आगे आई हैं। अब तक 12 से अधिक कंपनियां रुचि दिखा चुकी हैं। इनमें से रिलायंस ग्रुप, अदाणी ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, जेके सीमेंट, जिंदल ग्रुप, टोयोटा इंडिया, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील जैसी प्रमुख कंपनियों ने राज्यों और क्षेत्रों की जानकारी दी है जहां वे ट्रेनिंग देना चाहती हैं।

उदाहरण के लिए, जेके सीमेंट राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, रिन्यूएबल एनर्जी और हॉस्पिटैलिटी में ट्रेनिंग देगा, जबकि रिलायंस महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। इस पहल से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

# 12 फीसदी जीएसटी स्लैब पर फिलहाल कोई बदलाव नहीं




मुंबई (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि दूध, दही, पनीर जैसे रोजमर्रा के आवश्यक उत्पादों पर लागू 12 फीसदपी जीएसटी दर में अभी कोई बदलाव नहीं होगा। हाल ही में संसद में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि 12 फीसदी जीएसटी स्लैब को समाप्त करने या कम करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल विचाराधीन नहीं है। कुछ दिन पहले यह खबरें आई थीं कि जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्री समूह 12 फीसदी स्लैब खत्म करने की सिफारिश कर सकता है। लेकिन चौधरी ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि जीओएम ने अभी तक अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय को नहीं सौंपा है और कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जीएसटी दरों में बदलाव केवल जीएसटी काउंसिल की सिफारिश के बाद ही किया जाएगा।

# अमेरिका-जापान के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौता

### टैक्स दर 15 फीसदी तय, 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा जापान

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका और जापान के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता हुआ है, जिसकी घोषणा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को की। इस समझौते के तहत जापान से अमेरिका में आने वाले सामानों पर अब 15 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर 1 अगस्त तक समझौता नहीं हुआ, तो यह टैक्स 25 प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाएगा। समझौते के अनुसार, जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का भारी-भरकम निवेश करेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Truth Social पर इस समझौते को इतिहास का सबसे बड़ा करार दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस निवेश से होने वाले 90 प्रतिशत मुनाफे पर अमेरिका का अधिकार होगा और इससे लाखों नई नौकरियाँ उत्पन्न होंगी।

# 8वें वेतन आयोग पर कर्मचारी प्रतिनिधियों ने सरकार को सौंपी सिफारिशें

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकारी कर्मचारियों के वेतन की समीक्षा के लिए गठित 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की घोषणा के छह महीने बाद कर्मचारी प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सिफारिशें सरकार को सौंपी हैं। इन सिफारिशों का असर करीब 45 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों पर पड़ेगा, जिनमें रक्षा सेवाओं के कर्मी भी शामिल हैं। राष्ट्रीय संयुक्त परामर्श तंत्र ने सुझाव दिया है कि 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान घटाकर 6.5 फीसदी किया


### भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है

नई दिल्ली (ईएमएस)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने पूर्वानुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जो अप्रैल में जारी अनुमान 6.7 प्रतिशत से कम है। यह संशोधन मुख्य रूप से अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क और उससे जुड़ी नीतिगत अनिश्चितताओं के कारण किया गया है। इन शुल्कों और वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव से भारतीय निर्यात पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने के साथ ही निवेश प्रवाह भी प्रभावित हो सकता है। जुलाई के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में कहा गया है कि हालांकि वैश्विक आर्थिक चुनौतियां बनी हुई हैं, भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की मांग में सुधार के कारण घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। सेवा और कृषि क्षेत्र को वृद्धि के मुख्य स्तंभ माना गया है। विशेष रूप से, सामान्य से अधिक मानसूनी वर्षा होने की संभावना कृषि क्षेत्र को सहारा देगी और उसकी वृद्धि को बढ़ावा देगी। एडीबी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.7 प्रतिशत रखा है। साथ ही, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के शुरुआती संकेत भी आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायक हो सकते हैं।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए अपनी वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जो एडीबी के संशोधित आंकड़े के समान है।इस तरह, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है, लेकिन अमेरिका के शुल्क और नीतिगत बदलावों से सतर्क रहने की जरूरत बनी हुई है।

# रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को 3 पैसे की गिरावट के साथ रुपया 86.41 पर बंद हुआ। आज सुबह भारतीय रुपया विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच ही शुरुआती कारोबार में दो पैसे टूटकर 86.40 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने रुपये में भारी गिरावट को रोका जबकि अमेरिका के जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी मुद्रा मजबूत हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में थोड़ा सुधार के साथ 86.40 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.38 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीदसी बढ़त के साथ 97.15 पर आ गया।

# भारत में गूगल प्ले, एंड्रॉयड ने 2024 में 4 लाख करोड़ का राजस्व कमाया




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में गूगल प्ले और एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म ने 2024 में ऐप पब्लिशर और देश की व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जो स्मार्टफोन की बढ़ती संख्या, किफायती डेटा और सक्रिय डेवलपर्स एवं उद्यमियों की वजह से संभव हो पाया है। यह ऐप इकोसिस्टम न केवल राजस्व बढ़ा रहा है, बल्कि इसने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 35 लाख से अधिक नौकरियां भी पैदा की हैं। ऐप पब्लिशर से तात्पर्य उन कंपनियों और व्यक्तियों से है जो ऐप बनाकर उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाते हैं। डिजिटल टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रभाव ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी है, जिससे देश में रोजगार के अवसर और आर्थिक विकास में वृद्धि हो रही है।

# एआई में भारी निवेश के बावजूद भारत की आईटी कंपनियों को अपेक्षित लाभ नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की प्रमुख आईटी कंपनियां टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजी और टेक महिंद्रा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और जनरेटिव एआई में भारी निवेश करते हुए अब तक 2.5 लाख से अधिक कर्मचारियों को एआई स्किल्स की ट्रेनिंग दी है। शुरुआती दौर में बेसिक प्रशिक्षण दिया गया, लेकिन अब कंपनियां इंडस्ट्री-स्पेसिफिक और एडवांस स्किल्स पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। टीसीएस ने 1.14 लाख कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर एआई स्किल पिरामिड मॉडल अपनाया है। विप्रो ने 87,000 से अधिक लोगों को ट्रेनिंग दी है और एआई लैब्स की स्थापना की है। इंफोसिस ने अपने कर्मचारियों को एआई-अवेयर और एआई-मास्टर्स की श्रेणियों में बांटा है। एचसीएल टेक ने 42,000 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें 12,000 सक्रिय रूप से एआई प्रोजेक्ट्स पर कार्यरत हैं। टेक महिंद्रा ने 77,000 लोगों को बेसिक एआई स्किल्स सिखाई हैं। हालांकि, इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के बावजूद इन कंपनियों की रेवेन्यू ग्रोथ और प्रोडक्टिविटी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल तकनीकी ट्रेनिंग से परिणाम नहीं मिलेंगे; कंपनियों को एआई को व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के रूप में उपयोग करना होगा। इसके अलावा एआई के चलते लागत घटने की बजाय बढ़ रही है। उदाहरण के लिए टीसीएस की कर्मचारी लागत जून 2025 की तिमाही में बढ़कर 47.6 फीसदी हो गई है। कुल मिलाकर एआई :पर भारी निवेश के बावजूद इसका असर अभी तक सीमित रहा है, और कंपनियां अब भी ट्रायल और इम्प्लीमेंटेशन के चरण में हैं।

# 16वें वित्त आयोग को स्थानीय निकायों को अधिक धन आवंटित करने पर ध्यान देना चाहिएः राजन



### स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने में मदद मिलेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 16वें वित्त आयोग को स्थानीय निकायों, जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों को अधिक धनराशि आवंटित करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उनका मानना है कि इससे स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सुलझाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले के वित्त आयोगों ने मुख्य रूप से राज्यों को धनराशि दी है, लेकिन अब राज्यों से स्थानीय निकायों को धन हस्तांतरण की आवश्यकता है। राजन ने चीन और अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि उन देशों में स्थानीय सरकारी कर्मचारियों की संख्या भारत की तुलना में कहीं अधिक है, जिससे वहां के स्थानीय प्रशासन मजबूत होते हैं। उन्होंने भारत जैसे विशाल देश में विकेंद्रीकरण की जरूरत पर जोर दिया, ताकि प्रशासनिक और निर्णय लेने की जिम्मेदारियां केंद्र से लेकर राज्यों और स्थानीय निकायों तक पहुंचें। राजन ने सुझाव दिया कि वित्त आयोग को स्थानीय निकायों को धन आवंटित करने के लिए प्रलोभन और दंड का भी उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने केंद्र से कर राजस्व में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है, जबकि वर्तमान में यह 41 प्रतिशत है। राजन ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) पर कहा कि इस योजना के प्रभाव को मापने के लिए सार्वजनिक आंकड़े अभी सीमित हैं। हालांकि मोबाइल फोन के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन रोजगार सृजन में बड़े बदलाव नहीं दिखे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को दुर्लभ खनिजों के मामले में रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और कहा कि कश्मीर में दुर्लभ खनिजों के भंडार मौजूद हैं, जिन्हें देश के विकास में उपयोग किया जा सकता है।

# राज्य को जीएसटी राजस्व में कोई नुकसान नहींः मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत



पणजी (ईएमएस)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि राज्य के बाहर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालयों के माध्यम से कंपनियों द्वारा बिक्री और बिलिंग करने से गोवा को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने यह बात गोवा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के विधायक जीत अरोलकर के सवाल के जवाब में कही। अरोलकर ने यह पूछा था कि क्या राज्य के बाहर 'बिक्री बिंदु' घोषित करने वाली कंपनियों के कारण, जिनकी विनिर्माण गतिविधि गोवा में होने के बावजूद, गोवा सरकार को जीएसटी राजस्व का नुकसान हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री सावंत ने स्पष्ट किया कि जीएसटी प्रणाली एक उपभोग आधारित कर व्यवस्था है, जो 1 जुलाई 2017 से लागू है। इस व्यवस्था के तहत कर उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश को मिलता है जहां वस्तु या सेवा का वास्तविक उपभोग होता है। सावंत ने कहा कि इसलिए कंपनियों द्वारा बिक्री और बिलिंग का स्थान चाहे राज्य के बाहर हो, इसका गोवा के जीएसटी राजस्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने आगे बताया कि गोवा में निर्मित वस्तुओं पर कर उस राज्य को मिलेगा जहां उनका उपभोग होता है। अगर गोवा में निर्मित वस्तुओं का उपभोग गोवा में होता है तो उस पर कर गोवा को ही मिलेगा। इसी प्रकार, जो वस्तुएं अन्य राज्यों में उपभोग होती हैं, उनका कर उस संबंधित राज्य को जाएगा।

# संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने किया तनाव कम कराने का दावा, भारत कर दिया करेक्शन



जिनेवा,(ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर अमेरिका ने दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को कम करने में अमेरिका का बड़ा योगदान रहा है। हालांकि इस पर तत्काल ही भारत ने करेक्शन करते हुए स्पष्ट कर दिया कि ये दोनों देशों के बीच आपसी सहमति से संभव हुआ है। न कि अमेरिकी प्रयासों से। कार्यवाहक अमेरिकी प्रतिनिधि डोरोथी शीया ने कहा कि पिछले तीन महीनों में अमेरिकी नेतृत्व की भूमिका में जिन तनावपूर्ण संघर्षों को कम किया गया, उनमें भारत और पाकिस्तान के बीच का तनाव भी शामिल है।डोरोथी ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने दोनों पक्षों को इन प्रस्तावों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसकी हम सराहना और समर्थन करते हैं। दूसरी ओर, भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने दृढ़ता से कहा कि यह पाकिस्तान के भारत से अनुरोध पर सीधे तौर पर संपन्न हुआ था। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने जब अपने प्राथमिक लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया, तो पाकिस्तान के अनुरोध पर सैन्य गतिविधियों को सीधे तौर पर रोक कर दिया गया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक केंद्रित, नपी-तुली और गैर-उत्तेजक कार्रवाई थी। हरीश ने बताया कि यह अभियान सुरक्षा परिषद के उस बयान से प्रेरित था, जिसमें पहलगाम हमले के अपराधियों, योजनाकारों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जिम्मेदार ठहराने की जरूरत पर जोर दिया गया। इस अभियान के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। डोरोथी और पी हरीश, सुरक्षा परिषद में बहुपक्षवाद और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान विषय पर खुले विमर्श के दौरान बोल रहे थे, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इसहाक डार ने की। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष रुकवाया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी उनके इस दावे का समर्थन किया है।डोनाल्ड ट्रंप दावा कर चुके हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव अगर ऐसे ही चलता रहता, तो एक हफ्ते के भीतर यह परमाणु युद्ध में बदल जाता। ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को यह कहकर संघर्ष रोकने को मजबूर किया कि अगर उन्होंने युद्ध नहीं रोका, तो कोई व्यापार समझौता नहीं होगा।हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने ट्रंप से फोन पर स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के साथ संघर्ष को रोकने के बदले किसी तरह की मध्यस्थता या व्यापार समझौते को लेकर कोई लेन-देन नहीं हुआ है। इस तरह भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ उसका रुख पूरी तरह द्विपक्षीय और संप्रभु नीति पर आधारित है, किसी बाहरी दबाव या सौदेबाजी पर नहीं।

मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट तौर पर बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई चर्चा नहीं हुई, या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता का कोई प्रस्ताव नहीं आया।

# ट्रंप को मारने की तैयारी में जुटा ईरान, क्राउड फंडिंग से जुटाए अब तक 350 करोड़ रुपये

## ईरान के मौलवियों के इशारे पर शुरु हुआ यह अभियान



तेहरान,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जान का खतरा मंडरा रहा है। ईरान के मौलवियों के इशारे पर ट्रंप की हत्या के लिए क्राउड फंडिंग के माध्यम से भारी-भरकम रकम जुटने की योजना है। अब तक 40 मिलियन डॉलर यानी भारतीय करेंसी में करीब 350 करोड़ रुपये इकट्ठा हो चुके हैं। इतना ही नहीं ईरान के पड़ोसी देश अजरबैजान के एक मौलवी ने भी ट्रंप की हत्या के लिए इनाम घोषित किया है। ट्रंप भले ही ईरान और इजरायल के बीच युद्ध रोकने का कोई भी दावा करते हो लेकिन सच्चाई यह है कि ईरान के ज्यादातर लोग उन्हें इस लड़ाई का जिम्मेदार मानते हैं। इसीकारण ईरान के मौलवियों के इशारे पर अमेरिकी राष्ट्रपति की हत्या के लिए फंड एकत्रित हो रहा है।रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह के फंड को क्राउड फंडिंग बताया गया है, जिसमें अब तक 40 मिलियन डॉलर एकत्र हुए हैं। दरअसल क्राउड फंडिंग फंड का मतलब है कि इसमें कोई भी सहयोग कर सकता है और सहयोग करने की राशि कुछ भी हो सकती है। बताया जाता है कि ब्लड कोवेनेंट नाम के कथित समूह ने कई ईरानी मौलवियों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के लिए जारी किए गए फतवों के बाद हत्या अभियान के लिए फंड एकत्र करना शुरू किया था। बताया गया है कि इस समूह को ईरानी राज्य द्वारा नियुक्त किए गए एक दर्जन से ज्यादा मौलवियों का समर्थन मिला था। खुफिया रिपोर्ट में इस बात का हवाला नहीं है कि आखिर यह पैसा किसके पास रखा गया है और इस काम को करने की जिम्मेदारी किसी आतंकवादी संगठन या समूह को दी गई है।रिपोर्ट में अजरबैजान प्रांत में राज्य द्वारा नियुक्त एक मौलवी का भी हवाला दिया गया है, जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति की हत्या के लिए 100 बिलियन तोमन स्थानीय मुद्रा का इनाम रखा है। 100 बिलियन तोमन का मतलब है करीब सवा मिलियन डॉलर है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के पास यह तमाम रिपोर्ट किसी न किसी रूप में उपलब्ध है। इसकारण अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर ज्यादा सख्ती बढ़ती जा रही हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एपस्टीन विवाद के बीच ट्रंप ने ओबामा पर लगाया देश से विश्वासघात का आरोप

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर देश से विश्वासघात का आरोप लगाया है, इसके बाद ओबामा के प्रवक्ता ने इन आरोपों को बेतुका और ध्यान भटकाने की साजिश बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब मीडिया ने ट्रंप से दिवंगत अमेरिकी फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन से जुड़े मामले पर सवाल किया, तब उन्होंने बराक को निशाना बनाना शुरू कर दिया।ट्रंप ने कहा, उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी करने की कोशिश की और पकड़े गए। इसके लिए सख्त सजा होनी चाहिए। यह देश से विश्वासघात था। ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति ओबामा को गिरोह का मुखिया बताकर आरोप लगाया कि डेमोक्रेट्स ने 2016 से लेकर 2020 तक चुनावों में कथित तौर पर हेराफेरी की। इस पार्टी में जो बाइडेन और हिलेरी क्लिंटन भी शामिल हैं।लेकिन अभी तक डेमोक्रेट्स की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन ओबामा के प्रवक्ता पैट्रिक रोडनबश ने ट्रंप के आरोपों को बेतुका और ध्यान भटकाने का प्रयास बताया है। रोडनबश ने कहा, राष्ट्रपति पद के सम्मान में, हमारा कार्यालय आमतौर पर व्हाइट हाउस से निरंतर आने वाले झूठ और गलत जानकारी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देता, लेकिन यह दावे इतने अपमानजनक हैं कि इन पर प्रतिक्रिया देना जरूरी है। यह अजीबो-गरीब आरोप पूरी तरह से बेतुके हैं। यह ध्यान भटकाने की एक कमजोर कोशिश है।उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राजनीतिक और कारोबारी दिग्गजों से व्यापक संबंध रखने वाले एपस्टीन पर यौन अपराधों के आरोप लगे थे। उन्हें गिरफ्तार किया गया था और अगस्त 2019 में जेल में उनकी मौत हो गई, जिसे आधिकारिक तौर पर आत्महत्या करार दिया गया। एपस्टीन के अमेरिका की राजनीतिक और कारोबारी हस्तियों से गहरे संबंध थे।2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने वादा किया था कि अगर वे दोबारा चुने जाते हैं, तब एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करुंगा। हालांकि, इसी महीने की शुरुआत में अमेरिकी न्याय विभाग और एफबीआई ने एक संयुक्त ज्ञापन जारी कर बताया कि कोई भी आपत्तिजनक क्लाइंट लिस्ट मौजूद नहीं है।

### अफगानिस्तान में चीन ने शुरु की अपनी हरकत, चीनी इंजीनियरों और लोकल नागरिकों के बीच झड़प

काबुल,(ईएमएस)। अफगानिस्तान में चीन अब अपनी असली हरकत दिखने लगा है। बाशा प्रांत के शहर ए बुजुर्ग जिले में स्थित एक सोने की खदान को लेकर लोकल निवासियों और खदान में मौजूद चीनी इंजीनियरों और उनके सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों के बीच जमकर हिंसक झड़प हुई। लोकल लोगों का आरोप था कि चीनी प्रशासन वहां से उनके प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने में लगा है। इस इलाके में एल्युमिनियम, सोना और चूना पत्थर के भंडार के साथ-साथ माणिक और लेपिस लजूली जैसे रत्न के भंडार भी हैं। तालिबान शासन ने क्षेत्र के विशाल भंडारों के लिए साल 2024 में खनन ठेका दिया था इसमें अनेक ठेके चीनी कंपनियों को भी दिए गए थे। तालिबान प्रशासन का मानना था कि स्थानीय आबादी द्वारा इन खदानों में अवैध खनन किया जाता है जबकि स्थानीय लोगों का दावा है कि यह खदानें उनके पूर्वजों की है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक चीनी और स्थानीय नागरिकों के बीच हुई सड़क में एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई जबकि अनेक तालिबान इंजीनियर घायल हुआ। इस मामले में कितने लोग मारे गए या घायल हुए इस बारे में तालिबान अधिकारियों ने कुछ भी नहीं बताया है। इलाके में तनाव की घटना को देखकर अफगान तालिबान प्रशासन ने मौके पर अतिरिक्त सशस्त्र बल भेजे हैं जिससे स्थिति को नियंत्रण में किया जा सके। बताया जाता है कि इलाके से होने वाले लाभ को देखकर स्थानीय सत्ताधारियों.. बदख्शां में मौजूद सरकारी तालिबान गुट के अलावा तालिबान के कुछ अन्य गुट भी मौजूद है जिसके चलते इलाके में लगातार तनाव बना हुआ है। यही इलाका इतना महत्वपूर्ण है कि यहीं से चीन और अफगानिस्तान के बीच की सड़क का निर्माण हो रहा है इसके अलावा इस इलाके में नशे का व्यापार भी बड़े पैमाने पर किया जाता है।

### बांग्लादेश में भारत विरोधी रैली में जमाती नेता दो बार हुए बेहोश



ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश की कट्टर इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी की ढाका में हुई एक रैली में भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला गया। इस दौरान पार्टी के नेता डॉ. शफीकुर रहमान दो बार स्टेज पर बेहोश होकर गिर पड़े, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस रैली को बांग्लादेश की नवगठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के युवा नेता सरजिस आलम ने भी संबोधित किया।उन्होंने भारत समर्थक मुजीबपंथी ताकतों को बांग्लादेश में सक्रिय होने का आरोप लगाकर भारतीय आधिपत्य का विरोध करने की बात कही। आलम ने कहा कि जुलाई की क्रांति के बावजूद मुजीबपंथी ताकतों की साजिशें जारी हैं और इन्हें केवल कानूनी तरीके से नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर भी खत्म करना होगा। आलम ने 5 अगस्त, 2024 को हुए आंदोलन में जान गंवाने वाले छात्रों और नागरिकों के सपनों को पूरा न होने की बात कही। उन्होंने शेख हसीना को हत्यारिन बताकर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने और एक स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना की मांग की। यह बयान तब आया है जब बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के गृह नगर गोपालगंज में जबरदस्त हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है।

# बलूचिस्तान प्रांत में ऑनर किलिंग का भयानक मामला, प्रेमी-प्रेमिका की गोली मारकर हत्या



क्वेटा,(ईएमएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बानो बीबी और अहसान उल्लाह नामक जोड़े की ऑनर किलिंग का एक भयानक मामला सामने आया है। दोनों को इसलिए गोली मार दी गई क्योंकि उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की थी, जो कबीलाई परंपराओं के खिलाफ थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी इसकी निंदा की गई। यह घटना मई 2025 में ईद-उल-अज़हा से तीन दिन पहले क्वेटा में हुई थी। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बानो बीबी, सिर पर शॉल ओढ़े और कुरान की एक प्रति लिए, रेगिस्तानी पहाड़ी की ओर बढ़ती हैं। वे स्थानीय ब्राहवी बोली में कहती हैं, "मेरे साथ सात कदम चलो, फिर तुम मुझे गोली मार सकते हो। उनके पीछे चल रहे एक व्यक्ति ने उनकी बात को संकेत मानकर उन्हें कई गोलियां मारीं, जिससे तीसरी गोली लगने पर बानो जमीन पर गिर पड़ीं। इसके बाद अहसान उल्लाह को भी गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। यह सब भीड़ के सामने हुआ, जो तमाशबीन बनी रही।पुलिस ने मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कबीले के सरदार शेरबाज सतकजई और बानो का भाई भी शामिल हैं। पुलिस प्रमुख नवेद अख्तर के अनुसार, बानो के भाई ने सरदार सतकजई से शादी की अनुमति न मिलने की शिकायत की थी। इसके बाद कबीलाई जिरगा ने जोड़े को 'काला-कारी' (अनैतिक संबंध) का दोषी ठहराकर उनकी हत्या का फरमान जारी किया था। हत्या का वीडियो वायरल होने के बाद, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ऑनर किलिंग की स्थिति

ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान (एचआरसीपी) के अनुसार, 2024 में कम से कम 405 'ऑनर किलिंग' के मामले दर्ज हुए हैं। हालांकि, कार्यकर्ताओं का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है क्योंकि कई मामले सामने नहीं आते। यह घटना बलूचिस्तान में कबीलाई पितृसत्ता और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की गहरी जड़ों को उजागर करती है। यह दुखद घटना पाकिस्तान में कानून लागू करने और सामाजिक सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

## गाजा में यहूदी बस्तियां बसाने की इजरायल की योजना

तेलअवीव,(ईएमएस)। इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मॉट्रिक ने उत्तरी गाजा का विलय करने और गाजा रिवेरा के रूप में विकसित करने की योजना का खुलासा किया है, जहाँ यहूदी बस्तियां बसाने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस इलाके को इजरायल का अभिन्न अंग बनाया जाएगा। इजरायली सेना प्रमुख इयाल जमिर ने भी इस विचार की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना में गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनियों को दक्षिणी गाजा या मिस्र, यमन, लेबनान जैसे मुस्लिम देशों में स्थानांतरित करना शामिल है। उन्होंने इस इलाके में बहुत संभावनाएं बताकर सुरक्षा के लिहाज से इजरायल में मिलाने की बात कही।

स्मॉट्रिक ने कहा कि हमारा प्लान है कि इस इलाके में यहूदी बस्तियां बसाई जाएं। इसके अलावा गाजा में रह रहे फिलिस्तीनियों को दक्षिणी गाजा में रखा जाए। इसके अलाव वे मिस्र, यमन, लेबनान जैसे मुस्लिम देशों में जा सकते हैं। स्मॉट्रिक ने कहा कि मुझे भरोसा है कि यहां बहुत संभावनाएं हैं।

# पाक सेना के पूर्व अधिकारी का दावाः मुनीर खुद को राष्ट्रपति, साले को पीएम बनाना चाहता है



इस्लामाबाद(ईएमएस)। पाकिस्तानी सेना के पूर्व मेजर आदिल राजा ने दावा करते हुए कहा है कि वह अब व्हिसलब्लोअर के रूप में लंदन में निर्वासन की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पर सीधे तौर पर पाकिस्तान के लोकतंत्र को बर्बाद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि मुनीर सिर्फ आर्मी चीफ नहीं रहना चाहते। वो राष्ट्रपति बनना चाहते हैं और अपने साले को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनवाना चाहते हैं।आदिल राजा के मुताबिक, यह पूरी स्क्रिप्ट 'मशर्रफ स्टाइल' की है। पहले देश में गड़बड़ी फैलाओ, फिर खुद को मसीहा बताकर सत्ता पर काबिज हो जाओ। राजा ने आरोप लगाया कि आसिम मुनीर खुद को फील्ड मार्शल का रैंक दे चुके हैं और अब पूरी सिविल व्यवस्था को पीछे धकेलकर सेना को सामने लाना चाहते हैं। आदिल राजा का कहना है कि आईएसआई और जनरल आसिम मलिक यूके की लिबरल लॉ प्रणाली का फायदा उठाकर विरोधियों को कानूनी जाल में फंसा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ये लोग सिर्फ मानहानि केस ही नहीं कर रहे, बल्कि आलोचकों के खिलाफ साजिशन हमले भी करवा रहे हैं। उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उनके केस के गवाह शाहजाद अकबर पर यूके में एसिड अटैक हुआ, जिसके पीछे भी आईएसआई का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। राजा ने कहा, आईएसआई की कोशिश है कि किसी भी तरह से ये मामला मीडिया में न आए। वो अपने पाप छुपाना चाहते हैं, लेकिन मैं चुप नहीं रहूंगा।आदिल राजा ने यह भी बताया कि उनके खिलाफ ब्रिगेडियर राशिद नासिर (आईएसआई, पंजाब सेक्टर कमांडर) ने यूके में मानहानि का केस दर्ज कराया है। आदिल का कहना है कि यह केस पाकिस्तानी मिलिट्री और आईएसआई की एक सोची-समझी रणनीति है ताकि उन्हें चुप कराया जा सके। राजा ने बताया कि यूके की काउंटर टेरर पुलिस ने उन्हें 9 महीने तक आतंकवाद के आरोप में जांचा, लेकिन बाद में क्लीन चिट दे दी। अब जब वो रास्ता बंद हो गया तो सेना ने कोर्ट के रास्ते उन्हें फंसाने की नई चाल चली है। आदिल राजा को पाकिस्तान सरकार ने गैर-मौजूदगी में कोर्ट मार्शल कर 14 साल की सजा सुनाई है। लेकिन उनका कहना है कि उनका असली 'अपराध' सिर्फ यह है कि उन्होंने सेना की करतूतों को उजागर किया। उन्होंने कहा, 'मैंने सिर्फ इतना किया कि जनता को बताया कि कैसे सेना सरकारें गिराती है, चुनावों को प्रभावित करती है, अदालतों में दखल देती है और भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

# देवदूत बने डॉ केए पॉल ने किया दावा कहा यमन में निमिषा प्रिया की फांसी हुई रद्द



सना(ईएमएस)। कहते हैं मारने वाले से बचाने वाला कई गुना बड़ा होता है। ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के संस्थापक डॉ केए पॉल किसी देवदूत से कम नहीं हैं। उन्होंने यमन में मौत की सजा पा चुकी भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी रद्द कराने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी खुद पॉल ने एक वीडियो जारी करके दी। उन्होंने यमनी नेताओं के प्रभावशाली और प्रार्थनापूर्ण प्रयासों और पिछले दस दिनों की अथक मेहनत की सराहना की। डॉ पॉल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारतीय राजनयिक निमिषा को सुरक्षित भारत लाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने सना जेल से निमिषा की ओमान, जेद्दा, मिस्र, ईरान या तुर्की के रास्ते सुरक्षित वापसी के लिए भारत सरकार के साथ रसद व्यवस्था की बात कही।डॉ केए पॉल का जन्म 10 सितंबर 1963 में आंध्र प्रदेश में हुआ था। उन्हें आधुनिक गांधी भी कहा जाता है। वो एक भारतीय मूल के समाजसेवी हैं। उन्होंने अमेरिका-आधारित ग्लोबल पीस इनिशिएटिव (जीपीआई) और गॉस्पेल टू द अनरीच्ड मिलियन्स (जीयूएम) की स्थापना की। आंध्र प्रदेश में जन्म के बाद उन्होंने 8 साल की उम्र में ईसाई धर्म अपनाया। वो 19 साल की उम्र में पूर्णकालिक मिशनरी बन गए थे। वो 155 देशों में 2200 शांति रैलियां आयोजित कर चुके हैं। डॉ केए पॉल लाइबेरिया, इराक और भारत-पाकिस्तान जैसे क्षेत्रों में शांति मध्यस्थता के लिए जाने जाते हैं। कहा जाता है कि कई बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित पॉल ने 3.1 लाख अनाथों की मदद की है। निमिषा की रिहाई भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। ऐसा इसलिए क्योंकि यमन एक गृहयुद्ध देश है। भारत के यमन के साथ कोई औपचारिक कूटनीतिक संबंध नहीं हैं। इसके बावजूद भारत ने मिडिल-ईस्ट में अपने प्रभाव के दम पर निमिषा की कानूनी लड़ाई में मदद की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह बताया था कि भारत यमनी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और निमिषा के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। मंत्रालय ने निमिषा के परिवार के लिए वकील नियुक्त किया और शरिया कानून के तहत क्षमादान की संभावनाएं तलाशीं।

# शांति वार्ता के लिए तैयार बैठे जेलेंस्की को रूस की दो टूक कहा, ज्यादा उम्मीदें न पालें



कीव(ईएमएस)। शांति वार्ता के लिए तैयार बैठे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को रूस ने सीधा मैसेज दिया है कि ज्यादा उम्मीदें पालने की जरुरत नहीं है क्यों कि कोई चमत्कार होने वाला नहीं है। फिलहाल बीते चार से युद्ध की आग में जल रहे रूस-यूक्रेन को राहत मिलती नहीं दिख रही है।इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की शांतिवार्ता की पेशकश कर चुके हैं, उनके बीच पिछले दौर की बातचीत भी हुई थी, जिसका कोई नतीजा नहीं निकला। एक बार फिर रूस के तेवर को देखते हुए जेलेंस्की लगातार बातचीत के लिए कह रहे हैं पर शायद ही पुतिन इस वार्ता से कुछ हल निकालना चाहते हैं। बता दें कि पहले दो दौर की बातचीत 16 मई और 2 जून को इस्तांबुल में हुई थीं, जिनमें कैदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी थी, लेकिन युद्धविराम या युद्ध समाप्ति पर कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई।रूस ने यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच आगामी शांति वार्ता को लेकर ज्यादा उम्मीदें नहीं पालने के लिए कहा है। उसने सीधे कहा है कि निकट भविष्य में किसी बड़ी सफलता की संभावना नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा– वर्तमान परिस्थितियों में किसी चमत्कारी सफलता की उम्मीद करना अवास्तविक है। उन्होंने कहा कि रूस अपने हितों की सुरक्षा और प्रारंभ से तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पेसकोव ने यह भी कहा कि शांति समझौते की कोई निश्चित समय सीमा तय करना अनुचित होगा, क्योंकि बातचीत में कुछ मुश्किलें भी हैं। हालांकि रूस की ओर से ने अगली वार्ता की तारीख नहीं बताई, उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है यह वार्ता इसी सप्ताह होगी। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा था कि तीसरे दौर की वार्ता बुधवार को होगी, जबकि रूस की मीडिया ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से इसे गुरुवार बताया।जेलेंस्की बुधवार को दोनों देशों के बीच शांति वार्ता की बात कर रहे थे, इससे पहले रूस ने यूक्रेन के तीन शहरों पर हमला कर दिया। सोमवार रात यूक्रेन के तीन शहरों पर हमला किया गया, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई और कम से कम 24 लोग घायल हुए। हमले की खबरें तीसरे दौर की शांति वार्ता से एक दिन पहले आई हैं। रूस ने सूमी, ओडेसा और क्रामातोर्स्क क्षेत्रों पर ड्रोन और ग्लाइड बम से हमला किया।

# पाकिस्तान ने ईरान की पीठ में खंजर घोंपा, अमेरिका को खुफिया जानकारी देकर हवाई मार्ग दिया

## पाकिस्तानी अवाम कर रही शाहबाज सरकार की निंदा

लौहार (ईएमएस)। 22 जून को अमेरिका ने ईरान के नतान्ज एटॉमिक सेंटर पर एयरस्ट्राइक की, इस एयरस्ट्राइक को पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताकर निंदा की। इतना ही नहीं पाकिस्तानी नेता खुद को ईरान का मित्र बताकर मुस्लिम एकता और क्षेत्रीय भाईचारे की दुहाई देते रहे। लेकिन इन दावों के पीछे पाकिस्तान की हकीकत कुछ और ही थी। पाकिस्तान ने अमेरिका को सीक्रेट तरीके से हवाई मार्ग, खुफिया जानकारी और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया था। यह ऐसा खुलासा है, जिसके बाद ईरानी सेना ने पाकिस्तान को धोखेबाज कह दिया है।एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया हैं कि हमले से कुछ दिन पहले पाकिस्तान ने अमेरिकी टैंकर और टोही विमानों को ओवरफ्लाइट की मंजूरी दी थी। यह अनुमति चुपचाप सुरक्षित चैनलों के जरिए दी गई और अमेरिका-पाकिस्तान के पुराने काउंटर टेररिज्म समझौतों के तहत इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने पाकिस्तान के व्यवहार को धोखा बताकर दावा किया कि अगर पाकिस्तान हवाई मार्ग और खुफिया जानकारी न देता तब अमेरिका यह हमला कतई नहीं कर पाता। हालांकि शाहबाज सरकार ने इन दावों को गलत बताकर खारिज किया है।ईरान ने सीमा पर आतंकियों की घुसपैठ रोकने के लिए अतिरिक्त सैनिक तैनात कर दिए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच वर्षों से चल रहे सुरक्षा सहयोग पर खतरा मंडराने लगा है। इस्लामाबाद के लिए यह कोई पहली दुविधा नहीं है।

# रसेल ने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली, प्रशंसकों का आभार जताया



जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अपने अंतिम अंतराष्ट्रीय मैच में आक्रामक पारी खेली हालांकि इस मैच में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी विदायी फीकी पड़ गयी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी से आसानी से जीत हासिल कर की। इस मैच में सभी की नजरें रसेल पर लगी रहीं। उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में प्रशंसक भी स्टेडियम में पहुंचे थे। इस विदायी पार्टी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इंग्लिस ने 33 गेंदों में ही 78 रन बनाए। रसेल ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह इस मैच के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वह सबीना पार्क में अपने घरेलू मैदान में विदाई मैच खेलना चाहते थे और उनका ये सपना पूरा हो गया। इस मैच में रसेल ने 15 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 240 का था। वेस्टइंडीज टीम 20 ओवर में 172 रन बना पाई। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 173 रनों के लक्ष्य को 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

मैच के बाद रसेल ने कहा, मैं सभी प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई, परिणाम भले ही हमारे पक्ष में नहीं गया पर इतने सारे मैच खेलकर मैं खुश हूं और टीम के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी के समर्थन के लिए में आभारी हूं, मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते थे पर अब अंत में मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था, हमारी टीम में कई अच्छे युवा खिलाड़ी हैं, शेफर्ड भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और रदरफोर्ड, अल्ज़ारी और होल्डर जैसे खिलाड़ी भी हैं। सबीना पार्क में अपने करियर का समापन करना काफी अच्छा रहा, परिणाम हमारे पक्ष में नहीं गया पर यहीं क्रिकेट का यही खेल है। आपने हमारा बहुत साथ दिया है और आगे भी देते रहिए।

रसेल ने 2011 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से ही 86 मैचों में 163.80 के स्ट्राइक रेट से कुल 1122 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाये। वहीं गेंदबाजी के दौरान उन्होंने 61 विकेट विकेट लिए। उनका सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन 19 रन देकर 3 विकेट रहा है। उन्होंने 56 एकदिवसीय ओर एक टेस्ट खेला है पर इन दोनो ही प्रारुपों में वह सफल नहीं रहे हैं।



वाशिंगटन में कैमरिन नोरिस डीसी ओपन टेनिस में खेलते हुए।

## हरमनप्रीत ने नई गेंदबाज क्रांति को दिया प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड



लंदन (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत को इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला पर पर उन्हें ये गेंदबाज क्रांति गौड को दे दिय। क्रांति ने इस मैच में 6 विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजी ध्वस्त कर दी थी। क्रांति के इस प्रदर्शन के लिए भले ही उन्हें अवार्ड नहीं दिया गया पर हरमनप्रीत कौर ने अपनी खिलाड़ी को स्पेशल फील कराया। की जमकर प्रशंसा करते हुए अपना प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दे दिया। इसके अलावा जिस गेंद से उन्होंने 6 विकेट लिए थे, उस गेंद को भी साइन करके उनको सौंप दिया। बीसीसीआई वुमेन के सोशल मीडिय में आये एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी खिलाड़ी की कैसे सराहना की। हरमन अपनी ट्रॉफी लेकर क्रांति के पास पहुंचती हैं और कहती हैं, ये मैं तेरे साथ साझा करती हूं। साथ ही कहा , कि उसने करियर का एक शानदार स्पेल किया। वह डब्ल्यूपीएल और घरेलू क्रिकेट से जो अनुभव यहां लेकर आई हो, उसके लिए प्रशंसा होनी ही चाहिये। ये आपके लिए और टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम ने इस मैच में 13 रनों की जीत के साथ ही सीरीज भी अपने नाम की।

## एकल मैच जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस विलियम्स



वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका की महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में एकल मैच जीतकर एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही वीनस पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली विश्व की दूसरी सबसे अधिक उम्र की महिला बन गई हैं। इस मामले में पहले नंबर पर मार्टिना नवरातिलोवा हैं। नवरातिलोवा ने 47 की उम्र में एकल मुकाबला जीता था ।वीनस ने डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 साल छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया है वीनस ने जीत के बाद कहा 'जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे अवसर भी आते थे जब मुझे अपने खेल पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है या नहीं। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है ये अब साफ हो गया है। गौरतलब है कि वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही है।



जर्मनी में एफआईएसयू विश्व यूनीवर्सिटी गेम्स में महिलाओं के शॉट पुट फाइनल में खेलती हुई स्वीडन की एक्सलीना एलिन

## डिविलियर्स की आक्रामक पारी से दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस ने इंडिया चैम्पियंस को हराया

लंदन (ईएमएस)। स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स की आक्रामक पारी से वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस ने इंडिया चैम्पियंस को हरा दिया। इस मैच का आकर्षण डिविलियर्स की पारी रही। इस बल्लेबाज ने 30 गेंद में ही नाबाद 63 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने 4 छक्के और 3 चौके लगाए। इससे पता चलता है डिविलियर्स का अंदाज संन्यास के बाद भी नहीं बदला। उनकी बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीकी चैम्पयंस की टीम निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट के नुकसान पर 208 रन का स्कोर बनाया जिसका पीछा करते हुए इंडिया चैम्पियंस 111 रन ही बना पायी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी डिविलियर्स की बल्लेबाजी में बदलाव नहीं आया। उन्होंने अपने खास अंदाज में 360 डिग्री शॉट खेलकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। डिविलियर्स की शानदार बल्लेबाजी के कारण ही दक्षिया अफ्रीकी चैम्पियंस ने वर्षा बाधित इस मैच में 88 रन से जीत हासिल की है।



डिविलियर्स ने इस मैच में जबरदस्त फील्डिंग की। उन्होंने युसूफ पठान का कैच जिस तरह से लिया उसे देख सभी हैरान रह गये। 41 साल की उम्र में भी डिविलियर्स ने गजब की तेजी दिखायी और लंबी दौड़ लगाकर डाइव करते हुए उन्होंने शानदार कैच लिया। डिविलियर्स का यह कैच अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वहीं इंडिया चैंपियंस की बल्लेबाजी बहुत ही खराब रही। दोनों ओपनर बल्लेबाज मिलकर सिर्फ 3 रन ही बना पाये। इसके बाद पूरी टीम बड़ी मुश्किल से 100 रनों के ऊपर पहुंची।

## मंधाना ने बनाया रिकार्ड



लंदन (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में अपनी 45 रनों की पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। इस पारी के साथ ही मंधाना इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाली विदेशी सलामी बल्लेबाज बन गयी हैं। मंघाना ने अब तक इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करते हुए 715 रन बनाये हैं। ये अब तक किसी भी विदेशी सलामी बल्लेबाज के बनाए सबसे ज्यादा रन हैं। तीसरे एकदिवसीय में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाए। मंधाना के अलावा हरलीन देओल ने भी 45 रन की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों में 102 रन की तेज और शानदार शतकीय पारी खेली। जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाया। ऋचा घोष ने केवल 18 गेंद में 38 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे। जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवर में 305 रन ही बना सकी। कप्तान नैट स्कीवर ब्रंट सिर्फ 2 रन से शतक नहीं बना पायीं। एम्मा लैंब ने 68 और एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 44 रन बनाए। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम की है।

## करुण नायर के पास अपने को साबित करने का अंतिम अवसर

लंदन (ईएमएस)। आठ साल बाद इंग्लैंड दौरे से भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर अगर इस बार रन नहीं बना पाते हैं तो उनका करियर समाप्त हो जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैचों में वह असफल रहे हैं। घरेल क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में अवसर मिला था पर वह अब तक उसका लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीरीज के शुरुआती तीनों मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये। अच्छी शुरुआत करने के बावजूद वह बड़े स्कोर नहीं बना पाये हैं उन्हें एक के बाद दूसरे और तीसरे टेस्ट में भी अवसर मिले। नायर ने मौजूदा सीरीज में अब तक 3 टेस्ट की 6 पारियों में 21.83 की औसत से 131 रन बनाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने चौथे टेस्ट से पहले करुण का बचाव करते हुए कहा, 'हां, हमने उससे बात की है लेकिन हम समझते हैं कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस तरह की सीरीज में कोई खिलाड़ी वापसी करता है तो वह कठिन होता है। पर हम नहीं समझते कि उनकी बल्लेबाजी के साथ कोई मामला है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। कभी-कभी आपको लय मिलने की जरूरत होती है।

एक बार जब आप अपना अर्धशतक बना लेते हैं तब आप बड़े स्कोर खड़े करते हैं पर अब तक उनके साथ ऐसा नहीं हुआ है पर हम उम्मीद करते हैं कि इसमें बदलाव आयेगा।' वहीं पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भी करुण का समर्थन किया है और कहा है कि उन्हें तीसरे नंबर के लिए रखा जाना चाहिये।



## अंशुल कंबोज ने डेब्यू किया

लंदन (ईएमएस)। युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ आज से यहां ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में शुरु हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से अपना डेब्यू किया। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने अंशुल कंबोज को टेस्ट कैप सौंपी। इसी के साथ ही अंशुल भारत के 318 टेस्ट खिलाड़ी बन गये। दाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज कुछ ही दिन पहले इंग्लैंड पहुंचा था और अब उसे अंतिम ग्यारह में भी जगह मिल गई है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के चोटिल होने के कारण अंशुल को इनके कवर के तौर पर भेजा गया था। कंबोज ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में 5 विकेट लिए। उससे भी वह नजरों में आये थे। अंशुल हरियाणा केदाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं जो मध्यम गति की गेंदबाजी भी करते हैं। वह घरेलू क्रिकेट में हरियाणा के लिए खेलते हैं। वह आईपीएल में भी खेल चुके हैं। वर्तमान में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं जबकि इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए खेलते थे। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिए एक पारी के 10 विकेट लिए थे। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेटरणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक ही पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं।। उन्होंने नवंबर 2024 में केरल के खिलाफ 49 रन देकर 10 विकेट लिए थे। इस गेंदबाज ने इमर्जिंग एशिया कप 2024 में भारत ए का प्रतिनिधित्व करते हुए 3 मैचों में 4 विकेट लिए थे।

## फुटबॉलर से डब्यूडब्लयूई रेसलर बने गोल्डबर्ग



अटलांटा (ईमएएस)। हाल में अपना अंतिम मुकाबला खेलने वाले डब्यूडब्लयूई रेसलर बिल गोल्डबर्ग शुरुआत में फुटबॉलर थे। गोल्डबर्ग का बचपन अमेरिका के तुलसा, ओक्लाहोमा में बीता। उन्होंने शुरुआत से लेकर हाई स्कूल तक फुटबॉल खेला। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया में भी फुटबॉल खेलते हुए टीम में अपनी अलग पहचान बनाई। बाद में वह एनएफएल के अटलांटा फाल्कन्स की ओर से खेलने लगे। इस टीम से उन्होंने कई मैच खेले पर चोटिल होने के कारण उनका फुटबॉल करियर बीच में ही रुक गया। ऐसे में गोल्डबर्ग पर्सनल ट्रेनर बन गए। इसी दौरान उन्हें लैरी शार्प नाम के एक रेसलिंग ट्रेनर ने डब्यूडब्लयूई में किस्मत आजमाने को कहा। शार्प को गोल्डबर्ग में रेसलरों सी ताकत और एथलेटिक्स लुक नजर आया। गोल्डबर्ग ने शार्प की बात मानी और उनके रेसलिंग स्कूल मॉन्स्टर में प्रवेश ले लिया। 1990 के दशक में गोल्डबर्ग की चर्चाएं शुरु हो गयीं। वह वर्ल्ड चैंपियनशिप रेसलिंग में 173-0 की रिकॉर्ड जीत से लोकप्रिय हुए। वह अपनी ताकत और तेजी के लिए जाने जाते थे। गोल्डबर्ग 2003 में डब्यूडब्लयूई में शामिल हुए। वहां भी उन्होंने खूब नाम कमाया। 2018 में उन्हें डब्यूडब्लयूई हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। फुटबॉल में चोट लगने से गोल्डबर्ग का करियर समाप्त हुआ था पर उन्हें इससे रेसलिंग में आने का अवसर मिला। वह अपना अंतिम मुकाबला इजराइल में खेलना चाहते थे पर सैन्य तनाव के कारण ये मैच रद्द हो गया था। जिससे उन्हें काफी निराशा भी हुई । 58 साल के गोल्डबर्ग का यह आखिरी मैच तेल अवीव में होने वाला था जो बाद में इसी माह अटलांटा में हुआ।

## त्रिकोणीय टी20 सीरीज : सीफर्ट की आक्रामक पारी से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

जोहांसबर्ग (ईएमएस)। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट की आक्रमक पारी से न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट पर 134 रन बनाये। रीजा हेंड्रिक्स ने सबसे अधिक 41 रन बनाये। इसके बाद कीवी टीम की ओर से सीफर्ट ने 48 गेंदों पर ही नाबाद 66 रन बना दिये। जिससे टीम 16 ओवरों में ही 135 रनों के लक्ष्य तक पहुंच गयी।




दोनों टीमों के बीव अब शनिवार को फाइनल मुकाबाला खेला जाएगा। वहीं जिम्बाब्वे की टीम लगातार तीन मैच हार कर पहले ही फाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी थी। कीवी टीम की इस सीरीज में यह दक्षिण अफ्रीका पर दूसरी जीत है। उसने इससे पहले 21 रन से जीत हासिल की थी। इस मैच में मेजबान टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा जो उसकी हार का कारण बनाया क्योंकि उसने शुरुआत में ही सीफर्ट का कैच छोड़ दिया था। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। स्पिनर सेनुरा मुथुसामी ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। बाकि गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

## स्टोक्स की तरफ भरोसा होता तो बड़े मैच विजेता होते जडेजा : शास्त्री

लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की क्षमताओं पर उन्हें जरा भी संदेह नहीं है पर उनका मानना है कि अगर जडेजा को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की तरह अपनी बल्लेबाजी पर अधिक भरोसा होता तो वह बड़े मैच विजेता होते। लॉर्ड्स में उनकी नाबाद 61 रनों की पारी की काफी तारीफ हुई पर शास्त्री उनकी पारी से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा है कि अगर जडेजा को अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा भरोसा होता तो वह अब तक कई ऐसे मैचों में भारतीय टीम को जीत दिला चुके होते लॉर्ड्स टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में जडेजा ने 181 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए। इस मैच में एक समय भारतीय टीम ने 8 विकेट 112 रन पर खो दिये थे पर उसके बाद जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर भारत की पारी में 172 रन तक पहुंचाया हालांकि टीम 22 रन से लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी। इसी को लेकर शास्त्री का कहना है कि शोएब बशीर और जो रूट जब गेंदबाजी कर रहे थे तब फील्डिंग फैली हुई थी, ऐसे में जडेजा को उनके ओवर में ही तेजी

## सिंधु ने चाइना ओपन में जीत से शुरुआत की





चांगझोउ (ईएमएस)। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने चीन में जारी प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में जीत से शुरुआत की है। सिंधु ने विश्व नंबर 6 खिलाड़ी जापान की तोमोका मियाजाकी को हराकर महिला वर्ग से प्री-क्वाटर्र फाइनल में जगह बनायी। सिंधु ने विश्व नंबर 6 वरीयता प्राप्ता मियाजाकी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गेमों तक चले मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद सिंधु ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए वापसी कर मुकाबला अपने नाम किया। वहीं पुरुष युगल में भारत के सात्विक रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ ही राउंड-ऑफ-16 में जगह बनायी। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा की जोड़ी को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराया।



जिनेवा में इंग्लैंड की कोले केली महिला यूरो कप फुटबॉल में अपनी टीम की ओर से दूसरा गोल करने के बाद उत्साहित होती हुई।

# सचिव, वाणिज्य कर विभाग और आईजी ने लिया राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा







## निरीक्षण के दौरान दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

धनबाद, अमिताभ कौशल, सचिव, वाणिज्य कर विभाग एवं आईजी, अखिलेश कुमार झा, निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी आज रांची से धनबाद पहुंचे। एयरपोर्ट पर उपायुक्त, आदित्य रंजन व वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

अमिताभ कौशल, सचिव, वाणिज्य कर विभाग एवं आईजी, अखिलेश कुमार झा, निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी ने आज राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के आगामी 1 अगस्त 2025 को आईआईटी, आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। दोनो पदाधिकारियों ने एयरपोर्ट से निरीक्षण आरंभ किया। इसके बाद धैया, बरटांड, सिटी सेंटर चौक, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद सदर सीएचसी, रणधीर वर्मा चौक, जिला परिषद रोड, पुलिस लाइन होते आईआईटी आईएसएम पहुंचे। आईआईटी,आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

वहीं आईआईटी आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल, प्रेसिडेंट सुइट, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए निर्धारित आवासन, स्टेज, ग्रीन रूम, सेफ हाउस, वीआईपी पार्किंग के अलावा राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार हर वस्तु का निरीक्षण करते हुए समीक्षा किया।

निरीक्षण के क्रम में दोनों पदाधिकारियों ने उपायुक्त व एसएसपी को आवश्यक निर्देश देते हुए समय पर तैयारियों को पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम को लेकर सभी मोर्चे पर जोर-शोर से काम जारी है। निरीक्षण के दौरान धनबाद एयरपोर्ट में चल रही तैयारियों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार के अलावा आईआईटी, आईएसएम के साथ धनबाद पुलिस और जिला प्रशासन के तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुइयाँ पहाड़पुर के बच्चों ने संसदीय प्रणाली के गतिविधि का किया संचालन



राजगंज, (धनबाद), लोकतन्त्रीय व्यवस्था के तहत संसदीय प्रणाली देश की प्रशासकीय संचालन के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। विद्यालयी बच्चों के बीच इसकी समझ आवश्यक है।इसी के आलोक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल स्वरूप गतिविधि आधारित शिक्षण पर जोर देते हुए विद्यालयी बच्चों में इसके क्रियान्वयन को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुइयाँ पहाड़पुर के बच्चों ने संसदीय प्रणाली के गतिविधि का संचालन किया। विद्यालय में गठित बाल संसद द्वारा संसदीय प्रणाली की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। विद्यालय के वरीय शिक्षक, राजेश कुमार मंडल के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने गतिविधि के जरिए संसदीय प्रणाली को बखूबी समझने का प्रयास किया। बाल संसद की प्रधानमंत्री समेत सभी मंत्री अपने अपने कार्यों एवं दायित्वों को गतिविधि के जरिए समझ व जान पाए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत इस गतिविधि को सराहते हुए प्रधानाध्यापक सुबोध महतो ने विद्यालय के बाल संसद में शामिल सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। मौके पर सहायक शिक्षक रेवती नाथ महतो,विजय कुमार महतो आदि मौजूद थे।

# बाघमारा में कोयला चोरी का हुआ बड़ा खुलासा, सांसद सी पी चौधरी ने जारी की 5 मृतकों की सूची, प्रशासन पर लगाया आरोप

गिरिडीह, (धनबाद), बाघमारा थाना क्षेत्र में सांसद सी पी चौधरी ने गांडेय और ताराटांड के 5 मृतकों की सूची जारी कर कोयला चोरी के गहरे रहस्यों से पर्दा उठाया है। सांसद ने जोरदार आरोप लगाते हुए कहा कि कोयला चोरी में कौन-कौन शामिल है, यह बात सबके सामने स्पष्ट है, लेकिन प्रशासन जानबूझकर इस मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

सांसद चौधरी ने कहा कि जब तक अवैध कोयला चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होती, वे बाघमारा थाना में रहकर मामले को गंभीरता से उठाएंगे। सांसद के इस कदम पर स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की, जिससे माहौल और भी गरमाया।

इस बीच, भीमकनाली में एक अवैध कोयला लदा ट्रक, नंबर जेएच 10 डी डी-6555 खराब हो जाने से मामले की जटिलता और बढ़ गई है। एनडीआरएफ और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही, ब्लॉक 1 के जीएम जीसी साहा और ब्लॉक 2 के अधिकारियों ने अवैध खनन स्थलों की भराई के लिए सीआईएसएफ, पुलिस और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम भेजी है।

सांसद सी पी चौधरी के साथ जमशेदपुर विधायक सरयू राय भी घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा ले चुके हैं।

समाचार लिखे जाने तक सांसद सी पी चौधरी बाघमारा थाना में डटे हुए हैं और इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## 37 करोड़ की कर चोरी में शामिल दो आरोपी धनबाद से गिरफ्तार, डीजीजीआई ने भेजा जेल

धनबाद, धनबाद में जीएसटी चोरी के बड़े मामले में डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार शाम को जमशेदपुर से गई टीम ने धनबाद में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया।आरोपियों पर करीब 37 करोड़ रुपये के कर चोरी में फर्जी प्रमाण पत्र और टैक्स दस्तावेज तैयार करने का आरोप है।

बताया जा रहा है कि उन्होंने धनबाद के कई कारोबारियों के लिए फर्जीवाड़ा कर टैक्स चोरी में उनकी मदद की थी।सूत्रों के अनुसार, टीम को कई दिनों से इस गड़बड़ी की सूचना मिल रही थी। जांच के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

## दो श्रद्धालुओं की बाइक चोरी, मामला दर्ज

दुमकाःमसलिया प्रखंड के आस्ताजोड़ा गांव में स्थित बाबा दुबे मंदिर में सोमवार को पूजा-अर्चना के लिए आए दो श्रद्धालुओं की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इस घटना से श्रद्धालुओं में नाराजगी व असुरक्षा की भावना देखी गई। दोनों पीड़ितों ने मसलिया थाना में अलग-अलग आवेदन देकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और चोरी गई बाइकों की बरामदगी की मांग की है।पहली घटना मसलिया थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव निवासी विकास चंद्र पंडित के साथ घटी। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को वह बाबा दुबे की पूजा करने आस्ताजोड़ा आए थे। उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस काले रंग की बाइक मंदिर के समीप खड़ी की थी। पूजा के बाद जब वह शाम करीब साढ़े तीन बजे लौटे तो बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने बाइक की कीमत 60 हजार रुपये बताई है।वहीं, दूसरी चोरी की घटना देवघर जिले के सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के जितेंद्र कुमार मंडल के साथ हुई। उन्होंने बताया कि उनकी हीरो स्प्लेंडर दोपहर करीब 12:30 बजे चोरी कर ली गई। इस चोरी से उन्हें लगभग 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। दोनों श्रद्धालुओं ने मसलिया थाना में लिखित आवेदन देकर चोरी की गई मोटरसाइकिल की बरामदगी और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## 28 जुलाई से 18 सितंबर तक होगा फाइनेंशियल इंक्लूज़न सैचुरेशन कैंपेन का आयोजन

दुमकाःउपायुक्त के आदेशानुसार जामा प्रखण्ड अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में फाइनेंशियल इंक्लूजन सैचुरेशन कैंपेन का आयोजन किया जाना है। इसके तहत प्रखण्ड के सभी बैंक शाखाओं के द्वारा अपने संबंधित सेवा क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले पंचायत भवनों में शिविर का आयोजन कर उक्त क्षेत्र के बैंकिंग सेवाओं से वंचित वर्गो को इससे आच्छादित करने का काम किया जायेगा।इस कैंपेन का मुख्य उद्देश्य पुराने बन्द पड़े बैंक खातों का केवाईसी करना, नया बैंक खाता खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों, आवास योजना के लाभुकों का बैंक खाता का ई केवाईसी एवं बैंक खाते से आधार लिंक डीबीटी करना व जनता के बीच डिजिटल बैंकिंग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है।पंचायतवार कार्यक्रम निम्नप्रकार से निर्धारित किया गया है।भटनियां पंचायत में 28.07.2025 को बैंक ऑफ इंडिया,महारो.खटंगी में 29.07.2025 को इंडियन बैंक,परगोडीह.बेदिया 30.07.2025 को इंडियन बैंक बेदिया.सिमरा में 31.07.2025 को इंडियन बैंक,लक्ष्मीपूर.चिकनियां 01.08.2025 में झा०रा० ग्रामीण बैंक,चिकनियां. भैरवपुर में 02.08.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,जामा.सरसाबाद में 04.08.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,महारो.भुटोकोड़िया,05.08.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,चिकनियां. छैलापाथर,06.08.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,मसलिया. सिकटिया में 07.08.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,हरिपुर.लगला पंचायत में 08.08.2025 को भारतीय स्टेट बैंक,बारापलासी.नवाडीह,09.08.2025 को भारतीय स्टेट बैंक,गादीदेवली.थानपुर में 11.08.2025 को भारतीय स्टेट बैंक,जामा.टेंगधोवा में 08.09.2025 को भारतीय स्टेट बैंक,जामा. बारा में 09.09.2025 को भारतीय स्टेट बैंक,बारापलासी.पलासी पंचायत में 10.09.2025 को भारतीय स्टेट बैंक,बारापलासी.मोहुलबना,11.09.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,जामा.नाचनगड़िया में 12.09.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,चिकनियां.आसनजोर में 13.09.2025 को झा०रा० ग्रामीण बैंक,जामा.आसनसोल कुरूवा में 15.09.2025 को इंडियन बैंक,परगोडीह. तपसी में 16.09.2025 को इंडियन बैंक,लक्ष्मीपुर.चिगलपहाड़ी में 17.09.2025 को इंडियन बैंक,बेदियाएवं ढोदली पंचायत में 18.09.2025 को इंडियन बैंक.परगोडीह में आयोजित किया जाएगा.प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ विवेक किशोर द्वारा सभी पंचायत सचिव, मुखिया, ग्राम रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य प्रखण्ड-जामा को निर्देश दिया गया है कि उपरोक्त प्रस्तावित फाइनेंशियल इंक्लूजन सैचुरेशन कैंपेन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवनों में आयोजन हेतु सभी बैंक शाखाओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें.बीडीओ डॉ विवेक किशोर ने पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही उक्त शिविर के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए सभी योजनाओं के लाभुकों की

## उत्पाद विभाग की टीम के साथ धक्का मुक्की मामले में एफआईआर दर्ज

दुमका ःझारखंड - पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बेनागड़िया गांव के चंदन प्रसाद भगत उर्फ पप्पू भगत के घर अवैध शराब रखे जाने और उसका कारोबार करने की सूचना पाकर जब उत्पाद विभाग की टीम उनके घर पहुंची तो चंदन भगत और उनकी पत्नी गौरी भगत उग्र हो गए और टीम के साथ धक्का मुक्की और अभद्र व्यवहार करने लगे । इस वजह से उत्पाद विभाग की टीम को वापस लौटना पड़ा । इस बाबत थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है ।यंहा बता दे की काठीकुंड अंचल के उत्पाद निरीक्षक कुमार राहुल को यह सूचना मिली कि शिकारीपाड़ा के बेनागड़िया गांव के रहने वाले चंदन प्रसाद भगत उर्फ पप्पू भगत अपने घर में अवैध शराब रखे हुए हैं और उसकी बिक्री भी कर रहे हैं । जब कुमार राहुल अपनी टीम को लेकर उनके घर पहुंचे तो पाया कि बियर का बोतल जिसमें फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल लिखा हुआ है , वह काफी मात्रा में मौजूद है । जब टीम द्वारा उसकी जब्ती का प्रयास शुरू किया गया तो गृहस्वामी के सपोर्ट में एक युवक पंकज कुमार दास भी वहां पहुंच गया और उन लोगों ने उत्पाद विभाग के निरीक्षक कुमार राहुल और उनके कुछ सहयोगियों के साथ धक्का मुक्की शुरू कर दी । माहौल खराब होता देख टीम को बिना कार्रवाई किए हुए वापस लौटना पड़ा । वे वहां से सीधे शिकारीपाड़ा थाना पहुंचे और कुमार राहुल ने लिखित रूप से आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया । जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि हमारे साथ धक्का - मुक्की की गई और सरकारी काम में बाधा पहुंचाया गया । इस बाबत शिकारीपाड़ा कांड संख्या 79/25 दर्ज की गई है जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 (2) ,115 (2) और 132 अंकित किया गया है । इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम के साथ धक्का मुक्की की घटना हुई है । उन्होंने कहा कि इसमे केस दर्ज कर लिया गया है और अनुसंधान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

# उपायुक्त के निर्देश के आलोक में डीएमओ की कार्रवाई




**शिकारीपाड़ा में शाहिद बाला बाबा स्टोन यूनिट सील**

**जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण है पैनी नजर-आनंद कुमार**

दुमकाःजिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाने को लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार ने शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया में नियम विरूद्ध संचालित हो रहे क्रशर पर बुधवार को कार्रवाई की एवं सील कर दिया।

वही डीएमओ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा एवं अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में सलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगी। अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर रोक को लेकर डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया में शाहिद बाला बाबा स्टोन यूनिट संचालित हो रहे क्रशर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि क्रशर खनन विभाग के नियम विरूद्ध संचालित किए जा रहे है,जिसकी सूचना डीएमओ को दी जिस डीएमओ आनंद कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्रशर को सील करने का निर्देश दिया जिसके आलोक में खान निरीक्षक द्वारा क्रशर को सील कर दिया गया । डीएमओ आनंद कुमार ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण या परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियम विरूद्ध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने किया नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ कमलेश्वर प्रसाद से शिष्टाचार भेट



दुमकाःझारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, ज़िला शाखा दुमका के प्रतिनिधि मंडल ने पुष्प गुच्छ देकर दुमका ज़िला के नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ कमलेश्वर प्रसाद का स्वागत किया। मौके पर संघ के पदाधिकारी गण तपन कुमार ठाकुर, ज़िला अध्यक्ष कैलाश प्रसाद साह, ज़िला सचिव शैलेन्द्र कुमार, ज़िला कोषाध्यक्ष सच्चिदानन्द सोरेन, मीडिया प्रभारी,मनोज कुमार, प्रखंड सचिव जरमुंडी मनमोहन कुमार, प्रखंड सचिव जामा मुन्नवर हुसैन, मरियम टुडू, नमिता रानी मंडल आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी कुंभनाथ सिंह को एम. एस. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा किया गया आमंत्रित



धनबाद । बुधवार को समाजसेवी कुंभनाथ सिंह को एम. एस. म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण 31 जुलाई 2025 को रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित मशहूर गायक मोहम्मद रफी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने हेतु दिया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समिति के सम्मानित सदस्य गुलाम सरवर, बबलू, मुमताज,इसराफिल,मदनदा,सचिनकुमारसहितकईगणमान्यलोगउपस्थितरहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य रफीक जी के कला और समाज के प्रति योगदान को याद करना एवं उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

## यूजीसी नेट परीक्षा में रिमझिम ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए किया क्वालीफाई

दुमकाःविश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में दुमका की रिमझिम केशरी ने सफलता पाई है । रिमझिम को अंग्रेजी लिटरेचर में 96.96 परसेंटाइल प्राप्त हुए और वह असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई की । यह परीक्षा पिछले माह 27 जून को देश स्तर पर आयोजित की गई थी । रिमझिम ने स्नातक की पढ़ाई दुमका महिला महाविद्यालय से की । जबकि अंग्रेजी साहित्य से स्नातकोत्तर की पढ़ाई सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी , रांची से की और इसी वर्ष फाइनल परीक्षा पास की है । रिमझिम शिक्षण के क्षेत्र में अपना केरियर बनाना चाहती है । अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए उसने कहा कि इस सफलता में मेरे सभी शिक्षकों का बेहतर मार्गदर्शन है । इसके साथ ही सभी परिवार वालों का योगदान है , जिन्होंने लगातार मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# क्रेडो वर्ल्ड स्कूल का संगीत के क्षेत्र में ऐतिहासिक विजय अभियान






धनबाद, क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, धनबाद की प्रतिभावान संगीत मंडली क्रिंडेंजा सिंफनी ने 2025 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस गौरवशाली अवसर पर विद्यालय की संगीत शिक्षिक अश्वनी आनंद को "राष्ट्रीय कला गुरु सम्मान" से सम्मानित किया गया 1 जो सम्पूर्ण क्रेडो परिवार के लिए गर्व की बात है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में अपनी कला प्रतिभा का अद्वितीय प्रदर्शन कर कई प्रथम पुरस्कार अर्जित किए। जिसमें, देवांश प्रसाद (कक्षा VII) बांसुरी वादन एकल, प्रथम पुरस्कार, स्निग्धा हालदार (कक्षा VII), शास्त्रीय गायन एकल, प्रथम पुरस्कार, व्योम अग्रवाल (कक्षा VII), वरिष्ठ तबला एकल, प्रथम पुरस्कार, दिवित चक्रवर्ती (कक्षा V), कीबोर्ड एकल, प्रथम पुरस्कार, रुद्राक्ष डोकानिया (कक्षा IX), लाइट वोकल सोलो, प्रथम पुरस्कार, कौशिकी चक्रवर्ती (कक्षा III), जूनियर वोकल सोलो, प्रथम पुरस्कार,अनंत अग्रवाल (कक्षा IX), वरिष्ठ तबला एकल, प्रथम पुरस्कार, तेजस भारद्वाज व गर्गी श्रीवास्तव (कक्षा III), युगल गीत, प्रथम पुरस्कार, ईशिता पाल (कक्षा II), सब-जूनियर आधुनिक वोकल सोलो, द्वितीय पुरस्कार, काव्या शर्मा (कक्षा II), सब-जूनियर लाइट वोकल सोलो, प्रथम पुरस्कार, एन्नाया अग्रवाल (कक्षा III), जूनियर कीबोर्ड सोलो, द्वितीय पुरस्कार, इस अद्वितीय सफलता पर विद्यालय के निदेशक, हर्षित अग्रवाल ने कहा, हमारे विद्यार्थियों ने संगीत के क्षेत्र में जो श्रेष्ठता दिखाई है, वह उनकी कठिन मेहनत और हमारे शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

यह सफलता हमारे पूरे विद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वही विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शर्मिला सिंहा ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हम अपने विद्यार्थियों पर गर्व करते हैं। यह सम्मान न केवल विद्यालय का, अपितु पूरे धनबाद क्षेत्र का है। बच्चों की यह कला यात्रा यहीं नहीं रुकेगी, हम इन्हें और ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

क्रेडो वर्ल्ड स्कूल , धनबाद की यह जीत यह सिद्ध करती है कि कला, शिक्षा के साथ यदि समर्पण और परिश्रम से जुड़ जाए तो सफलता सुनिश्चित मिलती है।

# कोल इंडिया के 'स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला' के अंतर्गत प्रख्यात लेखिका अनुजा चंद्रमौली का व्याख्यान

## कोयला नगर, सामुदायिक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीसीसीएल सहित अन्य कोयला कंपनियों के प्रतिभागी हुए शामिल





कोल इंडिया लिमिटेड की स्थापना के 50 स्वर्णिम वर्षों के उपलक्ष्य में वर्ष भर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में 'स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला' के अंतर्गत आज बीसीसीएल के सौजन्य से एक विशिष्ट एवं प्रेरणादायी व्याख्यान समारोह का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम कोयला नगर स्थित बीसीसीएल के कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ। बीसीसीएल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 'फाइंडिंग योर इनर लीडर' विषय पर देश की सुप्रसिद्ध लेखिका सुश्री अनुजा चन्द्रमौली ने मुख्य वक्ता के रूप में कोयला कर्मियों को अभिप्रेरित किया। सुश्री चन्द्रमौली भारत की बेस्ट-सेलर राइटर है और उन्हें ऐतिहासिक तथा पौराणिक कथानक एवं फंतासी की बेहतरीन लेखिकाओं में से एक माना जाता है। बता दे कि कोल इंडिया की स्थापना के 50 वर्षों के पूरा होने के अवसर पर कोल इंडिया द्वारा 'स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला' के अंतर्गत कोल इंडिया सहित उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों में भारत के किसी सुप्रसिद्ध शख्सियत, प्रेरक वक्ता के व्याख्यान आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज के व्याख्यान का आयोजन बीसीसीएल द्वारा किया गया, जिसका सीधा प्रसारण बीसीसीएल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरलीकृष्ण रमैया ने की। अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी), योजना एवं परियोजना, श्री मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी, श्री अमन राज सहित दीक्षा महिला मंडल की सम्मानित सदस्य उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्बिता रमैया, श्रीमती नमिता सहाय, श्रीमती अर्चना अग्रवाल के अतिरिक्त सभी बोर्ड सदस्य, यूनियन प्रतिनिधि तथा कोयला भवन मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के कर्मी भी यूट्यूब चैनल के माध्यम से वर्चुअली इस आयोजन से जुड़े रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरली कृष्ण रमैया ने सुश्री अनुजा चंद्रमौली का स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ए.के. रॉय ने अन्य सभी गणमान्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत-अभिनन्दन किया। सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के पश्चात राष्ट्रगान एवं कोल-इंडिया गीत के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में सुश्री अनुजा चंद्रमौली ने नेतृत्व को केवल पद या अधिकार नहीं, बल्कि आत्मज्ञान, संवेदना एवं जिम्मेदारी से जोड़ा। उन्होंने पौराणिक उद्धरणों के जरिये यह बताने का प्रयास किया कि नेतृत्व का उद्गम मनुष्य के भीतर से ही होता है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने मूल्यों, साहस और करुणा से स्वयं को जोड़ते हैं, तभी हम समाज में प्रभावशाली नेतृत्व दे पाते हैं। सच्चा नेता वह है जो खुद में अनुशासन और आत्मबल लाकर दूसरों को भी प्रेरित कर सके।निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरली कृष्ण रमैया ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य अपने नेतृत्व क्षमता का विकास अपनी उपलब्धियों का उत्सव मनाकर नहीं अपितु अपनी कमियों को पहचान एवं उसे दूर करके कर सकता है। उन्होंने कहा कि आत्म-प्रेरणा और निरंतर सीखने की भावना ही उत्कृष्टता की कुंजी है और इसी के जरिये हम एक बेहतर इंसान और लीडर बन सकते हैं। अतिथियों के संबोधन के पश्चात दीक्षा महिला मंडल के सदस्यों ने सुश्री चंद्रमौली को उपहार देकर अपना सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन श्री ए.के. रॉय महाप्रबधक (मानव संसाधन) ने आभार ज्ञापन के साथ किया। मंच संचालन देवांशी जैन एवं तृप्ति मौर्या ने किया।

### गया पुल अंडरपास में जल-जमाव एवं सड़को पर हुए गड्ढे के कारण

## ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान हेतु धनबाद उपायुक्त ने की बैठक

### सड़क मरम्मति, नालियों की सफाई एवं पाइपलाइन लीकेज त्वरित दुरुस्त करने के दिए निर्देश



धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में गया पुल अंडरपास में हो रहे जल जमाव, सड़को पर गड्ढे, ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान हेतु रेलवे, नगर निगम, पीएचइडी एवं आरसीडी के साथ समन्वय बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान आरसीडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सड़क पर नालियों के पानी एवं जलापूर्ति योजना की पाइपलाइन से लीकेज के कारण निकलने वाले पानी से सड़कों पर हमेशा गड्ढे हो जाते हैं। जिस कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति निरंतर बनी रहती है। इस दौरान उपायुक्त ने गया पुल अंडरपास में रेलवे द्वारा बहाई जा रही नालियों की पानी निकासी की व्यवस्था एवं रेलवे द्वारा निर्मित नालियों की सफाई हेतु रेलवे के पदाधिकारियों एवं नगर निगम को निर्देशित किया।

साथ ही श्रमिक चौक में हो रही पाइपलाइन लीकेज के कारण जर्जर हो चुकी सड़क को लेकर उपायुक्त ने पीएचइडी एवं आरसीडी के अभियंता को समस्या का त्वरित समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त, आदित्य रंजन ने कहा कि आपसी समन्वय के साथ आप सभी समस्याओं का निराकरण करें। गया पुल अंडरपास में छोटी सी समस्या को लेकर जाम की समस्या निरंतर लगी रहती है। आम जनमानस को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु यथा शीघ्र जो किया जा सकता है। उसे आपसी समन्वय के साथ सुनिश्चित करें। बैठक में आरसीडी के कार्यपालक अभियंता, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, पीएचइडी 1 के कार्यपालक अभियंता एवं रेलवे के पदाधिकारीगण भी मौजूद थे।

## बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों के आजीविका हेतु उपायुक्त ने की पहल

### स्वरोजगार से जोड़ने हेतु दो सहयोग समितियों के बीच किया गया निबंधन प्रमाण पत्र वितरण



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन द्वारा बेलगड़िया टाउनशिप में विस्थापित लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सहायक निबंध सहयोग समितियां, धनबाद से निर्गत दो सहयोग समितियों का निबंधन प्रमाण पत्र वितरण समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में किया गया।बेलगड़िया टाउनशिप मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड एवं बेलगड़िया ई रिक्शा सहयोग समिति लिमिटेड को निबंधन प्रमाण पत्र उपायुक्त, आदित्य रंजन द्वारा सौंपा गया। उपायुक्त ने कहा कि एक और जहां बेलगड़िया टाउनशिप के स्थानीय लोगों को वहां अवस्थित तालाबों में मत्स्य पालन कर समिति सदस्य को स्वरोजगार की प्राप्ति होगी। वहीं दूसरी ओर बेलगड़िया ई रिक्शा की समिति के माध्यम से इलेक्ट्रिक टोटो से बेलगड़िया टाउनशिप क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध हो सकेगा। मौके पर उपायुक्त, आदित्य रंजन, सहायक निबंधक, सहयोग समितियां, डब्लू कुमार साव, सहायक नगर आयुक्त, प्रसुन्न कौशिक, जेआरडीए के पदाधिकारी, बीसीसीएल के पदाधिकारी एवं दोनों सहकारी समितियां के सदस्य मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया राष्ट्रपति के रूट, कार्यक्रम स्थल आवसान सहित अन्य तैयारियां का बारीकी से निरीक्षण






धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने बुधवार को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के आगामी 1 अगस्त 2025 को आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने एयरपोर्ट से निरीक्षण आरंभ किया। इसके बाद धैया, बरटांड, सिटी सेंटर चौक, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद सदर सीएचसी, रणधीर वर्मा चौक, जिला परिषद रोड, पुलिस लाइन होते आईआईटी आईएसएम पहुंचे। आईआईटी आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुनः वहां से धनबाद एयरपोर्ट तक वापसी रूट का भी बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं आईआईटी,आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल, प्रेसिडेंट सुइट, राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए निर्धारित आवासन, ग्रीन रूम, सेफ हाउस, वीआईपी पार्किंग के अलावा राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार हर वस्तु का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि सभी एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम को लेकर सभी मोर्चे पर जोर-शोर से काम जारी है। आईआईटी, आईएसएम भी अपनी ओर से सभी तैयारियां अच्छे ढंग से कर रही है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति के निर्धारित रूट पर सुरक्षा के एक-एक बिंदु का जायजा लिया है। रूट पर आने वाले सभी कट, रोड जंक्शन, हाई राइज बिल्डिंग, वैसे घर जिनके दरवाजे सड़क पर खुलते हैं, की सूची बनाकर वहां मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। माननीय राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल में शामिल सुरक्षा के सभी प्रबंध किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने धनबाद एयरपोर्ट में चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण में उपायुक्त, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार, आईआईटी, आईएसएम के रजिस्ट्रार, प्रबोध पांडेय, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, डीएसपी मुख्यालय 1, शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, नौशाद आलम, धनबाद थाना के इंस्पेक्टर, राम नारायण ठाकुर, डीटीओ, दिवाकर सी द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त, प्रकाश कुमार, सिटी मैनेजर, सुमित तिग्गा, धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी, शशिकांत सिंकर, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, चंदन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, नारायण राम, बीएन सहदेव, एनडीसी, दिपक कुमार दुबे के अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे।

# आईआईटी, आईएसएम, धनबाद में नए पीजी छात्रों के लिए आयोजित किया गया इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन प्रोग्राम





धनबाद। आईआईटी,आईएसएम, धनबाद में बुधवार को नए एडमिट हुए पोस्ट ग्रेजुएट पीजी छात्रों के लिए इंडक्शन-कम-ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पेनमान ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया 1 जिसमें एम टेक, एम एस सी, टेक, एम ए, एम बी ए, और अन्य पीजी कोर्सों में एडमिशन लेने वाले छात्रों को संस्थान के नियम, सुविधाएं, रिसर्च और इनोवेशन के मौके, खेल और हॉस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संस्थान के डायरेक्टर प्रो० सुकुमार मिश्रा ने छात्रों का स्वागत किया और कहा, एम टेक कोर्स छात्रों के रिसर्च करियर की शुरुआत होती है। बी टेक, में जहां स्टूडेंट सिर्फ कोर्स और सिलेबस तक सीमित रह सकते हैं, वहीं एम टेक के छात्रों को इसके बाहर जाकर नई चीजों को एक्सप्लोर करना होगा।

उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने कोर्स के मुताबिक अलग-अलग लैब में काम करना होगा और इनोवेशन की दिशा में सोचना होगा। साथ ही उन्होंने ऑन-कैंपस टीचिंग-लर्निंग मोड के फायदे बताते हुए छात्रों से कहा कि वे इसका पूरा फायदा उठाएं। आगे उन्होंने कहा की ऑन-कैंपस पढ़ाई में जो साथ मिलकर सीखने की ताकत है, वो कहीं और नहीं मिलती। अगर किसी को कुछ असुविधा लगे तो उसे कमजोरी नहीं, बल्कि एक मौके की तरह लें 1 साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर अपने टीचर्स से खुलकर बात करें और किसी भी तरह के अनुशासनहीन व्यवहार से बचें, क्योंकि यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रो. एम.के. सिंह, डीन, एकेडमिक ने छात्रों को कोर्स स्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर सेमेस्टर 14 हफ्ते का होता है, जिसमें मिड सेमेस्टर, एंड सेमेस्टर और क्विज़ होते हैं। क्विज़ 20%, मिड सेमेस्टर 30% और एंड सेमेस्टर 50% वेटेज रखता है। उन्होंने परीक्षा में किसी भी तरह की गलत गतिविधियों से बचने की चेतावनी दी।

प्रो. एस.के. गुप्ता, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर ने हॉस्टल, स्टूडेंट सेंटर और स्पोर्ट्स से जुड़ी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट सेंटर में 23 स्टूडेंट क्लब्स हैं, जो छात्रों के टैलेंट को निखारने में मदद करते हैं। प्रो. सागर पाल, डीन, रिसर्च ने संस्थान के रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में बताया और कहा कि यहां देश के टॉप लेवल की रिसर्च फैसिलिटीज मौजूद हैं। प्रो. आलोक दास ने इनोवेशन हब की विस्तृत जानकारी दी 1 जिसमें नरेश वशिष्ठ टीनकेरिंग और इनोवेशन सेंटर, टेक्समिन (टेक्समीन), सीआईएल तथा एसीआईसी जैसे प्लेटफॉर्म्स शामिल हैं, जो छात्रों को इनोवेटिव आइडियाज पर काम करने का मौका मिलता हैं 1

प्रो. अजय मंडल, इंचार्ज, सेंट्रल लाइब्रेरी ने छात्रों को डिजिटल और फिजिकल लाइब्रेरी से जुड़ी सभी सुविधाओं के बारे में बताया जो 24x7 उपलब्ध हैं।कार्यक्रम के अंत में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया गया 1 जिसमें छात्रों ने फैकल्टी से सवाल पूछे और संस्थान के माहौल को बेहतर तरीके से समझा। यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम नए छात्रों को आई आई टी, आई एस एम धनबाद की अकादमिक और सांस्कृतिक दुनिया में प्रवेश दिलाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ हैं 1

## धनबाद रेल मंडल के सभागार में बाल-संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन



धनबाद, धनबाद मंडल सभागार में मंडल रेल प्रबंधक, अखिलेश मिश्र की उपस्थिति में सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद एवं किड्स गार्डन, झरिया के स्कूली बच्चों के साथ "बाल-संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया | मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बच्चों का स्वागत कर उन्हें रेलवे प्रणाली एवं कैरियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया | कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मंडल रेल प्रबंधक से न केवल रेलवे में कैरियर की संभावनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की, बल्कि उनके शैक्षणिक अनुभवों एवं कैरियर यात्रा को लेकर भी संवाद किया 1 इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा एक संक्षिप्त पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से धनबाद मंडल में रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं 1 जिससे बच्चों को रेल परिचालन एवं संरचना के विषय में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ 1 इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, विनीत कुमार, स्कूली बच्चों के शिक्षकगण एवं मंडल के कर्मचारीगण भी मौजूद थे 1 उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद, के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को मोहम्मद इकबाल,वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी 1

## टिकट चेकिंग कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र

धनबाद, मंडल रेल प्रबंधक के दिशा-निर्देश में धनबाद मंडल में निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, तथा टिकट चेकिंग कर्मियों को प्रोत्साहित करने हेतु समय-समय पर प्रोत्साहित भी किया जाता रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद, मोहम्मद इकबाल द्वारा मंडल के टिकट जांच विभाग के शीर्ष 10 टिकट चेकिंग कर्मियों को अप्रैल 2025 से जून 2025 माह के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु "उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र" प्रदान किया गया। इन टिकट चेकिंग कर्मियों ने अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए रेलवे के लिए सर्वाधिक राजस्व अर्जित किया। इस अवधि में शीर्ष 10 कर्मियों द्वारा 8045 यात्रियों को अनियमित यात्रा करते हुए पकड़ा 1 जिनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार यात्रा करने वाले तथा बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे। इस दौरान 46,04,212/- रूपए का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। इनमें भरत कुमार और कैलाश यादव का कार्य सराहनीय रहा। ज्ञात हो की वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मी राजस्व वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये कर्मी रेलवे की "फ्रंटलाइन टीम" का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनके अथक प्रयासों से रेलवे न केवल अधिक अनुशासित बल्कि आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहा है।इस अवसर पर सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद, एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग भी मौजूद थे।उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को मोहम्मद इकबालवरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी 1

# युवाओं के कौशल विकास हेतु बीसीसीएल और सीपेट रांची के बीच एमओयू

## कंपनी की सीएसआर पहल के अंतर्गत 160 परियोजना प्रभावित युवाओं को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण, 1.02 करोड़ है, कुल बजट



धनबाद। युवाओं की तकनीकी दक्षता को बेहतर कर उनके कौशल विकास के उद्देश्य से आज कोयला भवन मुख्यालय में बीसीसीएल और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), रांची के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत बीसीसीएल के परिचालन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले 160 परियोजना प्रभावित युवाओं (पीएपी) को पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग से जुड़ें विभिन्न ट्रेड्स में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य चयनित युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के लिए 1.02 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है, जिसे बीसीसीएल अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत वहन करेगा।

उल्लेखनीय है कि, युवाओं के कौशल विकास के लिए बीसीसीएल और सीपेट रांची पिछले पाँच वर्षों से परस्पर सहयोग करते हुए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित कर रहे हैं और अब तक पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग से जुड़ें विभिन्न ट्रेड्स में सैकड़ों युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षित छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ देश भर के प्रतिष्ठित संस्थानों में नियोजन भी प्राप्त हुए हैं।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री समीरन दत्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अवसर पर बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), श्री मुरली कृष्ण रमैया, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री कुमार मनोज तथा सीएसआर टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहें। वहीं सीपेट रांची की ओर से निदेशक एवं प्रमुख श्री अवनीत कुमार जोशी और प्रशिक्षण समन्वयक श्री मासूम हैदर ने कार्यक्रम में भाग लिया।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने कहा कि आज का यह समझौता केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के कौशल विकास एवं उनके रोजगार के लिए सार्थक प्रयासों की प्रतिबद्धता है। बीसीसीएल, अपने सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत सदैव यह प्रयास करता रहा है कि हमारे आस-पास के समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंनें कहा कि आने वाले समय में बीसीसीएल द्वारा इस प्रकार की और गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी जिससे अधिकाधिक युवा और जन-समुदाय लाभान्वित हो सकें। बीसीसीएल और सीपेट रांची के इस समन्वित प्रयास से क्षेत्रीय युवाओं को जहां एक ओर आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उनके लिए उद्योग जगत में करियर निर्माण के नए द्वार भी खुलेंगे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।